सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.0 न्यू | 13.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78472.87 |
| निफ्टी | 23727.65 |
| सोना 77,450 | चांदी 92,085 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 26 दिसंबर 2024 | 12 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 8, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




एसपी इल्मा अफरोज मेरे कहने पर नहीं गई छुट्टी : राम कुमार

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### हरियाणा में लगे भूकंप के झटके, 3.5 तीव्रता



**खरखौदा।** हरियाणा के खरखौदा क्षेत्र में बुधवार को 12 बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र खरखौदा रहा। हालांकि, किसी भी प्रकार की कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप के झटके लगने पर लोग डर कर घरों से बाहर निकल आए।

### लांडा हरिके गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लांडा हरिके गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। ये तीनों फिरौती के एक मामले में आरोपी थे। बुधवार तड़के तरनतारन जिले के रहने वाले कुलदीप सिंह उर्फ लाडू, यादविंदर सिंह उर्फ यादा और प्रभजीत सिंह उर्फ जज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपाधीक्षक अतुल सोनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि तीनों जोहल ढाई गांव के खेतों में छिपे हुए हैं।

### ईरान ने व्हाट्सऐप और गूगल प्ले से बैन हटाया




**तेहरान।** ईरान की सरकार ने कहा कि उसने दो साल से अधिक समय के बाद 'व्हाट्सऐप' और 'गूगल प्ले' से प्रतिबंध हटा लिया है। देश की 'सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइबर स्पेस' ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की अध्यक्षता में बैठक में यह निर्णय लिया। ईरान के संचार मंत्री सत्तार हेशमी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस निर्णय को प्रतिबंध हटाने की दिशा में 'पहला कदम' बताया।

### राजस्थान में सीमा पर पाक घुसपैठिया ढेर



**जयपुर।** बीएसएफ के जवानों ने गंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध घुसपैठिये को मार गिराया। संदिग्ध भारतीय सीमा में लगे खंभे की तरफ आने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी दी। जब वह नहीं रुका तो जवानों ने गोली चला दी। इसमें उसकी मौत हो गई। संदिग्ध के पास पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- इच्छाशक्ति के बिना लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता: सुक्खू -पेज 3
- संसद को राष्ट्र का मंदिर समझें पार्टियों के नेता: शांता -पेज 4
- गोलीकांड में बाल-बाल बचा था तीसरा व्यक्ति -पेज 10
- पीएम ने रखी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला -पेज 13
- बॉक्सिंग-डे टेस्ट में रोमांचक मुकाबले की संभावना -पेज 14

# हिमाचल में बर्फबारी से तीन एनएच और 134 सड़कें बंद

## अटल टनल से रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही बंद, 65 ट्रांसफार्मर ठप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में बर्फबारी होने के बाद जनजीवन प्रभावित हुआ है। अभी भी 3 एनएच, 134 सड़कें, 65 ट्रांसफार्मर और 18 पेयजल योजनाएं ठप हैं। वहीं, कुल्लू जिला प्रशासन ने अटल टनल से रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है।

पर्यटकों को मनाली से आगे सोलंगनाला तक ही जाने की इजाजत दी जा रही है। देशभर से मनाली पहुंचने वाले पर्यटक रोहतांग टनल नहीं जा पाएंगे। कोकसर से अटल टनल, रोहतांग और केलांग के बीच सिर्फ फोर बाई फोर वाहनों को ही जाने की इजाजत है, क्योंकि रोहतांग से मनाली लौटते समय वाहन फिसल रहे हैं।




हिल्स स्टेशनों में 80 से 90 फीसदी पहुंची ऑक्यूपेंसी

### प्रदेश के हिल्स स्टेशनों में पर्यटकों की भीड़

**प्रदेश** के हिल्स स्टेशनों में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी है। खासकर मनाली और शिमला में पर्यटक काफी मात्रा में पहुंच रहे हैं। हिल्स स्टेशनों में 80 से 90 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी पहुंची है। मौसम विभाग के अनुसार, वीरवार को प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा और धूप खिलने का पूर्वानुमान है।

### 5 जिलों में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी

**मौसम** विभाग ने ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी, कांगड़ा में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बीते 24 घंटे के दौरान तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मनाली, भुंतर और मंडी का अधिकतम तापमान नॉर्मल से 9 से 10 डिग्री कम हुआ है। शिमला का अधिकतम तापमान सामान्य से 7.5 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद 6.2 डिग्री सेल्सियस रह गया है। शिमला का न्यूनतम तापमान भी -1 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे तक धूप खिलेगी। बर्फबारी के बाद से प्रदेश में ठंड काफी बढ़ गई है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

### प्रदेश में 27 से होगा पश्चिमी विक्षोम सक्रिय

**27** दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोम सक्रिय होगा। इससे 27 की रात और 28 दिसंबर को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में अच्छी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। बर्फबारी के बाद देशभर का टूरिस्ट पहाड़ों का रुख करने लगा है।

# कजाकिस्तान में विमान क्रैश 30 से ज्यादा लोगों की गई जान

## अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के लिए भरी थी उड़ान

एजेंसी, मास्को

**अजरबैजान** एयरलाइंस का विमान कजाकिस्तान के अकताऊ शहर में क्रैश हो गया। कजाकिस्तान के आपात मंत्रालय ने कहा कि हादसे में कम से कम 28 लोग बच गए हैं, जिसका मतलब है कि 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। मंत्रालय के अनुसार, अब तक चार शव मिल चुके हैं। मंत्रालय ने बुधवार को टेलीग्राम पर एक बयान में पुष्टि की कि विमान में चालक दल के पांच सदस्यों समेत 67 लोग सवार थे। दुर्घटना में जीवित बचे 28 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अजरबैजान एयरलाइंस ने कहा कि उसके द एंब्रेयर 190 विमान को आपात स्थिति में शहर से तीन किलोमीटर दूर उतरना पड़ा। वहीं, 52 टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

विमान को अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के शहर ग्रोंजी की उड़ान भरनी थी। रूस की संघीय हवाई परिवहन एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि विमान से एक पक्षी के टकराने के बाद पायलट ने विमान को अकताऊ की ओर मोड़ने का फैसला किया और आपात स्थिति में उसे उतारना पड़ा। एम्ब्रेयर 190 दो जेट इंजन वाला विमान है। इसे रीजनल एयर कनेक्टिविटी यानी कम दूरी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नैरो बॉडी के इस विमान को 2004 में लांच किया गया था। अगले साल यानी 2005 में इसकी कॉमर्शियल उड़ानें शुरू हुई थीं। अलग-अलग सिटिंग अरेंजमेंट के मुताबिक इसमें यात्री और क्रू मेंबर मिलाकर 90 से 98 लोग सफर कर सकते हैं। यह विमान सिंगल-आइल है यानी इसमें दोनों तरफ सीट्स और बीच में गैलरी होती है। एंब्रेयर 190 जेट में दो टर्बोफैन इंजन लगे होते हैं, जिससे यह 4000 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर सकता है।



### कहां के कितने यात्री

| | |
|---|---|
| अजरबैजान | 37 |
| रूस | 16 |
| कजाकिस्तान | 6 |
| किर्गिस्तान | 3 |

### दावा : पक्षी से टकराया विमान

**दावा** किया जा रहा है कि उड़ान भरने वाले एम्ब्रेयर 190 एएचवाई-8243 विमान से एक पक्षी टकरा गया। इस वजह से विमान के पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग के लिए अकताऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। हालांकि, इससे पहले कि विमान लैंड कर पाता, वह स्टीयरिंग फेल होने की वजह से क्रैश हो गया और उसमें धमाके के साथ आग लग गई। फिलहाल आग को बुझा लिया गया है।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में की एयर स्ट्राइक, 46 की मौत

एजेंसी, काबुल

**पाकिस्तान** ने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तानी तालिबान के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले पाकिस्तानी सीमा से लगे अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के पहाड़ी इलाकों में किए गए।

एयर स्ट्राइक में कम से कम 46 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, हमले में पाकिस्तानी तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ट्रेनिंग सेंटर को तबाह किया है। अधिकारियों ने कई आतंकियों के मरने का दावा किया।



हालांकि, यह साफ नहीं है कि पाकिस्तानी विमान अफगानिस्तान में कितने भीतर गए और हमले कैसे किए। इस साल पाकिस्तान ने दूसरी बार अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की है।

### अफगानिस्तान बोला जवाबी कार्रवाई करेंगे

**अफगानिस्तान** के रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक की निंदा की है। काबुल ने आरोप लगाया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों समेत आम नागिरकों को निशाना बनाया गया है। अफगानिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर नाराजगी जताई। मंत्रालय ने लिखा कि इस तरह के एकतरफा कदम किसी समस्या का समाधान नहीं हैं। अफगानिस्तान ने एयर स्ट्राइक का जवाब देने की बात कही।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर एनडीए के नेताओं ने की बैठक

# एक देश, एक चुनाव सहित कई मुद्दों पर बनाई रणनीति

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं ने बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक की। नेताओं ने देश की राजनीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में एनडीए के नेताओं ने आगामी चुनावों और एक देश-एक चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर रणनीति बनाई।

एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव पर गठबंधन के सभी सदस्य समर्थन में हैं और इसे आगामी चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। वहीं, एनडीएम में बेहतर तालमेल और समन्वय को लेकर चर्चा की गई। एक देश-एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आठ जनवरी को बैठक होगी, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि इसमें खासतौर पर 'सुशासन' और राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सुशासन अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल का एक अहम हिस्सा था। एनडीए के नेताओं ने इस आदर्श को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंज सिंह, अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और जनता दल (सेक्युलर) के नेता और केंद्रीय मंत्री मंत्री एचडी कुमार स्वामी शामिल हुए।



इसके अलावा, बैठक में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) के नेता जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, भारत धर्मजन सेना के प्रमुख तुषार वेलापल्ली भी मौजूद थे।

### उत्तराखंड में बस खाई में गिरी, चार की मौत

**भीमताल।** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के भीमताल में बड़ा हादसा हो गया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी आ रही रोडवेज बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग के आमडाली के पास गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं। बस में 27 लोग सवार थे। मृतकों में दो महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। वहीं, उत्तराखंड के भीमताल में हुए बस हादसे में मृतकों के परिवारों को उत्तराखंड सरकार ने 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। गंभीर रूप से घायल लोगों के परिवारों को 3 लाख रुपए और सामान्य रूप से घायल व्यक्तियों के परिवारों को 15 से 25 हजार रुपए मुआवजा मिलेगा।

# कांग्रेस ने केंद्र व दिल्ली सरकार के खिलाफ जारी किया श्वेत पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ एक 'श्वेतपत्र' जारी किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि दिल्ली की दुर्दशा के लिए दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 'मौका-मौका, हर बार धोखा' शीर्षक से श्वेतपत्र जारी किया। इसमें दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की कथित वादाखिलाफी का उल्लेख किया है। यह श्वेतपत्र जारी करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह श्वेत पत्र दिल्ली और केंद्र सरकार के 'काले कारनामों' के बारे में है। दिल्ली सरकार और भाजपा सरकार एक-दूसरे पर आरोप लगाती रहती हैं, जबकि परेशान जनता होती है, जो इन दोनों के बीच फंसी है। माकन ने आरोप लगाया कि इन दोनों सरकारों ने बीते कई वर्षों में दिल्ली को नफरत का बाजार बना दिया है।




### ईडी ऑफिस शिमला में सीबीआई की रेड




**शिमला।** ईडी ऑफिस शिमला में सीबीआई की रेड पड़ी है। सूत्रों के अनुसार, शिमला प्रवर्तन विभाग कार्यालय में तैनात अतिरिक्त निदेशक विकास दीप को लेकर सीबीआई चंडीगढ़ ने रेड डाली है। यह रेड किसी नामालूम व्यक्ति की ओर से रिश्वत मामले में थी, जो सीबीआई चंडीगढ़ अतिरिक्त निदेशक विकास दीप को ट्रैप करने में असफल रही है। विकास दीप पहले ही भाग चुका था। स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# पुष्पा-2 टीम ने विक्टिम फैमिली को दिए 2 करोड़

एजेंसी, हैदराबाद

**हैदराबाद** में पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को पुष्पा फिल्म की टीम ने 2 करोड़ रुपए की मदद की है। अल्लू अर्जुन के पिता ने बताया कि अल्लू अर्जुन ने एक करोड़ रुपए दिए हैं, जबकि पुष्पा के डायरेक्टर सुकुमार और मैत्रेयी प्रोडक्शन हाउस ने 50-50 लाख रुपए दिए हैं।

दरअसल, 4 दिसंबर को फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के समय हैदराबाद के संध्या थियेटर में भगदड़ मची थी। पुलिस ने अल्लू अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था।



### सीएम के खिलाफ बोले तो नहीं होने देंगे फिल्म रिलीज : रेड्डी

**तेलंगाना** के कांग्रेस विधायक भूपति रेड्डी ने एक्टर अल्लू अर्जुन को चेतावनी दी है कि वे सीएम रेवंत रड्डी के खिलाफ किसी भी तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे। अल्लू अर्जुन ने ऐसा किया तो राज्य में उनकी फिल्में रिलीज नहीं होंने देंगे।


**निराशा** हर साल टीचिंग के लिए भारत सहित अमेरिका, रूस और नेपाल के आते हैं अनुयायी

# धर्मगुरु दलाईलामा नहीं जाएंगे बोधगया

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

**धर्मगुरु** दलाईलामा इस बार बिहार के बोधगया नहीं जाएंगे। इस खबर से कारोबारियों को करीब 100 करोड़ रुपए के नुकसान का झटका लगा है।

दलाईलामा पिछले कुछ सालों से दिसंबर माह में बोधगया टीचिंग के लिए जाते थे। इससे बोधगया का कारोबार बुलंदियों पर रहता था। होटल एसोसिएशन और टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन के अध्यक्षों के मुताबिक, दलाईलामा के न आने से व्यापारी मायूस हो गए हैं। गौर रहे कि दलाई लामा की टीचिंग के लिए भारत सहित, अमेरिका, रूस, नेपाल आदि देशों से भारी संख्या में उनके अनुयायी वहां पहुंचे थे। पिछले काफी समय से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि इस बार दलाईलामा बोधगया जाएंगे या नहीं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह का कहना है कि इस बार 100 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। पिछले साल की तुलना में इस बार विदेशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे व्यवसायी वर्ग निराश है। दलाईलामा के न आने से बोधगया में पर्यटन कारोबार पर गहरा असर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)



कारोबारियों को 100 करोड़ के नुकसान का झटका

### लाखों पर्यटक पहुंचते थे बोधगया : राकेश

**टूरिस्ट** गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार का कहना है कि बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के आगमन से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक बोधगया आते थे और वे 5000 से लेकर 50,000 रुपए तक खर्च करते थे। इस बार पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, जिससे पर्यटन कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। बोधगया में 200 करोड़ रुपए का कारोबार होता था, लेकिन इस बार अनुमान है कि यह आंकड़ा 100 करोड़ रुपए से भी कम रहेगा। बोधगया में इस बार दलाईलामा के न आने से न केवल पर्यटन उद्योग, बल्कि अन्य छोटे-छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हुए हैं। यहां व्यापारी बड़ी मात्रा में मूर्तियां बेचते थे। इस बार उनकी बिक्री भी काफी घट गई है, जो लोग इस सीजन पर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की उम्मीद लगाकर काम करते थे। दलाईलामा इन दिनों धर्मशाला के मैक्लोडगंज में रह रहे हैं। हाल ही में उनके घुटनों की सर्जरी हुई थी।

# अयोध्या: पहली जनवरी से एक घंटा बढ़ेगा रामलला के दर्शन का समय

## नववर्ष, प्राण प्रतिष्ठा उत्सव और महाकुंभ के चलते लिया निर्णय

एजेंसी, अयोध्या

**नए** वर्ष से रामलला के दर्शन के लिए समय अवधि में परिवर्तन किया जाएगा। पहली जनवरी से श्रद्धालुओं को रामलला के एक घंटा और अधिक दर्शन मिल सकेंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि 1 जनवरी से प्रारंभ हो रहे नववर्ष, प्राण प्रतिष्ठा उत्सव और महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए यह निर्णय लिया है। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ट्रस्ट ने देश दुनिया से आने वाली श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की बहुत ही व्यवस्थित व्यवस्था बना रखी है। प्रवेश मार्ग पर सात पंक्तियों में लोग प्रवेश करते हैं। सुविधा केंद्र पर श्रद्धालु अपने मोबाइल बैग व अन्य सामान को रखते हैं, जहां पर दो हजार से अधिक लोगों के बैठने के लिए एक बड़ा हाल तैयार किया गया है।



राम मंदिर में दर्शन के लिए जांच के बाद चार पंक्तियों में परिसर में प्रवेश होता है और बड़े ही दिव्य रूप में सभी श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन होते हैं। ट्रस्ट का दावा है कि बड़े ही सुगमतापूर्वक तीन लाख लोगों को दर्शन कराया जा सकता है। इसके बाद निकास मार्ग पर प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था रखी गई है, जहां पर श्रद्धालुओं को प्रसाद मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भरेड़ी में 27 को आयोजित होगा रेडक्रॉस मेला

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** रेडक्रॉस सोसायटी की भोरंज उपमंडल इकाई 27 दिसंबर को भरेड़ी के डीएवी स्कूल परिसर में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन करेगी। इसका शुभारंभ स्थानीय विधायक सुरेश कुमार करेंगे। एसडीएम एवं रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडल इकाई के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने बताया कि इस मेले में मेडिकल जांच शिविर, रक्तदान शिविर और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस रेडक्रॉस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने तथा रेडक्रॉस सोसाइटी से जुड़कर इसके लिए हरसंभव योगदान देने की अपील की।

### आरसेटी में बैंक सखियों ने पूरा किया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम लोगों तक बैंकिंग योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समावेशी बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए नियुक्त की जाने वाले बैंक कॉरेसपॉन्डेंट यानी बीसी-सखी के लिए आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मट्टनसिद्ध स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 35 बीसी-सखी ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक अजय कुमार कटना ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग (आईआईबीएफ) ने ऑनलाइन माध्यम से इन प्रतिभागियों की परीक्षा भी ली, जिसमें ये सभी प्रतिभागी सफल हुईं। समापन अवसर पर अजय कुमार कटना ने प्रतिभागियों को बधाई दी तथा बैंकिंग योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान नहीं सहेंगे



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** इंटक फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार बुधवार को एडीएम राहुल चौहान से मिले। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके भारत के संविधान निर्माता का अपमान किया है, जिसके लिए अमित शाह को पूरे देशवासियों से माफी मांगनी होगी। अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बाबा भीमराव अंबेडकर और दलित वर्ग के लिए जरा सा भी मान सम्मान है तो वह केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भारत सरकार उनके पद से तुरंत बर्खास्त करे।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र की कलोहण पंचायत के घुमारली वार्ड नं. 11 के जंदराणा गांव में बूथ अध्यक्ष भगवान दास शर्मा व अन्य कार्यकर्ताओं सहित अशोक कुमार, बिहारी लाल, दिनेश शर्मा, रिशु, दिव्यांशु, शिवम, मनु शर्मा, निशा शर्मा, कांता देवी व माया शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के विकास में उनके कार्यों को याद किया।

### वाजपेयी के विकास कार्यों को किया याद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के मौके पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं. 1 में प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने कार्यकर्ताओं सहित वाजपेयी को नमन करते हुए उन्हें और देश और प्रदेश के विकास में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे खुद को उनके आदर्शों को समर्पित करते हुए उनके द्वारा दिए गए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का प्रयास करेंगे।

### दो नेपाली युवकों को पुलिस रिमांड पर भेजा

**जाहू।** भोरंज पुलिस के द्वारा सुलगवान के पास दो नेपाली मूल के युवकों से 502 ग्राम चरस में गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के द्वारा दोनों युवकों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। भोरंज पुलिस ने यातायात चैकिंग व नाकेबंदी के दौरान सुपर हाईवे लदरौर से जाहू मार्ग पर पैदल जा रहे दो नेपाली मूल के युवकों से मुंडखर और सुलगवान के बीच 502 ग्राम चरस बरामद करके गिरफ्तार किया था।

### एसडीएम स्कूल बड़ा में कराटे चैंपियनशिप आयोजित

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा में नादौन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। गुरु जी अकादमी समसी हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से आयोजित इस कराटे चैंपियनशिप में उपमंडल नादौन के अलग-अलग पब्लिक स्कूल भूम्पल, डीएवी स्कूल भड़ोली, स्टीपल पब्लिक स्कूल, वेद धारा पब्लिक स्कूल एवं एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा के 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में काता, कुमिते और टीम काता इवेंट्स आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजिंदर सिंह ने बताया कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सेवानिवृत होने जा रहे चालकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सरकारी-अर्ध सरकारी चालक-परिचालक संघ की जिला इकाई और बड़सर उपमंडल इकाई ने बुधवार को बिझड़ी के विश्रामगृह में एक बैठक आयोजित की। जिला अध्यक्ष विजय रमन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संघ के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे चालकों जगरनाथ और रविंद्र सिंह तथा 31 जनवरी को सेवानिवृत होने जा रहे रत्न चंद को शुभकामनाएं दीं। संघ के पदाधिकारियों ने तीनों चालकों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की तथा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। संघ के जिला प्रेस सचिव इंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संघ के मुख्य सलाहकार अशोक कुमार, ऑडिटर नरेंद्र कुमार, कानूनी सलाहकार पुरुषोत्तम चंद, बड़सर इकाई के प्रधान शिवजी कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार, उपप्रधान विक्रम सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार, एक्सरविस मैन राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, शशिपाल, करनैल सिंह, रत्न चंद, अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य तथा सेवानिवृत्त चालक-परिचालक भी उपस्थित थे।

### आवागमन में बाधा डालने पर मामले दर्ज

**नादौन।** नादौन के कस्बा रंगस में सड़क के किनारे कुछ बाहरी लोगों ने सामान रखकर सड़क को अवरुद्ध कर रखा था जिससे आम लोगों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसका कड़ा संज्ञान लेते हुए नादौन पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नादौन पुलिस की एक टीम ने गश्त के दौरान पाया कि रंगस बाजार में मसरूर ने सड़क की दाहिनी तरफ दुकान के आगे कबाड़ का सामान फैला रखा था, जिस कारण से पैदल राहगीरों व सामान्य यातायात को बाधा उत्पन्न कर रखी थी, जिस पर कार्रवाई की गई। एक अन्य मामले में पुलिस ने रंगस में ही गश्त के दौरान पाया कि जगदीश सिंह निवासी गांव गिरधरपुर हजरतगंज जिला बदायूं उत्तर प्रदेश ने सड़क पर रेहड़ी-फड़ी लगाकर पैदल राहगीरों व समान्य यातायात को बाधा उत्पन्न कर रखी थी। पुलिस ने उसके खिलाफ भी मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### टौणी देवी में विधायक राणा ने नवाजे मेधावी

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ( उत्कृष्ट) टौणी देवी में वार्षिकोत्सव 'उमंग' का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सुजानपुर विधानसभा के विधायक रणजीत सिंह राणा ने शिरकत की। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बिगत वर्ष में विद्यालय द्वारा शैक्षणिक, खेलों, स्काउट्स गाइड्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रतिभा उत्सव, कला उत्सव एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी के साथ साथ पाठशाला के गौरवमयी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। रणजीत राणा ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को समाज में अच्छा नागरिक बनने के लिए अनुशासन व शिक्षा जरूरी है। यदि पूरी मेहनत व लगन से काम किया जाए तो सफलता अपने आप कदम चूमती है। कार्यक्रम में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों को मिलाकर 300 पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा पाठशाला को दान देने वालों को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। पाठशाला प्रबंधन समिति एवं प्रधानाचार्य द्वारा रखी गई मांगों जिसमें खेल के मैदान में हाई मास्ट लाइट एवं कमरों की मुरम्मत के साथ रंग रोगन के लिए लिए बजट उपलब्ध करवाने की घोषणा के साथ भावकों के लिए 15 हजार दिए। इस अवसर पर राजेंदर वर्मा, सुरेश ठाकुर, पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमन मनकोटिया, अन्य गणमान्य व्यक्ति और समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# तो फिर पार्किंग के ऊपर बनेगा नगर निगम का कार्यालय, डीपीआर से प्लानिंग शुरू

## हमीरपुर नगर निगम की अधिसूचना जारी होने के बाद अब बढ़ने लगी सरगर्मियां

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में नगर निगम का कार्यालय मिनी सचिवालय परिसर में तैयार की गई दो मंजिला पार्किंग की तीसरी छत पर बनेगा, जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। अब क्योंकि नगर परिषद से नगर निगम बनाने की अधिसूचना जारी हो चुकी है और वार्डबंदी का काम भी बहुत जल्दी शुरू हो जाएगा, इसलिए अधिकारियों, मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षदों और अन्य कर्मचारियों का ताम-झाम बढ़ेगा, जिसके लिए कार्यालय भी नया चाहिए, इसीलिए तैयारी नए कार्यालय के निर्माण की शुरू होने वाली है।

अभी फिलहाल नगर परिषद का कार्यालय टाउन हॉल के एक पोर्शन में चल रहा है। अब क्योंकि टाउन हॉल का यह कार्यालय तो पहले ही बहुत छोटा है, जहां कार्यालय चल रहा है, वहां नगर परिषद का कार्यालय तैयार नहीं किया गया था, लेकिन फिर भी पिछले कई सालों से नगर परिषद का कार्यालय इस व्यापारिक जगह पर जैसे तैसे चला दिया गया था इसके भीतर यदि गतिविधियां हुईं तो ऑफिस बेमानी सा लगता है।



नगर परिषद का कार्यालय।

अनंत ज्ञान खास खबर

अब क्योंकि नगर निगम बनने के बाद इसके भीतर के स्ट्रक्चर का अंदाज भी फैल जाएगा। मेयर, डिप्टी मेयर और एक्सईएन, एसडीओ, ज्वाइंट कमिश्नर, कमिश्नर के अलावा कनिष्ठ अभियंताओं के पद भी होंगे। इसलिए इन तमाम लोगों के लिए भी अब ऑफिस का अंदाज बड़ा बनाया जाएगा।

इस कारण स्ट्रीट लाइट का दायरा बढ़ जाएगा और तकरीबन 5000 नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने का जिम्मा भी नगर निगम के पास आ जाएगा, फिलहाल 150 स्वीपर हैं, लेकिन अब 200 के करीब नए स्वीपरों की जरूरत रहेगी। अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद ही क्षेत्र में अलग-अलग तरह की गतिविधियां भी शुरू हो गई हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने अभी से डी-लिमिटेशन को लेकर जुगाड़बाजी शुरू कर दी है। कौन कहां से चुनाव लड़ सकता है? संभावनाओं को तलाशना शुरू कर दिया है।

### 5 साल तक कोई टैक्स नहीं लगेगा : अजमेर ठाकुर



नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर बताते हैं कि अधिसूचना जारी होने के 5 सालों तक नए शामिल किए गए क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी बात यह रहेगी कि उन्हें किसी भी तरह का टैक्स नहीं चुकाना पड़ेगा। पहले डेवलपमेंट होगी। स्ट्रीट लाइट्स, सीवरेज, वाटर सप्लाई ये सारी चीजें नगर निगम के हवाले से ही होंगी। फिलहाल 41752 की आबादी नगर निगम की बनी है और 4070 स्क्वायर किमी एरिया इसमें आया है।अगले एक-दो महीनों में डी-लिमिटेशन का काम शुरू होगा। नए वार्ड तैयार किए जाएंगे। इनकी तादाद तकरीबन 18 हो सकती है। मौजूदा नगर परिषद के तमाम वार्डों का भी नए सिरे से निर्धारण होगा। इन्हें भी नए हिसाब से कुल तकरीबन 18 की संख्या में शामिल हो किया जाएगा। नगर निगम के कार्यालय की डीपीआर तैयार कर दी गई है। संभवतः मिनी सचिवालय में स्थित पार्किंग की ऊपरी मंजिल पर इसका निर्माण होगा।

# कैसी मजबूरी : जंग लगी पाइपलाइन बिछाने की पूरी जांच करे विभाग

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



- झनिक्कर-कैहरवीं सड़क पर पुरानी जंग लगी पाइप लगाने से भड़के लोग
- बोले-अनियमिताओं को लेकर सड़क पर उतरने को होंगे मजबूर

झनिक्कर-कैहरवीं सड़क के अपग्रेडेशन से जहां लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है, वहीं पुरानी जंग लगी पाइपलाइन फिर से सड़क में बिछाने से कई सवाल उठ रहे हैं। ऐसी पाइपलाइन जो कि तकनीकी रूप से रिजेक्ट हो चुकी है, उसको दोबारा प्रयोग में लाने तथा नई पाइपलाइन का खर्च बचाने से लोग भड़क गए हैं। बुधवार को लोगों ने निर्माण कार्य का जायजा लिया तो पुरानी जंग लगी पाइप को फिर से बिछाने का कार्य किया जा रहा था, जिससे कई सवाल हुए खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों में ध्यान सिंह, नंदलाल, बृज लाल, उद्यो राम जोगेंद्र सिंह, राजेश कुमार, संजीव कुमार, प्रीतम चंद, प्रेम चंद, अमरनाथ, केहर सिंह, अभयवीर सिंह, सुधीर वर्मा, रवि वर्मा इत्यादि का कहना है कि जब करोड़ों रुपए के बजट से सड़क की लेवलिंग और अपग्रेडेशन हो रही है तो ऐसी क्या मजबूरी है कि जंग लगी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दोबारा प्रयोग में लाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने मांग की कि जल शक्ति विभाग दो दिन के भीतर इसकी जांच करे अन्यथा ग्रामीण अनियमिताओं को लेकर सड़क पर उतर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस बारे सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की जा रही है।

### डीएसपी लालमन तीसरी बार संभालेंगे बड़सर की कमान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर में डीएसपी के रूप में लालमन शर्मा एक बार फिर कमान संभालने जा रहे हैं। इससे पहले वह दो बार बड़सर में इसी पद पर क्षेत्र की जनता की सेवा कर चुके हैं।



- मंदिर में माथा टेकने के बाद करेंगे ज्वाइन

इससे पहले वह पांचवी आरबीआईऐन बस्सी मे अपनी सेवाएं दे रहे थे। लालमन शर्मा ने बताया कि उनकी प्राथमिकताओं में बड़सर से नशा माफिया को खत्म करना यातायात व्यवस्था में सुधार करना तथा कानून की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार को हटाने की मुहिम ऊहापोह में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- 'नो कॉन्फिडेंस' मोशन पर आज 11 की बजाए दोपहर बाद 4 बजे होगी बैठक

हमीरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार मिन्हास को पद से हटाने के लिए 'नो कॉन्फिडेंस मोशन' पर बैठक वीरवार को होगी। यह बैठक 11 बजे की बजाए अब दोपहर बाद 4 बजे रखी गई है। नगर परिषद के तमाम पार्षदों को मंगलवार देर शाम इसकी घर-घर पहुंचकर सूचना दे दी गई है। अचानक ऐसा क्या हुआ कि बैठक का समय शाम को बदलना पड़ा। इसी वजह से इस बैठक को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बरकरार है।

11 सदस्यों वाली इस नगर परिषद में उपचुनावों से पहले 7 सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी को पत्र दिया था, लेकिन उसके बाद लेटलतीफी की वजह से यह बैठक टल गई। उसके बाद उपचुनाव शुरू हो गए, चुनाव आचार संहिता लग गई, मगर उसके बाद भी बैठक नहीं रखी गई, जिसकी जरूरत नहीं समझी गइ। इस वजह से जिन्होंने नो कॉन्फिडेंस मोशन के लिए बैठक की मांग की थी वह न्याय के लिए हाईकोर्ट चले गए और वहां से जब तकरीबन दो सप्ताह पहले फैसला आया, तो जिला प्रशासन ने बैठक के लिए 26 दिसंबर की तारीख तय की।

उधर, नगर परिषद के ईओ अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया कि बैठक 4 बजे होगी और सभी पार्षदों को सूचित कर दिया गया है।

**कोर्ट की सुनवाई के कारण बदला बैठक का समय :** अब क्योंकि दूसरा पक्ष इस बैठक की जरूरत को लेकर कोर्ट चला गया है और उसे पर वीरवार को सुनवाई होगी। इसी वजह से समझा यही जा रहा है कि बैठक का समय बदल दिया है, ताकि कोर्ट का कोई आदेश आ जाए, तो बैठक पर असर पड़ जाएगा।

### विधायक का भी पड़ेगा वोट

11 सदस्यों वाले इस हाउस में नो कॉन्फिडेंस मोशन की बैठक में एक वोट स्थानीय विधायक आशीष शर्मा का भी पड़ेगा। वह भी इस बैठक में शिरकत करेंगे, क्योंकि नए नियमों के तहत सरकार ने इसकी व्यवस्था की है। इस मुहिम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले विनय कुमार का कहना है कि चुने हुए सभी सातों सदस्य एकजुट हैं। बैठक हो गई तो उनकी मुहिम निश्चित रूप में कामयाब होगी।

# भोटा चौक पर बनेगा आधुनिक शॉपिंग कांप्लेक्स

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर को नगर परिषद से नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इस दिशा में भोटा चौक स्थित कॉम्प्लैक्स को पुनर्जीवित करने के लिए नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। सुनसान पड़े इस भवन की ऊपरी मंजिल को तोड़कर 14 नई दुकानें बनाई जा रही हैं। यह कदम बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कॉम्प्लैक्स में 4500 स्क्वायर फुट क्षेत्र में एक अत्याधुनिक रेस्टोरेंट का निर्माण किया जा रहा है। कॉम्प्लैक्स के शौचालयों को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, ताकि दुकानदारों और आगंतुकों को साफ और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। लोहे की सीढ़ियों के साथ-साथ भविष्य में लिफ्ट की सुविधा के लिए भी इंतजाम किया जा रहा है।

**आकर्षक डिजाइन और अतिरिक्त आय का स्रोत :** कॉम्प्लैक्स की छत पर शेड और एक डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन लगाई जाएगी, जिससे विज्ञापनो के माध्यम से आय अर्जित की जाएगी। बाहरी हिस्से को रंगीन लाइटों से सजाया जाएगा, जिससे यह कॉम्प्लैक्स दूर से ही आकर्षक दिखे और लोगों का ध्यान खींचे। इस परियोजना के पूर्ण होने पर नगर निगम को लाखों रुपए की आय प्राप्त होगी, जो हमीरपुर के विकास कार्यों को और गति प्रदान करेगी।



नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने गणमान्यों के साथ भवन का जायजा लिया।

- शहर को मिलेगी नई पहचान युवाओं को मिलेगा रोजगार

**भवन का किया निरीक्षण :** इस दौरान नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने पार्षदों, एसडीओ अश्वनी और जेई के साथ कॉम्प्लैक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। हम इस कॉम्प्लैक्स को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर रहे हैं ताकि यह रोजगार और आय का नया केंद्र बन सके। यह परियोजना नगर निगम के लिए आय और विकास दोनों का माध्यम बनेगी।

नगर परिषद से नगर निगम बने हमीरपुर में भोटा चौक कॉम्प्लैक्स का कायाकल्प एक प्रतीकात्मक कदम है। यह न केवल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि यहां के निवासियों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 30 को

**हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 से 21,000 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में उपस्थित होने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### बिजली उपभोक्ता 31 दिसंबर से पूर्व करवाएं केवाईसी, नहीं तो सुविधाओं से रहोगे वंचित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को आधार कार्ड व राशन कार्ड से जोड़ने (ई-केवाईसी) की प्रकिया जो कि पहली अक्तूबर 2024 से शुरू की गई थी, उसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक है, जिसके लिए जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर जो कि आधार कार्ड से जुड़ा हो उपलब्ध रखें। यदि कोई उपभोक्ता किसी कारणवश घर पर उपलब्ध न हो तो वह उपरोक्त लिखित दस्तावेजों के साथ किसी भी कार्य दिवस 31 दिसंबर तक विद्युत उपमंडल भरेड़ी में आकर अपना ई-केवाईसी करवा सकते हैं। अगर कोई उपभोक्ता अपना आधार कार्ड या राशन कार्ड को विद्युत कनैक्शन से लिंक (केवाईसी) नहीं करवाता है तो भविष्य में सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुभिधाओं से वंचित रह सकता है। विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भोरंज खंड इकाई के 100 वर्षीय वरिष्ठ सदस्य के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, भोरंज खंड इकाई के वरिष्ठ सदस्य 100 वर्षीय जगत राम शर्मा निवासी छुटवीं, डाकघर खरवाड़, तहसील भोरंज के निधन पर संघ संस्थापक बीड़ी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शम्भू राम जसवाल, पूर्वप्रधान बलदेव दास शर्मा, भोरंज खंड प्रधान विचित्र सिंह ठाकुर, सचिव राज कुमार पटियाल और कोषपाल रोमेश शर्मा ने दुख प्रकट किया व शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### कुठेड़ा सहकारी सभा में बहुउद्देशीय पैक्स कार्यक्रम ऑनलाइन दिखाया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भारत सरकार के 10000 नवगठित सहकारी बहुद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ के मौके पर द कुठेड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभा के सदस्यों को सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रसारण का लाइव दिखाया गया। इसमें सभा प्रधान अमर चंद, उपप्रधान ख्याली राम, कमेटी सदस्य जीत राज सहित लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया।

### पुतड़ियाल स्कूल के मेधावी छात्र नवाजे



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के राजकीय मिडल स्कूल पुतड़ियाल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पुतड़ियाल की प्रधान गुरमीत कौर एवं उपप्रधान संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता स्कूल की मुख्याध्यापिका राज कुमारी ने की। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों में अब्बल स्थान पर आए मेधावी विधार्थियों को सम्मानित किया एवं स्कूल के विकास के लिए 3100 रुपए दान दिए। मुख्यातिथि ने यह भी आश्वासन दिया कि वह पंचायत के माध्यम से स्कूल में अतिशीघ्र एक सोलर लाइट लगाएंगे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

### विनोद को सौंपी पार्टटाइम मल्टी टास्क वर्कर यूनियन के जिलाध्यक्ष की कमान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** जिला हमीरपुर के पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर यूनियन की बैठक चिल्ड्रन पार्क अणू में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक यूनियन के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। इस बैठक में इस यूनियन के सभी ब्लॉकों के प्रधानों, सचिवों एवं सदस्यों ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में यूनियन के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने अपनी सहमति से अपने जिलाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया। त्याग पत्र देने का कारण अपनी कुछ निजी समस्याएं बताया। इस दौरान यूनियन द्वारा सर्वसम्मति से विनोद ठाकुर को नया जिलाध्यक्ष चुना गया, वहीं सह सचिव शिवानी को चुना गया। यूनियन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विनोद ठाकुर की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई । बैठक में पार्टटाइम मल्टी टास्क वर्करों की समस्याओं के ऊपर चिंतन किया गया। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि वें पार्टटाइम मल्टी टास्क वर्करों की समस्याओं को लेकर अतिशीघ्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलेंगे। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** पूर्व मुख्यमंत्री धूमल के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में वाजपेयी किए याद

# समीरपुर में भारत रत्न वाजपेयी को किया नमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत रत्न, पद्म विभूषण से सम्मानित एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य पर हमीरपुर जिले के अंतर्गत समीरपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान पर हुआ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अटल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि यह जन्म अटल जी का शताब्दी वर्ष भी है एवं इसके चलते पूरे देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री काल में जो कार्य देश के लिए किए हैं, उनके लिए समस्त देशवासी उनके सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विशेषकर प्रधानमंत्री सड़क योजना से हिमाचल जैसे पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों को सड़कों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि अटल एक राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कवि भी थे एवं उनके द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं को आज भी याद किया जाता है। 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर में जन्मे श्रद्धेय अटल का हिमाचल प्रदेश के साथ विशेष लगाव रहा है। हिमाचल को वहअपना दूसरा घर समझते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिस समय चलाई, तब में मुख्यमंत्री था और हिमाचल का कोई ऐसा गांव नहीं था जिसे सड़कों से न जोड़ा गया हो। इसके अतिरिक्त हिमाचल को एक विशेष आर्थिक पैकेज भी उनकी सरकार के द्वारा प्रदान किया गया था। हिमाचल प्रदेश को उन्होंने कई सौगातें दी हैं।



वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते धूमल।

इससे पूर्व भाजपा मंडल समीरपुर के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली की अध्यक्षता में अटल जी को नमन किया गया। वहीं, इस मौके पर नवनियुक्त समीरपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने अपने कार्यकर्ताओं सहित पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा महामंत्री राकेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली, पूर्व विधायक अनिल धीमान, भोरंज मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुशासन दिवस के रूप में मनाई जयंती : धूमल

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है। अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। धूमल ने कहा कि अटल हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे। वर्ष 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लंबे समय तक राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन भी किया। वाजपेयी चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्यसभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हें भीष्म पितामह भी कहा जाता है।

# एसपी इल्मा अफरोज मेरे कहने पर नहीं गई छुट्टी : राम कुमार

## कहा-खनन को लेकर बिक्रम ठाकुर के आरोप बेबुनियाद, प्रूफ हैं तो विधानसभा के पटल पर रखें

पूर्व सीपीएस और सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के **विधायक राम कुमार चौधरी** ने 'अनंत ज्ञान' के न्यूज रूम में इलाके के विकास, अवैध खनन, एसपी का छुट्टी जाना तथा इंडो फार्म को जमीन आवंटन जैसे मसलों को लेकर अपनी बात बेबाकी से रखी। पेश हैं **टीवी एंकर रीत वशिष्ट** द्वारा लिए गए साक्षात्कार के मुख्यांश-



विधायक राम कुमार चौधरी से
**विशेष बातचीत**

**सवाल : अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए क्या सौगात लेकर जा रहे हैं आप?**

**जवाब :** मेरे एरिया में एजुकेशन के लिए बच्चों में बहुत क्रेज है। हिमाचल में पांच डे बोर्डिंग स्कूल पहल के तौर पर खुल रहे हैं, जिसमें बद्दी का नाम भी शामिल है। पांच करोड़ की राशि सीएम और शिक्षा मंत्री ने सेंक्शन की है, जिसमें से डेढ़ करोड़ हमें तुरंत मिल गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने हमारे हलके में करीब साढ़े 12 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। कुछ दिनों में मुख्यमंत्री भी बद्दी आ रहे हैं, वह भी बहुत बड़ी सौगात देंगे। बद्दी के 50 बिस्तरों के अस्पताल को 100 बिस्तरों का किया जा रहा है। हमारे पास रेस्ट हाउस नहीं है। सीएम ने कहा कि जमीन उपलब्ध हो तो सरकार फंड देगी। पीडब्ल्यूडी का डिवीजन भी लेने जा रहे हैं। एजुकेशन के ब्लॉक ऑफिसर की शिफ्टिंग रामशहर से की जाएगी। बद्दी में शीघ्र ही बीपीईओ का बड़ा ऑफिस खुलेगा।

**सवाल : आपने अपने एरिया में रेड करवाई थी। डीसी सोलन को भी नोटिस जारी हुआ था। क्या मामला है वो?**

**जवाब :** मेरे एरिया में नालागढ़ और शंभुवाला दो बॉर्डर पड़ते हैं। यहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन होता है और गाड़ियां भरकर हरियाणा को जाती हैं। मैंने सभी विभागों में रेड करवाई, जिसका एनजीटी ने भी संज्ञान लिया और डीसी सोलन को नोटिस जारी किया। उसमें काम भी हुआ और पुलिस अब वहां गशत कर रही है। हमारे मंधाला एरिया में भी काफी खनन होता है। मैंने एसपी और डीएसपी को वीडियो शेयर कर उनसे अवैध माइनिंग बंद करने के लिए कहा था।

**सवाल : पूर्व उद्योगमंत्री बिक्रम ठाकुर ने खनन को लेकर आप पर आरोप जड़ा है। क्या कहना चाहेंगे?**

**जवाब :** बिक्रम ठाकुर स्टडी करके नहीं आए थे। उनके ध्यान में यह था कि मैं माइनिंग करता हूं। 1998 से हमारे क्रशर हैं और लीगल तौर पर खनन करते हैं। लगभग एक करोड़ की रॉयल्टी सरकार को जाती है और करोड़ों रुपए का इनकम टैक्स आयकर विभाग को जाता है। एसपी इल्मा अफरोज के चक्कर में ही उन्होंने इस मामले को लपेटने की कोशिश की है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने आजकल व्यापार को आगे सबलेट किया हुआ है। मैं इस आरोप को सिरे से खारिज करता हूं। इस मामले को लेकर पीछे जिन लोगों ने बात की थी उनके ऊपर मैंने हाईकोर्ट में मानहानि का दावा ठोंका है। एकतरफा खबर प्रकाशित की गई थी और उसमें मेरा वर्शन नहीं लिया था। इस मामले में हमने नोटिस भी जारी किया है। शायद बिक्रम ठाकुर को भी नोटिस जाएगा। बेबुनियाद आरोप लगाना गलत बात है। अगर उनके पास प्रूफ हैं तो वे विधानसभा के पटल पर रखें, उसका जवाब मैं दूंगा।

**सवाल : एसपी इल्मा अफरोज के छुट्टी जाने के मामले में आपका नाम उछला है, हकीकत क्या है?**

**जवाब :** ऐसा है कि बद्दी बड़ा ही सेंसिटिव एरिया है। यहां लोगों के पास अवैध हथियार हैं। इस मसले को मैंने एसपी से उठाया था कि वह झुग्गी-झोपड़ियों में सर्च करें। बद्दी में चिट्टे का प्रचलन भी बढ़ा है। स्कूली बच्चों को टारगेट किया जा रहा है। इल्मा अफरोज अपना पुलिसिंग का काम न करके दूसरे कामों में संलिप्त हो गई थी। उनके भाई रात को पुलिस की गाड़ी लेकर नाके लगा रहे थे। दो गाड़ियां वहां पर हैं। एक गाड़ी उन्होंने अपनी माता को दे दी थी, जो उन्हें हर रोज खुद चंडीगढ़ लेकर जाती थी। मेरे पास सात सितंबर की वीडियो पड़ी है। एसपी खुद चंडीगढ़ जाती थी और लॉग बुक नहीं भरती थी। दूसरा-छुट्टी जाने के बाद उन्होंने जो मीडिया ट्रायल किया वह सर्विस रूल कंडक्ट के खिलाफ है। सबसे बड़ा जुर्म उन्होंने मुझे सर्विलांस पर रखकर किया। मेरे प्राइवेट ड्राइवर के माध्यम से जानकारी ली जाती थी कि मैं कितने बजे घर जा रहा हूं। मेरी वाइफ से क्या बात हो रही है। इन सब बातों को लेकर उन्होंने मुझे सर्विलांस पर लिया। मैंने इस मसले को लेकर प्रिवलेज कमेटी को लिखकर दिया। आईजी लेवल के अधिकारी ने जांच की और विधानसभा में सबमिट हो गई है। कुछ दिनों में उनको नोटिस जाएगा। अब अगर लोग उस चीज को मेरे साथ जोड़ रहे हैं तो वो गलत बात है। इल्मा अफरोज आईपीएस अधिकारी हैं। यह मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र में है कि उनको कहां लगाना है। अगर वो छुट्टी पर जा रही हैं तो मेरे कहने से थोड़ी जा रही हैं। उन्होंने घर बैठकर मेरे कहने से छुट्टी एक्सटेंड नहीं करवाई। भाजपा इस मामले में राजनीति कर रही है, क्योंकि वह आजकल मुद्दाविहीन हो गई है।

**सवाल : इंडो फार्म मुद्दा आपको विधानसभा में क्यों उठाना पड़ा?**

**जवाब :** इंडो फार्म ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी है, जिसने धूमल सरकार के समय 75 बीघा जमीन अलॉट करवाई। इंडस्ट्री लग गई, लेकिन आज भी 25-30 बीघा जमीन खाली पड़ी है। जयराम सरकार ने बेशक नियमों के अंदर जमीन दी, लेकिन जब प्रदेश की वित्तीय हालत ठीक नहीं है तो इतनी सस्ती जमीन देने की जरूरी क्या थी? मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस जमीन की अलॉटमेंट रद्द की जाए ताकि सरकार को सवा सौ करोड़ राजस्व प्राप्त हो सके। इस जमीन की नीलामी ओपन मार्केट में की जाए तो यह जमीन 11000 से लेकर 15000 रुपए प्रति वर्गमीटर जमीन बिकेगी और बेरोजगार युवाओं का भी भला हो जाएगा।

### नेशनल हाईवे का मसला कई बार सीएम सुक्खू से उठाया

**नेशनल** हाईवे का मसला मैंने कई बार सीएम और पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर से उठाया। मैंने एसडीएम बद्दी से भी ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने तथा गांवों को जाने वाले हर रास्ते को एक्ससेस देने की मांग रखी। अभी एनएचएआई ने 35 मीटर भूमि अधिग्रहण किया है। स्पेशल सर्विस लेन भी एनएच के साथ चाहिए। इस बारे में सीएम को भी लिखा है कि वह इस मामले को केंद्र से उठाएं। नेशनल हाईवे का काम धीमी गति से चला है। मैंने इसे स्पीड अप करने के लिए भी कहा है। वहीं, आपदा में लोगों के बहुत सारे घर गिरे थे। कई लोगों को मुआवजे की अभी तक पहली किस्त ही मिली है। कई लोगों को मकान बनाने के लिए जमीन नहीं मिल रही। ये सारे मामले हमने डीसी सोलन के समक्ष रखे हैं।

### बद्दी बस स्टैंड का सीएम सुक्खू शीघ्र करेंगे शिलान्यास

**बद्दी** बस स्टैंड का मसला विधानसभा में भी उठाया है। बद्दी बस स्टैंड के लिए एक करोड़ की राशि सेंक्शन है, लेकिन एक करोड़ में अच्छा बस स्टैंड नहीं बन सकता। बस स्टैंड का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मोड, हिमुडा या एचआरटीसी से करवाने का फैसला करने से संबंधित फाइल सीएम तक शीघ्र ही पहुंच जाएगी। जब सीएम सुक्खू बद्दी दौरे पर आएंगे तो उस दौरान बस स्टैंड का शिलान्यास करवाकर काम शुरू हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीनको ने मुख्यमंत्री को भेंट किया 1.35 करोड़ रुपए का चेक



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ग्रीनको कंपनी के महाप्रबंधक अनूप बन्याल ने शिमला जिला के समेज में आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए 1.35 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया। इस धनराशि का उपयोग इस वर्ष मानसून में आई विनाशकारी आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

### अवैध कटान की जांच को तीन सदस्यीय कमेटी गठित : बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने एक पत्र जारी कर सूचित किया कि मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरी के अंतर्गत गांव बहरी में अवैध रूप से बालन के लिए भारी मात्रा में जंगल का कटान हुआ है। बालन के लिए जो पेड़ काटे गए हैं, जानकारी मिली है कि उसकी विधिवत अनुमति वन विभाग से प्राप्त नहीं की गई है। अभी हाल ही में संपन्न हुए विधान सभा सत्र के दौरान इस विषय को विपक्ष द्वारा उठाया गया था। भाजपा ने उपरोक्त मामले में सही तथ्य इक्टठा करने हेतु एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती , सुखराम चौधरी एवं बलवीर सिंह वर्मा होंगे।

### सरकार को देश की आर्थिकी को सुधारने की सुध नहीं : प्रवीण शर्मा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि किसी भी सरकार को देश की आर्थिकी को सुधारने की सुध नहीं रही है बल्कि इनकी राजनीति मात्र एक-दूसरे पर लांछन लगाने व छींटा-कसी करने तक ही सीमित हो चुकी है। देश के कर्मचारियों पर दमनकारी नीतियां बना कर उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर किया जा रहा है। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन पर विचार न कर नई-नई ऐसी स्कीमें लाई जा रही हैं जो कर्मचारियों की हितेषी नहीं है।

### राष्ट्रीय इंटक की बैठक में मोदी सरकार पर निकाला गुस्सा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय इंटक की बैठक बहुत ही सफल रही है। बैठक में संजय सिंह, खुटिया, रेलवे रघु भैया, अशोक सिंह, रामचंद्रन, चंद्र प्रकाश ने चर्चा में भाग लिया और हिमाचल से कामरेड जगत राम शर्मा को बोलने का अवसर दिया। हिमाचल प्रदेश जिला ऊना से बाबा इंद्र सिंह भी मीटिंग में भाग लेने के लिए गए थे। बैठक में सभी वक्ताओं ने मोदी और उसकी सरकार पर गुस्सा जाहिर किया कि 44 श्रमिक कानूनों को तोड़कर चार लेबर कोड बना दिए और मजदूर अधमरे कर दिए।

### हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवा कर्मचारी संघ का कैलेंडर जारी



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवा कर्मचारी संघ का कैलेंडर-2025 जारी किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा, महासचिव कमल कृष्ण शर्मा और अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव बलदेव सिंटियान का स्वागत



**दशमी रावत, रोहड़ू।** प्रदेश युवा कांग्रेस के आंतरिक संगठनात्मक चुनाव में ब्लाक युवा कांग्रेस रोहड़ू के पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंटियान का रोहड़ू पंहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत रनोल के पूर्व प्रधान व खंटू देवता महाराज रनोल के मोतमीन दीवान सिंह मेहता, जांगला पंचायत ने सिंटियान का स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

## वंश भारद्वाज ने 'सोनिए जो तेरे नाल' गाने पर नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विंटर कार्निवाल





राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन पर्यटकों की भीड़-उमड़ गई। इस दौरान सोलन जिला से वंश भारद्वाज ने 'सोनिए जो तेरे नाल' गाने में रंगारंग प्रस्तुति दी। मोहित आर्यवंशी ने 'अच्छा चलता हुं' गाने में दर्शकों को नचाया। इसके अलावा अन्य कलाकारों ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस दौरान नगर निगम मेयर सुरेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं दिन के समय अलग अलग संस्कृतिक दलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें पहाड़ी नाटी आदि में कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी। पंजाबी गायक सतिंदर सरताज, कुलदीप शर्मा, राजीव शर्मा समेत 20 से ज्यादा मशहूर गायक प्रस्तुति देंगे। पुलिस, होमगार्ड और सेना के बैंड भी कार्निवाल में प्रस्तुतियां देते नजर आएंगे। बता दें कि शिमला में टूरिज्म को बढ़ावा और न्यू ईयर पर शिमला आने वाले टूरिस्टों के मनोरंजन के मकसद से नगर निगम शिमला ने बीते साल से विंटर कार्निवाल की शुरुआत की है। शिमला में अब रोजाना पर्यटकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां पर कारोबारियों के कारोबार को भी पंख लगे है।

पर्यटक रिज मैदान पर लगे स्टॉल में जमकर खरीददारी कर रहे है। स्टाल में तरह तरह के खाद्य पदार्थ लगे है, जिसमें लोग आनंद उठा रहे है।

**शिमला में लगा लंबा ट्रेफिक जाम।** राजधानी शिमला में क्रिसमस और विंटर कार्निवाल के चलते लंबा ट्रेफिक जाम लग गया।

सैकड़ों की तादात में पर्यटकों ने शिमला का रुख किया है। इस दौरा पूरे दिनभर गाड़िया आराम आराम से सरकती रही। राजधानी में अब जाम की समस्याओं का सामना न्यू ईयर तक करना पड़ेगा।

## राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी महान राजनीतिज्ञ थे। वह सदैव देश की एकता व अखंडता के लिए समर्पित रहे। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अद्वितीय रहा है और वह भारतीय राजनीति के सबसे महान नेता के रूप में स्मरण किया जाएगा। वह राजनीति के स्तम्भ होने के साथ ही एक महान कवि भी थे। वह अपने आदर्शों एवं व्यवहार के कारण लोगों के दिलों में बसते हैं।राष्ट्र के लिए उनके बहुमूल्य योगदान को लोग हमेशा याद रखेंगे।

## बर्फबारी से अपर शिमला में 170 लिंक रोड ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अपर शिमला में अभी भी बर्फबारी के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त है। अभी तक सड़के नहीं खुल पा रही है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बर्फबारी के चलते सड़कों में फिसलन काफी ज्यादा बढ़ गई है। जगह जगह पर गाड़िया स्किड हो रही है। कुफरी में तो एक गाड़ी सड़क से बाहर जाने से बाल बाल बची है। पुलिस प्रशासन ने लोगों को ध्यान से गाड़ियां चलने के निर्देश दिए है। वहीं अप्पर शिमला में अभी भी 170 लिंक रोड बंद पड़े है। इसके अलावा 23 ट्रांसफार्मर और 15 पेयजल योजना बंद है।

### चौपाल से शिमला के लिए नहीं भेजी बस

**चौपाल/नेरवा।** सीजन की दूसरी बर्फबारी होने से चौपाल शिमला मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध हो गया था । इस मार्ग पर चौपाल से देहा के बीच दो फीट तक बर्फ जमा होने से फिसलन हो गई है, जिस वजह से इस मार्ग पर बुधवार दोपहर बाद केवल छोटे वाहन ही चले। चौपाल से शिमला के लिए कोई भी निजी अथवा एचआरटीसी की बस नहीं भेजी गई ।



नई दिल्ली में हिमाचल भाजपा के नेताओं ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की और उनसे प्रदेश के कई मसले उठाए।

## हिमाचल को मिली पुरानी सड़कों की मेटलिंग की अनुमति : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 में नई सड़कों के साथ पुरानी खराब सड़कों की मेटलिंग करने के प्रदेश के आग्रह को स्वीकार कर लिया है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से इसके दृष्टिगत विशेष आग्रह किया था।

उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में नई सड़कों के साथ पुरानी खराब सड़कों की मेटलिंग की अनुमति प्रदान करने से राज्य में लगभग 1000-1500 किलोमीटर सड़कों के मेटलिंग कार्य में मदद मिलेगी।

## शिमला में धूमधाम से मनाया क्रिसमस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला में क्रिसमस का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों को चर्च सहित बाहर भारी मात्रा में भीड़ उमड़ गई।

वहीं सबसे बड़ी बात यह रही कि रिज पर बने क्राइस्ट चर्च में पहली बार क्रिसमस पर्व पहाड़ी नाटी का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं ने चर्च अंदर व बाहर पहाड़ी नाटी डाली।

इस दौरान बाहरी राज्य से आए पर्यटकों ने भी पहाड़ी नाटी का लुत्फ उठाया व नाटी पर झूमे। चर्च पादरी वनीता रॉय ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर चर्च अंदर सुबह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हिन्दी व अंग्रेजी में प्रार्थना सभा की गई।

## अटल जी ने शासन में पैरामीटर एवं मापदंड स्थापित किए : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सिद्धार्थन ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर रिज मैदान पर लगी प्रदर्शनी में भाग लिया। जयराम ठाकुर ने कहा अटल जी का जन्मदिन हम सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं और सुशासन दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं क्योंकि उन्होंने शासन में जो पैरामीटर एवं मापदंड स्थापित किए जिसमें सबको साथ लेकर के चलना, सबके लिए काम करना, ईमानदारी के साथ काम करना, इसी बात को लेकर के उनका एक बहुत बड़ा संदेश हम सब को मिलता है जिससे हम सब को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज अगर अटल जी होते तो उनकी आयु 100 वर्ष की होती।

**राष्ट्रीय फैशन वीक** — 'नाटी किंग' कुलदीप शर्मा को 'हीरा ऑफ हिमाचल' पुरस्कार

## इच्छाशक्ति के बिना लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जीवन में सफलता प्राप्त करने में दृढ़ संकल्प के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि इच्छाशक्ति के बिना कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगन से निरंतर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया।

यह बात मुख्यमंत्री ने शिमला में राष्ट्रीय फैशन वीक कार्यक्रम में कही। उन्होंने शिमला में विंटर कार्निवाल जैसी पहल के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों और विभिन्न पहलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर सुंदरनगर के सूर्यांश चंदेल ने मिस्टर नॉर्थ इंडिया सुपर मॉडल प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि मोहाली के कार्तिकेयन ठाकुर और फरीदाबाद के सुयांश ढींगरा ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। मिस नॉर्थ इंडिया सुपर मॉडल प्रतियोगिता में रोहड़ू की सिमोन मेहता विजेता बनीं, जबकि सुजानपुर टीहरा की श्रेया ठाकुर प्रथम रनर-अप और करसोग की सविता ठाकुर द्वितीय रनर-अप रहीं। प्रतियोगिता में चार राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विजेताओं को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया और 'नाटी किंग' कुलदीप शर्मा को 'हीरा ऑफ हिमाचल' पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, लाइव टाइम्स टीवी के अध्यक्ष सहज शब्द गोयल आदि उपस्थित रहे।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सीएम ने की पुष्पांजलि अर्पित



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर आज शिमला में रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

## मंडी और बिलासपुर में चरस व अफीम की खेप बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर/बिलासपुर**



बिलासपुर में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जिला मंडी व बिलासपुर में भारी मात्र में चरस व अफीम की खेप का बरामद की है। सुंदरनगर में पुलिस ने जिला मंडी के कुनल नाला बंदल के समीप 2.600 किलोग्राम चरस की बड़ी खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान हीरा लाल (42) पुत्र अमर सिंह गांव कुलथनी डाकघर बागाचनोगी तहसील थुनाग, जिला मंडी के तौर पर हुई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

वहीं बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटैक्शन शाखा ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर एक कार में सवार दो लोगों से एक किलो 46 ग्राम अफीम व 130.03 ग्राम चरस बरामद की है।

पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मेघ सिंह निवासी निवासी धारा तहसील सैंज जिला कुल्लू के रूप में हुई है, जबकि घमीर सिंह भाग गया। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक कमलेश से मिले कुलविंदर डोगरा



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नवनियुक्त जिला युवा महासचिव कुलविंदर डोगरा ने देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर से अपने साथियों सहित मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि कुलविंदर डोगरा ने हाल ही में हुए युवा कांग्रेस चुनाव में जिला महासचिव पद के लिए 7860 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय विधायक कमलेश ठाकुर और संपूर्ण कांग्रेस संगठन को दिया है और कहा है कि युवा कांग्रेस जिला कांगड़ा संगठन को मजबूती देने के लिए तन, मन, धन से कार्य करेंगे।

### नगणपट में 120 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगणपट में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसमें निक्षय आईडी बनाई गई। इस अवसर पर तिब्बतियों के टोंक लेन हॉस्पिटल धर्मशाला की तरफ से आए हुए वाहन के माध्यम में चेस्ट एक्सप्रेस करवाया गया। इस शिविर में 97 महिलाएं व 27 पुरुषों ने अपने स्वास्थ्य की चिकित्सा जांच करवाई। शिविर की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कविता ठाकुर ने की। इस मौके पर डॉ. आशीष कुमार, स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर, स्वास्थ्य शिक्षका अनीता ठाकुर, स्वास्थ्य शिक्षक नरेंद्र बलौरिया, स्थानीय सीएचओ व आशा कार्यकर्ताओं ने इस शिविर में अपना योगदान दिया। खंड चिकित्सा अधिकारी ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने का आश्वासन दिया।

### शहीदी दिवस पर हाड़ा में लगाया खीर का लंगर



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर के नजदीकी कस्बा हाड़ा में बुधवार को छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर खीर का लंगर लगाया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी देते हुए लंगर आयोजक टीम की तरफ से सुरिंदर सिंह ने बताया सिखो के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की याद में खीर का लंगर लगाते हुए शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर संजीव सिंह, बलविंद्र सिंह, तरसेम सिंह,भजन सिंह, सोहनी, मिट्ठू, हन्नी, गोलू, पवन सहित अन्य आयोजक मौजूद रहे।

### बठरा में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बठरा स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सपेहिया ने मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा तदोपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# शिक्षा के साथ धर्म और इतिहास की जानकारी भी जरूरी : पवन काजल

## त्रिगर्त दिव्य योग समिति के तुलसी दिवस व वीर बाल दिवस कार्यक्रम में की शिरकत

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विधायक पवन काजल ने बुधवार को त्रिगर्त दिव्य योग समिति द्वारा पुराना कांगड़ा के लाइब्रेरी मैदान में आयोजित तुलसी दिवस, वीर बाल दिवस कार्यक्रम दौरान कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शिक्षा के साथ-साथ धर्म, संस्कारों और इतिहास की जानकारी युवा पीढ़ी को होना बहुत जरूरी है। योग, भागवत गीता प्रचार प्रसार के क्षेत्र में त्रिगर्त दिव्या योग समिति पुराना कांगड़ा का योगदान अविस्मरणीय है और क्षेत्र में योग समिति की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वह हर संभव सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता हैं। उन्होंने समिति के अध्यक्ष योगगुरु रंजीत सिंह और रेणु बाला द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के लिए




आयोजित किए जा रहे योग शिविरों, रोजाना योग कक्षाओं का फायदा क्षेत्र, समाज के हर वर्ग को उठाकर वैभव शैली राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

काजल ने कहा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता वीरवार को वीर बाल दिवस मनाएंगे जब कि पुराना कांगड़ा में बुधवार को वीर बाल दिवस, गीता महोत्सव के आयोजन के लिए स्थानीय लोग और आयोजन समिति बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा बढता हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से नशे के विरुद्ध एकजुट होकर लडाई लडने का आह्वान किया। काजल ने योग समिति द्वारा करवाई भागवत गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अबल रहे सम्राट शर्मा, द्वितीय स्थान पर समृद्धि भारद्वाज, और तीसरे स्थान पर रहे यशवी शर्मा को स्मृति चिन्ह और 51 सौ रुपए का नकद राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर योग साधक हिमाचल विजेता 10 वर्षीय अवंतिका ने योग के विभिन्न आसन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। काजल ने अवंतिका को हर साल ग्यारह हजार रुपए देने और त्रिगर्त योग समिति को कार्यक्रम के सफल आयोजन केलिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा की।

काजल ने कहा पुराना कांगड़ा में लगभग 40 लाख रुपए विभिन्न कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं। योग समिति के उपाध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा कि योग समिति का मुख्य उद्देश्य बच्चों के नैतिक मूल्यों की स्थापना करना, हिंदू संस्कृति, सनातन धर्म के संस्कार देना हैं। उन्होंने योग समिति द्वारा संचालित गतिविधियों का ब्यौरा भी रखा। (अनंत ज्ञान)

#### बगली में एक दिन में दो हादसे

# गहरी खाई में गिरी कार और खंभे से टकराई गाड़ी




**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते बगली नामक स्थान पर बुधवार सुबह दो हादसे पेश आए हैं। पहले हादसे में ज्वालाजी मां के दर्शनों के लिए जा रहे श्रद्धालु की कार अचानक असंतुलित होकर सीधा 40 फुट गहरी खाई में जा गिरी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में गाड़ी चालक व साथ बैठे अन्य को चोट नहीं लगी हैं। उधर, जानकारी मिलते ही देहरा थाना से ट्रैफिक इंचार्ज रवि कुमार दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि गाड़ी का टोटल लॉस हो चुका है हालांकि गाड़ी के बीच में सवार दोनो भाई सुरक्षित हैं।

वहीं, दूसरे हादसे में बगली में ही एक होटल के समीप टेलीफोन के खंभे से गाड़ी टकरा गई, जिसमें गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं पहुंची है। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर देहरा थाना से ट्रैफिक इंचार्ज रवि कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# संसद को राष्ट्र का मंदिर समझें पार्टियों के नेता : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि पिछले 25 दिसंबर को पूरे भारत में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। वाजपेयी भारतीय लोकतंत्र में एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र में कुछ नई परंपराएं आरंभ की थीं। उन्होंने कहा 'मैं भारत की सभी पार्टियों के सभी नेताओं से निवेदन करता हूं अगर वे अटल बिहारी वाजपेयी की केवल एक बात पर पूरी ईमानदारी से अमल करें तो भारत का लोकतंत्र शोरतंत्र बनने से बच जाएगा।'

जिस भारत की स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए हजारों लाखों शहीदों ने आजादी की लड़ाई में अपना बलिदान दिया था, आज वह लोकतंत्र शोरतंत्र बन गया। अब सदन में चर्चा नहीं होती धरने, धक्का मुक्की और यहां तक कि सांसद जख्मी हो जाते हैं। संसद व विधानसभाओं पर खर्च होने वाले जनता के करोड़ों रुपए यूं ही बर्बाद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी बड़े आग्रह से एक बात कहते थे। उनके वे शब्द आज भी मेरे कान में गूंज रहे हैं, 'दलों की दीवारें बहुत छोटी होती हैं, परंतु राष्ट्र का मंदिर बहुत ऊंचा होता है। हमेशा दलों की दीवारों में ही मत रहा करो।' पूर्व सीएम ने कहा कि भारत के सभी नेता संसद और विधानसभाओं को दलों की दीवारें न समझ कर यदि राष्ट्र का मंदिर समझने लगें, तो भारत का लोकतंत्र यूं बदनाम होने से बच जाए।

# विदेशी मेहमानों ने सेंट जोन चर्च में मनाई क्रिसमस

## चर्च में मंगलवार रात 12 बजे और बुधवार को सुबह 11 से 12 बजे तक हुई विशेष प्रार्थना सभा

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस के पर्व की धूम रही। प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशियां जिला कांगड़ा के सभी चर्चों में क्रिसमस के रूप में धूमधाम से मनाई गईं। मैक्लोडगंज स्थित सेंट जोन चर्च में क्रिसमस से पिछले दिन शाम को विशेष प्रार्थना सभा हुई, इसमें विदेशी मेहमानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विदेश से पहुंचे पर्यटकों ने सेंट जोन चर्च में क्रिसमस पर्व मनाया।

मैक्लोडगंज पहुंचे लोगों ने आधी रात 12 बजे से ही मैक्लोडगंज स्थित सेंट जोन चर्च में प्रार्थना सभा शुरू कर दी। देश के व विदेश से आए हुए पर्यटकों ने उत्साह के साथ क्रिसमस पर्व मनाया। लगभग पूरी रात यह दौर चला रहा। बुधवार सुबह करीब 11 बजे से विशेष प्रार्थना सभा फिर शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। लोगों ने यीशु के जन्मदिन के मौके पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की, जिसके बाद जलपान का आयोजन पर्यटकों के लिए किया गया। छोटे छोटे नन्हे-मुन्ने चर्च में सांता क्लॉज बनकर दिखाई दिए। चर्च के बाहर छोटे बच्चों के खिलौने की दुकानें भी सजाई गईं। लोगों में क्रिसमस के दिन काफी उत्साह देखने को मिला। मसीही समुदाय के साथ ही अन्य धर्मो के भाई लोगों ने भी उल्लास पूर्ण वातावरण में एक दूसरे को मेरी क्रिसमस कहा।

गिरजाघरों में विश्व वासियों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने श्रद्धापूर्वक क्रिसमस के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान विभिन्न चर्चों पर कैंडल जलाने की भीड़ उमड़ी रही मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। उत्साह और उमंग सभी के चेहरों पर स्पष्ट नजर आया नए कपड़े पहने, सज धज कर गिरजाघरों में क्रिसमस की विशेष आराधना सभा में सहभागिता करने आए मसीही समुदाय के लोगों ने शिरकत कर एक दूसरे को मैरी क्रिसमस कहा फूलों और बिजली की झालरों से भव्य रूप से सजे चर्चों और घरों में संगीत और प्रभु यीशु के गीत गूंजते रहे। (अनंत ज्ञान)





मैक्लोडगंज स्थित सेंट जोन चर्च में क्रिसमस पर प्रार्थना करते लोग। रात को मोमबत्तियां जलाते स्थानीय लोग और पर्यटक।

## सिने जगत

# बार-बार शादीशुदा लोगों पर दिल हार बैठीं नगमा

नब्बे के दशक की अभिनेत्री नगमा की खूबसूरती और अभिनय के लाखों दीवाने थे और आज भी हैं। अभिनेत्री भले ही रुपहले पर्दे से दूर हैं, पर अपने काम से उन्होंने मनोरंजन जगत में अपना लोहा मनवाया, जिसके लिए आज भी उन्हें सराहना मिलती है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक, पंजाबी से लेकर भोजपुरी भाषाओं की फिल्मों में नगमा ने काम किया। वह देश के बड़े-बड़े सितारों के साथ स्क्रीन साझा कर चुकी हैं। हालांकि, ये अदाकारा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। सबसे ज्यादा अभिनेत्री की लव लाइफ सुर्खियों में रही, उन्हें कई बार इश्क हुआ, लेकिन वह आज भी तन्हा हैं। आइए आज नगमा के जीवन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों को जानते हैं।



### फिल्मी करियर

**नगमा** ने बॉलीवुड में साल 1990 में सलमान खान की फिल्म बागी से डेब्यू किया। यह फिल्म 1990 की 7वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। इसके बाद वह बेवफा से वफा, दिलवाले कभी ना हारे, हस्ती, धरतीपुत्र, सुहाग, लाल बादशाह, कुंवारा जैसी फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी और भोजपुरी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। भोजपुरी फिल्म 'गंगा' और 'दुल्हा मिलल दिलदार' के लिए भोजपुरी की बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी जीत चुकी हैं। नगमा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में खूब नाम और शोहरत कमाई।



### नगमा का असली नाम

**अभिनेत्री** नगमा को हम सभी उनके इसी नाम से जानते हैं, लेकिन उनका असली नाम नंदिता अरविंद मोरारजी है। नंदिता अरविंद मोरारजी उर्फ नगमा का जन्म 25 दिसंबर 1974 को मुंबई में हुआ। नगमा की मां एक मुस्लिम थीं और उनके पिता हिंदू।

### किस-किस पर आया दिल

**नगमा** को पहले सौरव गांगुली से प्यार हुआ। उनसे ब्रेकअप के बाद नगमा को दक्षिण भारतीय अभिनेता शरथ कुमार से प्यार हो गया। नगमा की मुलाकात जब शरथ कुमार से हुई तो वह शादीशुदा थे। जैसे ही शरथ कुमार की पत्नी को यह पता चला कि नगमा से उनका अफेयर चल रहा है, उन्होंने उन्हें छोड़ दिया और तलाक के लिए अर्जी दे दी। विवाद के बाद नगमा ने शरथ कुमार से अलग होने का फैसला कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक शरथ कुमार ने उन्हें धमकियां देनी शुरू कर दी थी, जिसके बाद अभिनेत्री को साउथ इंडस्ट्री छोड़नी पड़ी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के बाद उन्होंने दोबार बॉलीवुड का रुख किया, फिर वह भोजपुरी फिल्मों में आ गईं। एक बार फिर नगमा का दिल शादीशुदा अभिनेता रवि किशन पर आ गया। हालांकि, अभिनेत्री ने कभी भी रवि किशन के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया। नगमा के लव लाइफ के चर्चे तो खूब रहें, लेकिन आज भी वह सिंगल हैं।

### राजनीति में भी किस्मत ने नहीं दिया साथ

सफल फिल्मी करियर और हादसों से भरे लव लाइफ के बाद नगमा ने राजनीति का दामन थामा। साल 2004 में वह कांग्रेस पार्टी से इस मैदान में उतरीं। कांग्रेस पार्टी ने साल 2014 में नगमा को यूपी के मेरठ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। इसी साल एक जनसभा के दौरान उनके साथ बदसलूकी हुई, जिसके बाद उन्होंने ऐसा करने वाले को थप्पड़ मार दिया और जनसभा को बीच में ही छोड़कर चली गईं।

# बेबी जॉन में धवन के एक्शन पर सलमान का कैमियो भारी

वरुण धवन की सुपरस्टार मल्टी थ्रिलर एक्शन फिल्म बेबी जॉन रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में कीर्ती सुरेश और वामिका गब्बी मुख्य किरदार में नजर आए। कीर्ती सुरेश इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं।



### सोशल मीडिया पर लीक हुआ वीडियो

**लीक** हुए ट्रेलर से साफ पता चल रहा है कि सलमान खान फिल्म में एजेंट भाईजान के किरदार में नजर आने वाले हैं। वरुण धवन के साथ उनका फुल ऑन एक्शन सी[ेंस होगा। हालांकि लीक वीडियो ने फैंस को नाराज कर दिया क्योंकि उनका मानना है कि इससे मूवी का पूरा मजा ही किरकिरा हो गया। फैंस अब इस वीडियो को डिलीट करने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि मेकर्स ने फिल्म से पूरा सरप्राइज एलीमेंट ही खत्म कर दिया।

### मूवी में क्या है सबसे दमदार?

**इस** फिल्म की हाइलाइट की बात करें तो इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्वाइंट था वरुण धवन का एक्शन और सलमान खान का कैमियो। शाह रुख खान की जवान के बाद एटली की ये दूसरी फिल्म थी, जिसमें सलमान खान कैमियो करते नजर आए। मेकर्स जमकर इसका प्रमोशन कर रहे थे कि भाईजान का कैमियो फिल्म की जान होगा और हुआ भी कुछ ऐसा ही। मूवी रिलीज होने के बाद हर तरफ इसी की चर्चा है। लेकिन इसका एक नुकसान ये हुआ कि सलमान खान का कैमियो पहले ही ट्विटर पर लीक हो गया। इसका वीडियो बहुत तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



### सलमान ने स्क्रीन पर मचाया तहलका

**अपने** इस छोटे से कैमियो से सलमान खान ने पूरी महफिल ही लूट ली। लोग अब सलमान के इस क्लिप को शेयर करते हुए लिख रहे हैं कि सिर्फ साउथ इंडियन डायरेक्टर्स जानते हैं कि सलमान को स्क्रीन पर कैसे प्रेजेंट करना है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रही है उसमें सलमान खान का चेहरा एक कपड़े से ढका हुआ है वो आते ही मारधाड़ में लग जाते हैं। इसके बाद अचानक से उनके चेहरे से कपड़ा हटता है और उनका फेस रिवील होता है।

# ऑस्कर में पहुंचा ऐश्वर्या का 'जोधा अकबर' में पहना लहंगा

### अकादमी संग्रहालय की कलर इन मोशन प्रदर्शनी में मिली जगह



ऐश्वर्या राय का नाम बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में आता है। आज भी लोग उनकी खूबसूरती के कायल हैं। अब ऐश्वर्या राय के नाम अब एक और उपलब्धि जुड़ गई है। साल 2008 में आशुतोष गोवारिकर की पीरियड ड्रामा फिल्म जोधा अकबर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय काफी ज्यादा खूबसूरत लगी थीं। इस दौरान उन्होंने एक रेड कलर का आइकॉनिक लहंगा पहना था, जिसे डिजाइनर नीता लुल्ला ने तैयार किया था। अब इस लहंगे के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस लहंगे को अकादमी संग्रहालय की कलर इन मोशन प्रदर्शनी में रखा गया है। प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कारों के लिए मशहूर अकादमी ने हाल ही में घोषणा साझा की और प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। अकादमी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर ऐश्वर्या राय का यह लुक शेयर किया है। इस लहंगे को एक्ट्रेस ने अपनी शादी के समय पहना था, जिसे उन्होंने भारी भरकम ज्वेलरी के साथ पेयर किया था।

### अकादमी ने सोशल मीडिया पर शेयर की जानकारी

**वीडियो** शेयर करते हुए एकेडमी ने लिखा, 'यह लहंगा एक क्वीन पर एकदम फिट होता है, जो कि सिल्वर स्क्रीन के लिए डिजाइन किया गया था। जोधा अकबर (2008) में ऐश्वर्या राय की शादी का ये रेड वेडिंग लहंगा आज भी लोगों को बहुत पसंद आता है। इसकी खूबसूरत जरदोजी की कढ़ाई, सदियों पुरानी कला को दर्शाती है और ज्वैलरी की एक बेहतरीन क्वालटी भी दिखाती है। आप जब इसे करीब से देखेंगे तो इसमें एक मोर बना हुआ भी नजर आएगा, जो कि भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। ये पूरी तरह हीरे-जवाहरात से बना हुआ है। नीता लुल्ला ने सिर्फ एक कॉस्ट्यूम नहीं डिजाइन की है, बल्कि ये भारत की विरासत का प्रतीक है।'



## न्यूज ब्रीफ

### विपिन परमार ने वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



अनंत ज्ञान, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और सुशासन दिवस के मौके पर पंचायत ननाओं (सुलह) बूथ नंबर 27 में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया नमन



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बैजनाथ के बूथ नंबर 89 मढेड में श्रद्धा सुमनअर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भाजपा नेता रविता भारद्वाज ने कहा कि हम सभी को अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए, 'राष्ट्र प्रथम' के उनके संकल्प को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। वाजपेयी का जीवन और उनके विचार हमेशा हमें प्रेरित करते रहेंगे।

### भनेई का गायब युवक लखीमपुर में मिला

अनंत ज्ञान, जवाली। पुलिस थाना जवाली के अधीन भनेई से गायब हुए युवक को पुलिस ने दो दिन में ही लखीमपुर में ढूंढ निकाला है। जानकारी के अनुसार भनेई का 16 वर्षीय युवक केशव कुमार सोमवार को रोजाना की भांति घर से स्कूल को निकला, लेकिन न तो स्कूल पहुंचा और न ही वापस घर पहुंचा। युवक की माता ने देर रात तक अपने बेटे के घर आने का इंतजार किया तथा सभी रिश्तेदारों से भी फोन करके पता किया, परंतु कोई पता नहीं चला। युवक की माता ललिता ने पुलिस थाना जवाली में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के साथ ही आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने भनेई से गायब हुए 16 वर्षीय केशव कुमार को लखीमपुर से फोन की लोकेशन के आधार पर ढूंढ निकाला है। पुलिस युवक को लखीमपुर से वापस जवाली ला रही है। परिजनों ने राहत की सांस ली है।



### सारथी सत्यम रथ एनजीओ ने बांटे कंबल



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। बैजनाथ उपमंडल की अग्रणी एनजीओ सत्यम सारथी रथ के तत्वावधान में सदस्यों ने महात्माओं, गरीब व राहगीरों को कंबल बांटे। चामुंडा हाल में आयोजित इस सादे समारोह में डेढ़ दर्जन राहगीरों को कंबल दिए गए। उक्त संस्था समय समय पर एसे कार्य कर्म आयोजित कर सामाजिक कार्य करती रहती है संस्था ने आम युवाओं का आह्वान किया है कि वे भी एसी सामाजिक संस्थाओं से जुड़ें, ताकि साधनहीन लोगों की परोक्ष तथा अपरोक्ष रूप से मदद हो सके।

### क्रिसमस पर पूरी तरह पैक रहे ज्यादातर होटल

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। क्रिसमस का त्यौहार होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए खुशियों सौगात लेकर आया है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बना चुकी बीड़ बिलिंग घाटी में क्रिसमस के मौके पर अधिकांश होटल पूरी तरह से पैक नजर आए। पिछली बार जहां बर्फबारी ना होने की वजह से देश-विदेश से आए हुए पर्यटकों को निराशा हाथ लगी थी, परंतु इस बार क्रिसमस से एक दिन पहले बिलिंग घाटी में जमकर बर्फबारी होने से पर्यटकों के लिए तो जैसे यह घाटी किसी जन्नत से कम नहीं लग रही है। देश-विदेश से आए हुए पर्यटकों ने खिल खिलाती धूप में बर्फ से खेलने और पैराग्लाइडिंग के जमकर मजे लिए।

### मनियाला में बच्चों ने क्रिसमस पर बांटे उपहार



अनंत ज्ञान, गरली। गरली के गांव मनियाला में 25 दिसंबर को सांता क्लॉज बने 5 वर्षीय आराध्य शर्मा, नायरा शर्मा, आरुष शर्मा व अन्य बच्चों ने क्रिसमस पर्व बड़े ही उल्लास से मनाया। सांता क्लॉज की भेषभूषा में सजे उक्त नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपने गांव के प्रत्येक बच्चे को अपने घर-घर जाकर क्रिसमस की बधाई दी और टॉफियां एवं मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

### क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल में कार्निवाल की धूम



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ में तीसरे कार्निवाल का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक किशोरी लाल रहे। स्कूल के निदेशक रिशव अवस्थी ने मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। निदेशक रिशव अवस्थी ने कहा कि इस कार्निवाल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता और उनके हुनर को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्निवल को देश के चारों हिस्सों में साउथ नॉर्थ ईस्ट तथा बेस्ट भागों में विभाजित किया गया है। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शन और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### हरि मानव एकता संत सम्मेलन आयोजित



अनंत ज्ञान, पठानकोट। प्रत्येक वर्ष स्वामी जगत गिरि आश्रम में 25 दिसंबर को हरि मानव एकता संत सम्मेलन स्वामी जगत गिरि ट्रस्ट की ओर से संत श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज की रहनुमाई में आयोजित होता है। इस बार भी 25 दिसंबर को लाखों श्रद्धालुओं ने गुरु दर्शन किए और अपना जीवन सफल बनाया। श्री गुरु रविदास चौक पर पीस टैंपल में सुबह 10 बजे अरदास की गई।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल को अर्पित की श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, शाहपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वें जन्मदिन पर भाजपा मंडल शाहपुर द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत दुर्गम गांव रेलू-बोडू सारना प्रधानमंत्री, सड़क पर सुशासन दिवस पर पैदल विकास यात्रा निकालकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में एकत्रित सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री के चौहान भारतीय जनता पार्टी जिला के उपाध्यक्ष अशोक वशिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नैना देवी, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के सचिव मनजीत, जिला के आईटी संयोजक जसविंदर सिंह जग्गु, प्रसचिव केशव शर्मा, भाजपा की नेता राकेश आबरुल, जगदीश चौधरी उपस्थित रहे।

### मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का किया विरोध

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। स्वाभिमान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 21 से 23 दिसंबर टौंक (राजस्थान) में देश के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का जबरदस्त विरोध किया गया। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुलीन राव सिंह शेखावत द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा कि देश में स्थापित पार्टियों द्वारा चुनाव जीतने के लिए दी जा रही सौगातों से देश, समाज तथा आम नागरिक के स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है।

# देश की भावी पीढ़ी के भविष्य निर्माण का आधार हैं स्कूल : केवल पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने सिहुंवा के वार्षिक उत्सव में होनहार बच्चे किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, शाहपुर



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विद्यालय देश की भावी पीढ़ी के भविष्य निर्माण का आधार होते हैं। एक अच्छा अध्यापक समय के साथ अपने ज्ञान को अपडेट करने के साथ अपनी शिक्षण पद्धति में आवश्यक बदलाव करता है ताकि बच्चों को पढ़ाई में अधिक से अधिक लाभ पहुंच सके। बुधवार को राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहुंवा के पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ शिक्षा में गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शुरू किया है, ताकि बच्चे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा की प्रदेश में 850 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र का जीवन उसके शिक्षकों के इर्द-गिर्द घूमता है। शिक्षक प्रत्येक छात्र के प्रारंभिक शैक्षणिक और व्यावसायिक कैरियर के मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल विषय ज्ञान प्रदान करने के लिए बल्कि अपने छात्रों में कैरियर मार्गदर्शन और नैतिक आदर्श स्थापित करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। मुख्यातिथि ने कहा कि राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अतिरिक्त कमरे बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत की जाएगी। इस मौके पर प्रधान अजय बबली, देवदत्त शर्मा, यशपाल राणा पूर्व उप प्रधान,जोगिंदर सिंह राणा,बलदेव राणा, एडवोकेट एवं पूर्व प्रधान विजय मेहरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त शर्मा, जिलापरिषद सदस्य नीना ठाकुर, बलबीत दयोलिया, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैप्टन बाली राम,युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांश कटोच, कुलभूषण चौहान, देवराज मन्हास पूर्व प्रधान, मदन राणा, हैप्पी सिंह, ओंकार सिंह,लाल मन पूर्व प्रधान,भरत जरयाल,मीचु राम, अखिल कुमार युवा कांग्रेस, मलेंद्र कुमार एनएसयूआई व स्थानीय जनता उपस्थित थी।

## ड्राइवर के घर पर खड़ी थी स्कूल बस, शराब बरामदगी की खबर भ्रामक: डॉ. राजीव

अनंत ज्ञान, जवाली। जवाली के पलौरा में स्थित स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन ने उनके स्कूल की बस से शराब बरामदगी के संदर्भ में प्रकाशित खबर के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए इस खबर को सिरे से खारिज किया है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. राजीव सिंह नरयाल ने प्रेस को जारी एक बयान में बताया कि उनके पास स्कूल बस में शराब ले जाने की ऐसी कोई सूचना नहीं है, बल्कि यह केवल हमारे स्कूल की बस का दुरुपयोग है, जिसे केवल छात्रों को ले जाने के लिए तैनात किया गया था। यह भी ध्यान देने योग्य है कि बस को स्कूल ड्राइवर (संदीप कुमार, पुत्र पृथी सिंह निवासी गांव समकेहरड़, पोस्ट ऑफिस-जुंका रतियाल) द्वारा ले जाया गया था और यह बस उनके घर पर ही खड़ी थी। जांच से हमें इस तथ्य के बारे में पता चला कि ड्राइवर 24 दिसंबर, 2024 को अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि यह खबर बिलकुल भ्रामक है, इसलिए समाज के ध्यान में लाना तथा लोगों को तथ्य की वास्तविकता से अवगत कराना मेरी जिम्मेदारी है। साथ ही कहा कि ऐसे अपराध करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए जो न केवल ऐसी गतिविधियों से समाज को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि शिक्षा के ऐसे महान संस्थान को भी बदनाम कर रहे हैं।

## हैप्पी बर्थडे



बग्गी (मंडी) के अयान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



राजोल की ईशा मिन्हास को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जसौर की कोमल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## चीन के अवैध कब्जे के कारण रुकी हुई है तिब्बत की प्रगति: खेंपो सोनम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



कार्यशाला को संबोधित करते तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल।

निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल प्रीफेक्ट्स और कैप्टन के लिए नेतृत्व कार्यशाला को संबोधित किया। 28 दिसंबर तक चलने वाली यह कार्यशाला धर्मशाला के प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की जा रही है। सोनम ने कहा कि तिब्बती लोकतंत्र की प्रगति चीन के अवैध कब्जे के कारण बाधित हुई। अपने भाषण में स्पीकर ने तिब्बती लोकतंत्र के विकास पर चर्चा की और इसे दलाई लामा की आकांक्षा के रूप में उजागर किया, जिन्होंने तिब्बती लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था का सपना सौंपा था। स्पीकर तेनफेल ने 1956 में भारत और 1954 में चीन की अपनी यात्राओं के दौरान दलाई लामा द्वारा की गई टिप्पणियों को याद किया। सोनम तेनफेल ने निर्वासित तिब्बती संसद के विकास पर विस्तार से बताया। उन्होंने 1991 में निर्वासित तिब्बतियों के चार्टर को अपनाने जैसे प्रमुख मील के पत्थरों को भी कवर किया। तिब्बती लोकतंत्र की संरचना, जिसमें निर्वासित तिब्बती संसद की एकसदनीय प्रणाली भी शामिल है, की व्याख्या करते हुए, अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल ने प्रवासी समुदाय के रूप में तिब्बतियों की अतिरिक्त जिम्मेदारियों पर जोर दिया।

## खड़ौठ हार में कबीर पंथी समाज सुधार सभा ने की बैठक

अनंत ज्ञान, डरोह। हिमाचल प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा तहसील पालमपुर की कार्यकारिणी की बैठक खड़ौठ हार में कैप्टन हरनाम सिंह के घर पर पालमपुर तहसील के प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में युवाओं को शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। खड़ौठ हार में हुई इस बैठक में हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष मस्तराम और कांगड़ा जिला के अध्यक्ष मास्टर प्रताप चंद कौशल पालमपुर इकाई के सचिव विकास, जिला के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन धर्मवीर डोगरा, तहसील के पूर्व प्रधान मिलाप चंद कौशल, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. धनीराम, डॉ. जोगिंदर पाल, कुलदीप कुमार, विक्रम जीत व गगनदीप उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने भारत रत्न वाजपेयी को अर्पित किए श्रद्धासुमन



अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने ग्राम पंचायत जांगल (जयसिंहपुर) के बूथ नंबर 72 में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अटल का जीवन भारतीय राजनीति समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके अपार योगदान का प्रतीक है। अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र प्रेम और दृढ़ नायकत्व से भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। अटल के नेतृत्व में भारत ने सड़क निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, और सामाजिक योजनाओं में अभूतपूर्व प्रगति की। उनकी राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कदम भारतीय समाज में बदलाव लाने के लिए मील का पत्थर साबित हुए। उनका जीवन हमें न केवल राजनीति, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रेरित करता रहेगा। हम उनके विचारों और कार्यों से प्रेरित होकर उनके आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। अन्होंने समस्त बूथ कमेटी एवं कार्यकर्ता सहित वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं

अनंत ज्ञान, जवाली। कृषि व पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और उनके हितों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार सर्वोच्च अधिमान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का युवाओं से आह्वान किया। कृषि मंत्री बुधवार को जवाली रेस्ट हाउस में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों तथा सदस्यों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम चलाए गए हैं।

## स्वयंसेवियों ने मुचकुंड महादेव में की सफाई

परागपुर। राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के एनएसएस शिविर के चौथे दिन भी स्वयंसेवी समाजसेवा में लगे रहे। स्वयंसेवी विशेष रूप से मुचकुंड महादेव पहुंचे और वहां साफ -सफाई करने के साथ साथ वहां के शुद्ध पर्यावरण को बचाने में भी योगदान दिया। मंदिर कमेटी के साथ साथ पंचायत सदस्यों ने स्वयंसेवियों की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा और पंचायत प्रधान अशोक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा देश की संस्कृति के प्रति हमें सजग होना पड़ेगा और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा।

## सांसद राजीव भारद्वाज ने नवाजे होनहार



फतेहपुर। उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर स्थित श्री नृसिंह सरस्वती विद्या मंदिर फतेहपुर में बुधवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें लोकसभा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। अंत में मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार बेहतर शिक्षा देने वाले स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को मात्र स्कूल के सहारे ही न छोड़ें, खुद भी बच्चों का ध्यान रखें व उनके लिए समय निकालें। अंत में मुख्यातिथि ने साल भर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया।

## विधायक के पुत्र का स्कूल के समारोह में भाग लेना संवैधानिक पद का दुरुपयोग : मुल्ख राज

पंकज दीक्षित, पपरोला

पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के पारितोषिक वितरण में विद्यालय प्रशासन द्वारा स्थानीय विधायक को मुख्यातिथि के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया, लेकिन बड़े अचरज की बात है कि कार्यक्रम में विधायक तो नहीं आए, लेकिन उनके पुत्र ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया, जो कि संवैधानिक पदों का सरासर दुरुपयोग है। पूर्व विधायक ने कहा कि यदि विधायक किसी आवश्यक कार्य के कारण स्कूल के कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकते थे तो अन्य कोई प्रशासनिक अधिकारी दायित्व का निर्वाह कर सकता था, लेकिन इस तरह विधायक के पुत्र का स्कूल के कार्यक्रम में भाग लेना सरासर गलत है। मुल्ख राज प्रेमी ने कहा कि पिछले दिनों पपरोला के बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण के नाम पर पुनः उद्घाटन किया जिसका वह पूर्व में पहले से ही उद्घाटन कर चुके थे।

प्रेमी ने कहा कि और तो और उनके नाम की जो प्लेट वहां पर लगी थी, उसको भी वहां से हटा दिए गया है जो कि सही परिपाटी नहीं है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ में कांग्रेस के मौजूदा कार्यकाल में विकास कार्य तो नहीं हुए, केवल बदला-बदली के कार्य हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## छात्रों को बताए साइबर क्राइम से बचने के तरीके

राकेश डोगरा, डरोह



महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सुनील कुमार पुलिस चौकी इंचार्ज थुरल उपस्थित रहे । उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए नशे के प्रति जागरूक किया व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने साइबर अपराध से होने वाली घटनाओं से बच्चों को अवगत कराया व इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी और उन नियमों का पालन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा की नशा क्या है कैसे धीरे-धीरे जीवन खत्म करता है इससे कैसे बचा जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर पवन राणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयं सेवियों को जीवन में नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा, प्राध्यापक विजय राणा, सलामुद्दीन और अजय कुमार, पुलिस कांस्टेबल सुजल, सौरभ, पंकज, दिव्यांश जम्वाल, अनामिका, विशाल, अमन, तनु, वैशाली, नैंसी, मुस्कान, तमन्ना, कुणाल, अनमोल, अविनाश, साहिल नाग, अनुज, शिवांगी, वरुण जम्वाल, अभिनव, मनीष, कृष, इशिका सानिया, शिवानी, पंकज, साईना, प्रिंस, गुंजन, ईशा व करण उपस्थित रहे अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## जयसिंहपुर में सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर कॉलेज में बुधवार को महाविद्यालय की आपदा प्रबंधन समिति के द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन डीडीएमए धर्मशाला की टीम को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया। इसमें को-ऑर्डिनेटर हरजीत सिंह भुल्लर और उनकी टीम के दो सदस्य शामिल रहे। इस दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक प्रो. इंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन से सबंधित जानकारी प्रदान करना रहा, जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों व अन्य छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## डिपुओं में न सरसों का तेल, न ही दालें, खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

सालबिया शर्मा, गरली

प्रदेश में पिछले कई महीनों से कमर तोड़ महंगाई की समस्या से जूझ रहे लाखों लोगों को डिपुओं में भी राहत नहीं मिल रही है। हालत यह है कि दिसंबरमहीना बीतने को है, लेकिन उपमंडल देहराके किसी भी डीपो में उपभोक्ताओं को इस महीने सरसों के तेल सहित तीन दालों का कोटा उपलब्ध नहीं हुआ है। इससे हर कोई उपभोक्ता खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े करने लगे हैं। उपमंडल के अंतर्गत अधिकतर डिपुओं में तो उपभोक्ताओं को पिछले महीने भी सरसों का तेल नहीं दिया गया है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वे बाजार से तेल और डालें खरीदने को लोग मजबूर हैं। वहीं, डिपुओं में सरसों का तेल और दालों का कोटा कब तक उपलब्ध होगा, इस बात की भी उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं, जब इस बारे सिविल सप्लाई निरिक्षक देहरा के लबनीत डोगरा से बात की तो उन्होंने कहा कि अभी पीछे से ही सप्लाई नहीं पहुंची है। (अनंत ज्ञान)

## एसएमआई अस्पताल घुरकड़ी में 120 मरीजों की आंखों का चेकअप

आशीष दमीर, कांगड़ा



डॉ. संदीप महाजन

एसएमआई अस्पताल के निर्देशक व चीफ आई सर्जन डॉ. संदीप महाजन ने जानकारी देते हुए कि 21 दिसंबर को घुरकड़ी स्थित एसएमआई हॉस्पिटल में ड्राई आई कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 120 से ज्यादा मरीजों की आंखों का सफल निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि 20 के करीब मरीजों की आंखें ड्राई आई जैसे रोग से ग्रस्त पाई गईं। अस्पताल की टीम आई सर्जन डॉक्टर संदीप महाजन डॉक्टर गीतांजलि सूद, डॉक्टर बिना शाह डॉक्टर कुमारी मुग्धा डॉक्टर अदिति पाराशर और आप्थाल्मिक ऑफिसर अंजू मोगरा डॉक्टर अदिति पाराशर व वरिष्ठ इस कैंप में मरीजों की आंखों के निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की बीमारियां सामने आईं, जिसमें मुख्य सफेद मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, आंखों के परदे से संबंधित रहीं। कैंप में नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों की ड्राई आई यानी आंखों का सूखापन से मरीजों को अवगत करवाया, जिसमें आंखों के सूखापन के लक्षण वह उसके बचाव वह रोकथाम के बारे में मरीजों को बताया गया।

उन्होंने बताया कि इस रोग से ग्रस्त रोगी को समय रहते नेत्र विशेषज्ञों से आंखों का उपचार करवाना चाहिए। रोग के मुख्य लक्षण आंखों की थकावट महसूस करना नजर का धुंधला होना आंखों में रड़क और खुजली होना, आंखों की प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता इत्यादि हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** बुधवार को भराड़ी में भारतीय जनता पार्टी के नव गठित भाजपा मंडल द्वारा अटल जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम के तहत सुशासन दिवस के रूप मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक राजेंद्र गर्ग उपस्थित हुए। मंडलाध्यक्ष जोरावर सिंह पटियाल ने समस्त मंडल सदस्यों सहित वाजपेयी को पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत मंडल की कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने वाजपेयी की जीवनी पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लस्करी राम, कृष्ण सिंह ठाकुर, ब्रह्मदास गौतम, संजय ठाकुर, चंद्र शेखर आदि उपस्थित रहे।

### ब्रेन ट्री सिटी स्कूल में विद्यार्थी सम्मानित



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** ब्रेन ट्री सिटी स्कूल झंडूता का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें मुख्यातिथि सोहन लाल सहगल रिटायर्ड प्रिंसिपल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पहले प्रधानाचार्य वीना चंदेल व रचना ठाकुर प्रबंधक ने मुख्यअतिथि व अन्य अतिथियों व बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुक्त किया। मुख्यातिथि ने बच्चों को पढ़ाई खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे नमन, रिहान तनवी प्रगति मन्नत दिव्यांश विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ में उन्हें अनुशासन का महत्व बताया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति का धन्यवाद किया। इसके साथ अन्य गतिविधियों में भी शानदार भूमिका अदा करने वाले बच्चों को पुष्पित किया। साथ में बच्चों को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने अध्यापकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों के ऊपर विशेष ध्यान रखें। ताकि बच्चा नशे के लत से बच सके। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य गुलाबु राम, डीआर शर्मा, प्यारे लाल जनेऊ, कुलदीप ठाकुर, शिवा गुरुकुल स्कूल झंडूता के प्रधानाचार्य डीआरशर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी ने केशव को सौंपी कमान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी ने बिलासपुर में जिला कार्यकारिणी को दोबारा गठित करते हुए केशव नरियाल को बिलासपुर जिला की कमान सौंपी है। इसके अलावा पार्टी ने अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है। इसके साथ ही पार्टी ने रमेश चंदेल, कृष्ण पाल, राजकांत शर्मा, मस्त राम को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है, जबकि आशीष गौतम को सचिव, स्वप्निल ठाकुर को कोषाध्यक्ष, सतीश शर्मा, मनोहर लाल, विचित्र सिंह, केवल ठाकुर को संयुक्त सचिव चुना गया है। केशव नरियाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। सर्किट हाऊस बिलासपुर में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष केशव नरियाल ने पत्रकार वार्ता में पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। कहा कि पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। वहीं, भाजपा व कांग्रेस दोनों दल आम जनता को महज वोट बैंक ही समझते हैं। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को इस मसले को लेकर माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान जिला सचिव आशीष गौतम, उपाध्यक्ष रमेश चंदेल, उपाध्यक्ष मस्तराम, उपाध्यक्ष राजकांत शर्मा, राज्य प्रवक्ता बलदेव राज शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### धर्माणी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने हटवाड़ स्कूल में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा और समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है, और हमें अपने बच्चों को मल्टीनेशनल कंपनियों और वैश्विक मंचों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, खेलकूद, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड और कलात्मक गतिविधियों में भागीदारी को भी शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गिद्दा, नाटक, एकल नृत्य, भांगड़ा और समूह गान जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य दलीप सिंह ने मुख्यातिथि तथा अन्य अतिथियों और उपस्थित समुदाय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा निदेशक जोगिंद्र सिंह राव, प्रधान नंदलाल शर्मा, बीडीसी सदस्य सुरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### राम लाल शर्मा प्रधान व करनैल चंदेल बने उपप्रधान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के बरमाणा स्थित भूतपूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा सीमित के चुनाव बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। सात सदस्यों की कार्यकारिणी के चयन के लिए आयोजित किए गए चुनाव में राम लाल शर्मा को प्रधानपद व करनैल सिंह चंदेल को उपप्रधान की कमान सौंपी गई। जिसमें सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर की ओर से इंस्पेक्टर सदर ब्लॉक, कार्तिक ठाकुर ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की और उसे सही ढंग से पूरा करवाया। डी दधोल कृषि सेवा सहकारी सीमित के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमराज निखिल को चुनाव की प्रशासनिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने का कार्य सौंपा गया। चुनाव के संचालन के लिए इंस्पेक्टर कार्तिक ठाकुर ने सूबेदार बालक राम को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। इस चुनाव के परिणामस्वरूप नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर चुने गए सदस्यों में प्रधान राम लाल शर्मा, उपप्रधान करनैल सिंह चंदेल के अलावा सदस्यों में रणजीत सिंह ठाकुर (धार-टटोह), सतीश कुमार (झंडूता), नंद लाल चौधरी (बामटा), दौलत राम (बागी-बिनौला), होशियार सिंह (कोटलू बरठी) को जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभा में कुल 418 सदस्य हैं और जनरल हाउस के लिए कम से कम 50 सदस्य की उपस्थिति आवश्यक थी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विशेष सभा का कोरम पूरा हुआ है। इस प्रक्रिया के दौरान 27 दिसंबर को पुरानी कार्यकारिणी की अवधि समाप्त हो रही थी, जिससे चुनावों की समय सीमा और भी महत्वपूर्ण हो गई थी। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं इंस्पेक्टर कार्तिक ठाकुर और हेमराज निखिल ने सभा के सदस्यों को को-ऑपरेटिव सोसायटी के फायदे और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभा में भूतपूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा सीमित के वार्षिक लेखा जोखा सभा के समक्ष चुनाव प्रशासनिक अधिकारी हेमराज निखिल ने प्रस्तुत किया।

# नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को जब्त करेगी बिलासपुर पुलिस

## वाहन चालक को चालान व क्रेन का खर्च भी करना पड़ेगा वहन

**शुभम राही, बिलासपुर**




अब अगर आपने नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े किए तो बिलासपुर पुलिस उस वाहन चालक का चालान ही नहीं बल्कि उस वाहन को जब्त भी कर लेगी। वहीं, उन वाहनों को वापस लेने के लिए आपको संबंधित थाना में जाना होगा। जी हां, बिलासपुर पुलिस पहली बार जिले में क्रेन के माध्यम से वाहनों को जब्त करेगी।

यहीं नहीं, वाहन चालक को इसके लिए जुर्माना भी अदा करना होगा, साथ ही क्रेन का शुल्क भी अदा करना पड़ेगा। जिला में पार्किंग व्यवस्था सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन इस तरह के कड़े नियम लागू करने जा रहा है, ताकि जिला में पार्किंग व्यवस्था बनी रहें। पुलिस प्रशासन द्वारा क्रेन किराए पर लेने के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इस खबर की पुष्टि बिलासपुर पुलिस एसपी शिव कुमार चौधरी ने की। जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा एक क्रेन सप्लायर को ठेका जारी कर दिया है। अब पुलिस जरूरत के हिसाब से संबंधित ठेकेदार से क्रेन लिया करेगी।

बता दें कि बिलासपुर और घुमारवीं शहर में लोग नियमों को ताक पर रखकर कार व गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है। जिससे कई बार यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। हालांकि, पुलिस द्वारा चालान तो कर दिया जाता है, लेकिन यातायात को बहाल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अब पुलिस संबंधित वाहन को क्रेन के माध्यम से टो करके नजदीकी थानों में पहुंचाएगी। जिसके बाद संबंधित वाहन मालिक को वाहन छुड़वाने के लिए जूझना देना पड़ेगा, बल्कि जुर्माना अदा करने के साथ ही क्रेन के माध्यम से थाने तक पहुंचाने का खर्चा भी देना पड़ेगा।

शुरुआती दौर में पुलिस द्वारा इस योजना को बिलासपुर व घुमारवीं शहर में शुरू किया जाएगा और उसके बाद अन्य कस्बों में इसे लागू किया जाएगा। आपको बता दें कि बिलासपुर जिला के घुमारवीं और बिलासपुर शहर में वाहन खड़े करने की वजह से काफी जाम की स्थिति बनीं रहती है। जिसके चलते पुलिस को काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाना पड़ता है। ऐसे में अब पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े नियम लागू किए जा रहे हैं, ताकि लोग अपने वाहनों को सही तरीके से पार्क करें। (अनंत ज्ञान)

> नो पार्किंग जोन पर वाहन खड़े करने के खिलाफ अब बिलासपुर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। क्रेन के माध्यम वाहनों को हटाया व जब्त किया जाएगा। नियमों की अवहेलना करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।
>
> 
>
> -शिव कुमार चौधरी, एसपी बिलासपुर।

# नगर परिषद घुमारवीं शहर में 22 दुकानों का करेगी निर्माण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



नगर परिषद घुमारवीं द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में करीब 22 दुकानों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। यह फैसला नगर परिषद द्वारा आयोजित एक बैठक के बाद लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल द्वारा की गई।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद जल्द ही शहर के विभिन्न वार्डों में करीब 22 दुकानों का निर्माण करेगा। जिसके लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। नगर परिषद इसके लिए जल्द ही टेंडर आमंत्रित करने की कवायद शुरू करेगा। इन दुकानों को नगर परिषद घुमारवीं किराए पर आबंटन करेगी। इन दुकानों का निर्माण शहर के विभिन्न वार्डों में किया जाएगा। जिसके तहत वार्ड नंबर एक में स्थित अंबेडकर वार्ड के साथ नगर परिषद 10 दुकानों का निर्माण करेगा। वहीं, कोर्ट परिसर के पास बने हेलीपैड के पास भी तीन दुकानों का निर्माण होगा, जबकि वार्ड नंबर 7 दकड़ी में भी तीन दुकानें बनाई जाएगी। वार्ड नंबर 4 हार कुकार में संतोषी माता मंदिर के समीप दो दुकानों का निर्माण किया जाएगा, वार्ड नंबर 5 बजोहा वार्ड में हॉस्पिटल के नजदीक भी दुकानें बनाने का निर्णय नगर परिषद द्वारा लिया गया है।

उन्होंने कहा कि शहर में चरणबद्ध तरीके से विकास करवाया करवाए जा रहे हैं। इसी के तहत इन दुकानों का निर्माण करवाया जाएगा। इस निर्माण कार्य के लिए शीघ्र ही टेंडर आवंटित किए जाएंगे, ताकि जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन दुकानों के निर्माण से आने वाले समय में आसपास के क्षेत्र के दुकानदारों को व्यवसाय करने के लिए उचित दुकानों की सुविधा मिलेगी तथा लोगों को भी शहर से बाहर खरीदारी करने की सुविधा प्राप्त होगी। क्योंकि इस शहर में अत्यधिक यातायात के दबाव के चलते लोगों को खरीदारी करने में दिक्कतें आती है लेकिन इन दुकानों के बनने से लोगों को यहां पर पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी तथा लोग आराम से अपनी खरीदारी कर पाएंगे।

## ब्रह्मदास गौतम व संजय ठाकुर बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के नवगठित भाजपा मंडल भराड़ी के अध्यक्ष जोरावर सिंह पटियाल ने कार्यकारिणी का ऐलान किया। जिसमें दो महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष, पांच सचिव, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता, सह मीडिया प्रभारी, कार्यालय प्रमुख व स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किए गए।

इसके अलावा भाजपा विचारधारा से संबंधित पंचायत प्रतिनिधिमंडल सदस्य होंगे। पटियाल ने बताया कि कार्यकारिणी में ब्रह्मदास गौतम व संजय ठाकुर को महामंत्री, हेमराज शर्मा, प्रताप राव, चमन लाल शर्मा, बीना ठाकुर व बबीता शर्मा को उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह, परमजीत ठाकुर, नवल किशोर, अनीता धीमान व अजय कुमार को सचिव, जोगेंद्रपाल शर्मा कोषाध्यक्ष, श्याम लाल शर्मा मीडिया प्रभारी, अमरनाथ शर्मा प्रवक्ता, ओम प्रकाश शर्मा सह मीडिया प्रभारी व दुनी चंद शर्मा कार्यालय प्रमुख नियुक्त किया गया। इसके अलावा ओंकार सिंह चौहान, प्रेम सिंह, राजेश ठाकुर, प्रेम चंद शास्त्री, रविंद्र कुमार, कुलबीर सिंह, प्रीतम सिंह, बलदेव सेठी, कर्म सिंह जसवाल, कैप्टन राम कृष्ण, लेख राम शर्मा, नंद लाल शर्मा, सुरेंद्र कुमार, नंद लाल जसवाल, प्रदीप ठाकुर, मेहर सिंह, कुंदन शर्मा, जयकृष्ण शर्मा, अनिशा शर्मा, रंजना ठाकुर, शिल्पा ठाकुर, व्यासा देवी, रोशनी देवी, लक्ष्मी देवी, मनजीत सिंह, आंचल रणौत, शीतल नेगी, मनोहर ठाकुर व निर्मला देवी को सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में पूर्व मंडल अध्यक्ष एलआर शर्मा, सूरत राम ठाकुर, कृष्ण सिंह ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन रमेश ठाकुर, जिला पार्षद मदन धीमान, जिला पार्षद आईडी शर्मा, इंदू शर्मा, शीतल भारद्वाज, अमरनाथ भारद्वाज, चुनी लाल लखनपाल, कर्म सिंह, वीरी सिंह शांडिल बीएस जसवाल, बिशन दास, राजेश ठाकुर, रक्षा कपिल, तारा चंद धीमान, रीना ठाकुर, बलवंत सिंह कमल, केडी शर्मा आदि को स्थायी आमंत्रित सदस्य चुना गया।

## सदर के 101 बूथों पर स्व. वाजपेयी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सदर मंडल भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया। उनकी 100वीं जयंती पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 101 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित करके स्व. वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के विकास व उत्थान में उनकी सेवाओं को याद किया गया। भाजपा के नवगठित सदर मंडल के तहत भटोली (मल्यावर) में आयोजित कार्यक्रम में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। वर्ष 1968 में वह जनसंघ के अध्यक्ष भी बने। वह अपने सिद्धांतों पर हमेशा अटल रहे। 9 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के सदस्य चुने गए स्व. वाजपेयी 1998 में देश के प्रधानमंत्री बने। बहुमत साबित नहीं कर पाने पर सत्ता के लिए घटिया राजनीति का सहारा लेने के बजाए उन्होंने पद से इस्तीफा देना ठीक समझा। वर्ष 1998 में वह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। सहयोगी दलों के समर्थन वापस लेने पर भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। 13 माह के बाद केवल एक वोट से उनकी सरकार गिर गई थी। 1999 में ही वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और 2004 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। वाजपेयी दूरदर्शी सोच रखते थे। उन्होंने भारत को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने का ईमानदारी से प्रयास किया। वर्तमान में देश का हर गांव सड़क सुविधा से जुड़ रहा है। इसका श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को ही जाता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी। कई विकसित राष्ट्रों के दबाव के बावजूद उनके प्रधानमंत्री रहते हुए भारत ने परमाणु परीक्षण करके इसका प्रमाण दिया था। उनके सपने को साकार करने के लिए मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें हर व्यक्ति को बढ़चढ़ कर अपना योगदान देना चाहिए। स्व. वाजपेयी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी यही होगी।

## स्व. वाजपेयी को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए बुधवार को झंडूता मंडल भाजपा ने विधानसभा क्षेत्र के सभी 108 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए।

विधायक जीतराम कटवाल ने अपनी गृह पंचायत झंडूता के बूथ-65 पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने भाजपा कार्यालय में स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। देश के प्रति उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्होंने उनके विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित लगभग अढ़ाई किलोमीटर लंबी झंडूता-मुकड़ाना सड़क पर बूथ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा भी निकाली।

गांवों व पिछड़े इलाकों के उत्थान के उद्देश्य से अपनी इसी सोच को अमलीजामा पहनाते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। इस योजना से ग्रामीण इलाकों की तस्वीर और तकदीर बदली है। वहीं, झंडू गांव के नरेश कुमार भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। जीतराम कटवाल ने भगवा पटका पहनाकर भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया।

## घंडीर पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।**



घंडीर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि उपनिदेशक उच्च शिक्षा बिलासपुर जोगिंद्र सिंह राव ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्कूल प्रबंधन की काफी सराहना की है व छात्र-छात्राओं को शिक्षा संबंधी व अन्य शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार सरकार द्वारा छात्राओं के उत्थान व शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने की विभिन्न जानकारियां दी।

इस अवसर पर उपनिदेशक पारंपरिक शिक्षा कमल देव ज्ञान धन से सर्वोत्तम है। अतः धन की आपको रक्षा करनी है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम की जीवनी पर संक्षिप्त परिचय से अवगत कराते हुए उनके पदचिन्हों पर खरा उतरने का आह्वान किया है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका वीना शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, भाषण व कविताएं व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य अभिभावक व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भाजपा की मनुवादी सोच आई सामने : विजय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

युवा कांग्रेस के पूर्व राज्य प्रवक्ता विजय कुमार ने गृहमंत्री के ब्यान का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री का बयान दर्शाता है कि अभी भी इनके जहन में मनुवादी सोच चल रही है। इनका वश चले तो ये संविधान की जगह मनुस्मृति को लागू कर दें, लेकिन देश की 80 प्रतिशत जनता के लिए, मुक्तिदाता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की कुर्बानी के कारण आज देश के शोषित, वंचित, दलित और पीड़ित लोगों को सिर उठाने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री जो संविधान की शपथ लेकर संसद में पहुंचे हैं, उनके द्वारा इस प्रकार की घटिया मानसिकता से ओत-प्रोत यह बयान निंदनीय है।



उन्होंने कहा कि देश अगर आज विकास के पथ पर अग्रसर है तो यह कदापि न भूलें कि इसमें समाज के हर धर्म हर वर्ग और हर जाति के लोगों का बराबर योगदान है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को सार्वजनिक रूप से देश की जनता माफी मांगनी चाहिए। अगर गृहमंत्री अपने दिए गए ब्यान पर माफी नहीं मांगते हैं तो इसके परिणाम भाजपा को गंभीर रूप से भुगतने पड़ेंगे।

## हेल्पिंग हैंड्स एवं लाडली फाउंडेशन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ एवं लाडली फाउंडेशन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी को ज्ञापन सोपा। हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ की जिलाध्यक्ष नीलम सुद एवं लाडली फाउंडेशन के राज्य उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत की अगुवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी से ज्ञापन में मांग की गई कि बिलासपुर शहर में स्थित स्कूलों के बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस की गस्त बढ़ाई जाए क्योंकि अधिकतर मौखिक रूप से शिकायत मिल रही है कि शहर में स्थित स्कूलों के बाहर असामाजिक तत्व मोटरसाइकिल्स में बेढंग तरीके से तेज वाहन चलाते हैं जिससे स्कूली छात्राओं में डर का माहौल रहता है। इसके अलावा मांग की गई की जिला बिलासपुर में नशे के खिलाफ कठोर लगाम कसी जाए। इस मौके पर प्रमुख समाज सेविका प्रिति भाटिया, चंपा देवी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षा हर बच्चे का मूल अधिकार : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में क्लस्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रशासन ने उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रीतलाल शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस पारितोषिक वितरण समारोह में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नम्होल, तीन हाई स्कूल, एक मिडल स्कूल और एक प्राथमिक पाठशाला को क्लस्टर के रूप में जोड़ा गया था। इनमें राजकीय उच्च पाठशाला घयाल, टैपरा खास, पलोग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल और उच्च पाठशाला जामला, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नम्होल शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान रामलाल ठाकुर ने शिक्षा के प्रति सरकार की भूमिका और नीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मूल अधिकार है और सरकार इसे सुदृढ़ करने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। प्रधानाचार्य प्रीतलाल शर्मा ने सभी स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि स्कूल के तीन छात्र राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने एनएसएस, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी।

**दिक्कत** — शहर से उठाया कूड़ा अब अपने प्रांगण में किया जा रहा एकत्रित, अल्ट्राटेक, अंबूजा नहीं ले रही कूड़ा

# नगर परिषद प्रांगण में बनने लगा कूड़े का पहाड़, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाली नगर परिषद बिलासपुर इन दिनों खुद कूड़े के जंजाल में फंसी हुई है। नगर परिषद बिलासपुर के प्रांगण में इन दिनों कूड़े का पहाड़ बन गया है। शहर से नप कूड़ा तो एकत्रित कर रही है, लेकिन इस कूड़ा को डंप कहां पर करें यह नप के लिए परेशानी बन गई है, क्योंकि यहां पर अल्ट्राटेक, अंबुजा सीमेंट कंपनी भी अब सूखा कूड़ा नहीं ले रही है। साथ ही, एसीसी अडानी सीमेंट कंपनी बरमाणा की डिमांड बिलकुल कम हो गई है। जिसके चलते नगर परिषद को अब शहर का सारा सूखा कूड़ा अपने ही प्रांगण में एकत्रित करना पड़ रहा है।

काफी समय से नप अपने ही प्रांगण में कूड़े को रख रही है, जिससे यहां एक कूड़े का एक पहाड़ बन गया है। वहीं, यहां साथ लगते पूरे एरिया में गंदगी बदबू का फैली हुई है। बता दें कि सीमेंट कंपनी द्वारा कूड़ा न लेने के कारण नगर परिषद के मैदान में ही कूड़े को जमा किया जा रहा है। इन कूड़े के ढेर से आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बारिश की वजह से समस्या और अधिक बढ़ गई है। हालांकि, नगर परिषद की ओर से कूड़े के लिए लगाई गाड़ी सुचारु रूप से घरों से कूड़ा ले रही है। यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं होता है तो उन कर्मचारियों को भी कूड़ा एकत्रित करने के लिए परेशानी हो सकती है।



गौरतलब है कि नगर परिषद बिलासपुर सूखे कूड़े को बरमाणा सीमेंट प्लांट को देती थी। सूखे कूड़े को प्लांट में ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। अब एसीसी ने भी अपनी डिमांड बहुत कम कर दी है और अन्य सीमेंट कंपनी कूड़ा नहीं ले रही हैं। फिलहाल नगर परिषद के पास सूखे कूड़े के निष्पादन के लिए कोई और विकल्प मौजूद नहीं हैं। जब तक कोई सीमेंट प्लांट कूड़ा लेना शुरू नहीं करता, तब तक ऐसे ही कूड़ा जमा होता रहेगा। नगर परिषद शहर का सूखा कूड़ा करीब पांच साल से सीमेंट प्लांट बरमाणा को दे रहा था, जबकि गीला कूड़ा पिग फार्म को दिया जा रहा है।

नगर परिषद पहले शहर के नजदीक खैरियां स्थित डंपिंग साइट में कूड़े को डंप करता था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के बाद उस साइट को बंद करना पड़ा था। वहीं, अभी तक भी नप को कूड़े के लिए डंपिंग साइट नहीं मिल रही है, क्योंकि जिस भी स्थान को नप चिन्हित कर रही है वहां पर इसका विरोध शुरू हो जा रहा है। अगर जल्द ही सीमेंट कंपनी कूड़े को नहीं लेती है तो यहां पर गंभीर बीमारियां फैलने का भी खतरा बन सकता है।

> अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी 7 जनवरी से कूड़ा लेना शुरू कर देगी। एसीसी सीमेंट कंपनी बरमाणा से डिमांड बहुत कम हो गई है। कूड़े की समस्या को जल्द हल कर दिया जाएगा, नप डंपिंग साइट देख रही है। शहर का साफ सुथरा बनाए रखने में नप बिलासपुर कार्यरत है।
>
> -कमल गौतम, नगर परिषद अध्यक्ष बिलासपुर

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत रत्न वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष को सुशासन दिवस के तौर पर ग्राम पंचायत खनी के गांव चांजुई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल चौरासी के अध्यक्ष अंगोज कपूर,मोहर सिंह राजपूत, रोशन लाल (वाजपेयी) बूथ अध्यक्ष संजय, साहिब सिंह, रेखा, मनोरमा, सराझ राम हरि सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### डलहौजी के बूथों पर मनाया सुशासन दिवस

**अनंत ज्ञान। डलहौजी।** भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में 25 दिसंबर के दिन सुशासन दिवस मनाया जाता है। अटल की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य पर विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के सलूणी, भलेई तथा बनीखेत के विभिन्न बूथों पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम के तहत वाजपेयी को पुष्पांजलि भेंट की गई। कार्यक्रम में विधायक डीएस ठाकुर भी मौजूद रहे।

### ताजा हिमपात से खिले लोगों के चेहरे, मनाया जश्न



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मंगलवार को बर्फबारी के आगमन होने पर स्थानीय लोगों ने झूम कर उसका स्वागत किया। कई जगह सीजन की पहली बर्फबारी होने का लोगों ने नाच कर स्वागत किया। मंगलवार को भी यहां पर अधिकतर क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी छूकर वापस हो गई, जिसके कारण किसान व बागवान एक बार फिर से मायूस दिखे। बर्फबारी के शुरू होने पर लोगों ने यहां पर जमकर कई जगह डांस किया। बर्फबारी व बारिश होने की खुशी में लोगों ने इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल किया।

### खोली वाला माता मंदिर में लगाया भंडारा



**बबलू पठानिया, चुवाड़ी।** बुधवार को ककीरा के खोली वाला माता मंदिर में गांववासियों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बारिश की मनोकामना करते हुए सभी गांववासी अपनी देवी मां खोली वाला माता के शरण में नतमस्तक हुए। बारिश न होने के कारण इस साल ककीरा के किसानों को रवि की फसल के बिजाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सभी गांववासियों ने अपने गांव की देवी खोली वाला माता के मंदिर में बारिश की कामना करते हुए सुबह पंडित सुरेश शर्मा की अगुवाई में हवन पूजन किया। (अनंत ज्ञान)

### विधिक सेवा जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से ग्राम पंचायत ओडा में विधान से समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं के दृष्टिगत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण निखिल अग्रवाल ने की।

### लर्निंग नैस्ट स्कूल में मनाया प्रगति उत्सव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लर्निंग नेस्ट स्कूल मंडी में प्रगति उत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन अतुल गुप्ता व प्रिंसिपल जितेंद्र राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

### क्रिकेट मैच में डीसी-11 टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्रिसमस दिवस के उपलक्ष्य में टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनभागीदारी के तहत जिला मंडी के पड्डल ग्राउंड में डीसी-11 तथा हेल्थ-11 के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उपायुक्त जिला मंडी अपूर्व देवगन (भाप्रसे) द्वारा किया गया। इस क्रिकेट मैच में उपायुक्त मंडी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों व स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच के साथ-साथ अपूर्व देवगन के द्वारा आए हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा उपस्थित अन्य लोगों को क्षय रोग को जड़ से खत्म करने को जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई गई।

# हर्षोल्लास से मनाई क्रिसमस, चंबा और डलहौजी में किए विशेष आयोजन

## चंबा जिले के स्कॉटलैंड गिरजाघर में समुदाय के लोगों ने की प्रार्थना सभाएं

**मुकेश कुमार, डलहौजी**





बुधवार को क्रिसमस के महापर्व पर जिला मुख्यालय एवं जिला के विभिन्न गिरजाघरों में प्रभु यीशु मसीह जन्मदिवस पर भारी रौनकें देखने को मिलीं। ईसाई धर्म के अनुसार 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। इस आयोजन को लेकर जहां जिला चंबा के स्कॉटलैंड चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों की चहल-पहल देखने को मिली तो जिला के अन्य वर्गों के लोगों ने भी समान रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बता दें कि इस आयोजन को लेकर बीते काफी समय से जहां ईसा मसीह की शिक्षाओं का गुणगान किया जा रहा था तो वही समस्त संसार की शांति हेतु प्रार्थना सभाएं भी की जा रही थी आज के विशेष उपलक्ष पर स्कॉटलैंड चर्च चंबा में या विशेष प्रार्थना सभा जलपान तथा प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था जहां समस्त समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवरकर इस आयोजन को और भी शानदार बना दिया।

क्षेत्र के डलहौजी डलहौजी छावनी के गिरजाघरों में भी में क्रिसमस को लेकर काफी धूम देखने को मिली, जहां ईसाई भाईचारे ने इस आयोजन को लेकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं तो वही गिरजाघर में जाकर प्रार्थना सभा कर प्रभु यीशु मसीह का गुणगान किया इस आयोजन को लेकर कलवारी गोस्पेल चर्च डलहौजी छावनी में विशेष इंतजाम किए गए थे जिसमें की पूजा अर्चना हेतु आए हुए लोगों के लिए विशेष जलपान का भी आयोजन किया गया था। बता दें कि दिसंबर महीने की शुरुआत होते ही ईसाई समुदाय के लोग बड़ा दिन यानी क्रिसमस डे को लेकर तैयारी शुरू कर देते हैं जिसमें की सुबह की प्रभात फेरी घर-घर जाकर यीशु मसीह की शिक्षाओं का गुणगान तथा प्रार्थना सभाओं का आयोजन करना विशेष रहता है।

क्रिसमस पर लोग घरों को सजाते है क्रिसमस ट्री बनाया जाता है साथ ही एक छोटी सी झांकी भी बनाई जाती है। लोग चर्च जाते है, प्रार्थना करते है, साथ ही सभी लोग एक – दूसरे को इस महत्तवपूर्ण पर्व क्रिसमस की बधाइयां देते हैं और मिठाइयां खाते और दूसरे लोगों को खिलाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# तीसा के देहरा में 37 वर्षीय युवक की गिरकर मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



पुलिस थाना तीसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देहरा में 37 वर्षीय युवक की गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक नरोत्तम पुत्र इसर गांव उल्लाह तहसील चुराह का रहने वाला था। मृतक नरोत्तम कुमार मंगलवार रात को अपने निजी काम के लिए घर से बाहर निकला था। रात को नरोत्तम अपने घर लौट रहा था कि अचानक रास्ते में गिरकर वहीं अचेत होकर पूरी रात रास्ते में ही पड़ा रहा। देर रात तक घर न पहुंचने पर नरोत्तम को उसके घरवालों ने मोबाइल पर भी संपर्क साधना चाहा किंतु सफलता नहीं मिली। बुधवार दोपहर बाद राहगीरों ने रास्ते से गुजरते हुए पाया कि रास्ते के नीचे कोई अचेत अवस्था में गिरा हुआ है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि पुलिस तथा परिजनों को दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर स्थानीय डॉक्टर को भी सूचित किया। डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर अचेत नरोत्तम का मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी तथा परिजनों के बयान कलम बंद कर लिए हैं। परिजनों ने नरोत्तम की मृत्यु पर किसी पर भी शक नहीं जताया है । पुलिस में मृत नरोत्तम के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया है, तो वहीं भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। सारे मामले की पुष्टि डीएसपी किहार रंजन शर्मा द्वारा की गई है।

# भर्ती पर सवाल, डीसी से लगाई जांच की गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जलशक्ति मंडल चुराह में पंप ऑपरेटर, फीटर और हेल्पर के भर्ती परिणाम पर युवाओं ने सवाल उठाए हैं। इसको लेकर युवाओं ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंप कर मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग उठाई है। युवाओं ने आरोप लगाया है कि चयनित अभ्यार्थियों के पास बीपीएल प्रमाण पत्र न होने के बाद भी उसे चयनित कर लिया। जबकि, 79.71 अंकों समेत समस्त दस्तावेज होने के बाद भी टॉपर को बाहर का रास्ता दिखा दिया। युवाओं ने अब आरटीआई के जरिये भी जल शक्ति मंडल चुराह से इस बाबत समस्त रिकॉर्ड की जानकारी मांगी है। युवाओं ने साफ किया है कि मामले की निष्पक्षता से जांच नहीं होती है तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को विवश हो जाएंगे। सलीम खान, डीनू राम, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, योगराज और संजीव कुमार ने बताया कि उनके समस्त दस्तावेज, अनुभव और बीपीएल प्रमाण पत्र समेत 79.71 अंक होने के बावजूद भी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। जबकि, सबसे कम अंक लेने वाले अभ्यर्थी को चयनित कर लिया है। उधर, उपायुक्त चंबा मुकेश रेसपवाल ने बताया कि युवाओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा है, मामले की निष्पक्षता से जांच करवाई जाएगी।

## 30 और 31 को आयोजित होंगी राजस्व लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सांख्यान ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्णय के अनुरूप प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवस को राजस्व लोक अदालत के रूप में मनाने के लिए 30 और 31 दिसंबर को चंबा के विभिन्न स्थानों में राजस्व लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। जिले में सभी तहसील व उप तहसील स्तर पर चिन्हित किए गए स्थानों में लोगों के लंबित इंतकाल, तकसीमों, निशानदेही व राजस्व प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। जगदीश चंद सांख्यान ने बताया कि तहसील चंबा के तहत 30 दिसंबर को पटवार भवन साच स्थित ओबड़ी, पटवार भवन चंबा -1, वहीं 31 दिसंबर को पटवार भवन मंगला व पटवार भवन बरौर में इंतकाल व तकसीम के मामले निपटाए जाएंगे। तहसील भरमौर के तहत 30 दिसंबर को पटवार भवन भरमौर व तहसील कार्यालय भरमौर जबकि 31 दिसम्बर को तहसील कार्यालय भरमौर व पटवार भवन खणी में इंतकाल व तकसीम की जाएगी।

# मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगी साल में 12 से 20 छुट्टियां

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू ब्लॉक कलहेल की बैठक बुधवार को नकरोड़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष होशियारा राम ने की। बैठक में सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र शामिल रहे। बैठक के संबोधन सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने कहा कि मिड-डे मील वर्करों को पिछले कई महीने के वेतन का भुगतान सही तरीके से नहीं हो रहा है।

वर्कर्स को सरकार द्वारा घोषित 4500 रुपए वेतन भी नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार से मिलने वाला 1000 रुपए समय पर नहीं मिल रहा है। नवंबर माह के मानदेय में कलहेल ब्लॉक में त्रुटियां हैं कई वर्कर को कम मानदेय मिला है। ब्लॉक में मानदेय समय पर नहीं मिलता है। राज्य सरकार का हिस्सा 3500 रुपए भी समय पर नहीं मिल रहा है। उच्च न्यायालय ने 12 माह का मानदेय देने के फैसले के खिलाफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई है। इससे पहले प्रदेश की बीजेपी सरकार का भी वर्कर के प्रति यही रवैया था। नीति लाने की जगह मिड-डे मील वर्कर को खत्म किया जा रहा है। इसी के खिलाफ आने वाले मार्च विधानसभा सत्र का भी बड़ी संख्या में घेराव किया जाएगा। मिड-डे मील वर्कर श्रम कानून में बदलाव के खिलाफ भी देशव्यापी हड़ताल में जाने वाले हैं। पंजाब सरकार के मिड-डे मील कर्मियों के लिए दी गई सुविधा व हिमाचल प्रदेश में आंगनबाड़ी को दी गई सुविधा की तर्ज पर मिड-डे मील कर्मियों को 12 से 20 छुट्टियों की सुविधा दी जाए।

## ‘देश का प्रकृति परीक्षण’ स्वस्थ भारत की पहल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सुमन ने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान ‘देश का प्रकृति परीक्षण’ लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है क्योंकि अधिक से अधिक नागरिक इस पहल से जुड़ रहे हैं। आज तक, इस अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें कुल 65 स्वयंसेवक जिला चंबा में इसके प्रचार-प्रसार के प्रयासों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तियों को उनकी अद्वितीय आयुर्वेदिक प्रकृति (मन-शरीर की संरचना) को समझने में सक्षम बनाना है, जिसके अंतर्गत 9000 प्रतिभागी पहले ही अपनी प्रकृति परीक्षण (मूल्यांकन) पूरा कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, 807 नागरिकों ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया है, जो इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन की एक आशाजनक शुरुआत है।

# धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, मंडी**



**एसडीएम कार्यालय के बाहर गैर-राजनीतिक रहेगा धरना-प्रदर्शन : रजत ठाकुर**

प्रदेश सरकार द्वारा धर्मपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया और इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। धर्मपुर पंचायत के लोग इसके खिलाफ विरोध कर रहे हैं और इसके खिलाफ वीरवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर 11 बजे धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें धर्मपुर पंचायत के लोग व भरौरी पंचायत के करोला, बरतो, गलू, खोली गांव के लोग भी शामिल होंगे। रजत ठाकुर ने बताया कि यह धरना गैर-राजनीतिक होगा। उन्होंने बताया कि सरकार को लोगों ने चेताया था कि अगर उनको नगर पंचायत में शामिल किया गया, तो लोग इसके खिलाफ सड़कों में उतरने को मजबूर हो जाएंगे और इस मामले को उच्च न्यायालय ले जाएंगे, लेकिन अब सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## कनिका बनी मिस पर्सनेलिटी, मनस्वी के सिर सजा मिस फ्रेशर का ताज

**जोगिंद्रनगर।** जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर के प्रांगण में बुधवार को संस्थान में नए बैच के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। समारोह में सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर के एसएमओ डॉ. रोशन लाल कौंडल ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ पूर्व प्रधान फुलां देवी ने भी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर संस्थान के एमडी राकेश धरवाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया जा रहा है। कौंडल ने कहा कि इस समारोह का असली मकसद संस्थान में नर्सिंग की पढ़ाई करने आई छात्राओं के लिए एक यादगार लम्हा प्रस्तुत करना है जो उनकी जिंदगी में हमेशा एक अच्छी याद बन कर रहे। वहीं, प्रधानाचार्य छविता ने फ्रेशर्स पार्टी के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। समारोह में संस्थान कि छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। संस्थान की प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा मंच पर कैट-वाक व इंट्रोडक्शन राउंड का आयोजन भी किया गया। छात्राओं से संस्थान के निर्णायक सदस्यों द्वारा उनके नर्सिंग से जुड़े प्रश्न भी पूछे गए, जिसके आधार पर राघवी को मिस दीवा, कनिका को मिस पर्सनालिटी व मनस्वी को मिस फ्रेशर्स चुना गया।

# असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना धड़वाहन-ग्रांचा-गढ़ मुहाल

**आदर्श, नेरचौक**

विकासखंड बल्ह की कसारला पंचायत के घड़वाहन, ग्रांचा व गढ़ मुहाल असामाजिक तत्वों का अड्डा बन रहे है। नेरचौक शहर में कई प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करने वाले युवक व युवतियां पंचायत के इन क्षेत्रों में आए दिन पहुंच रहे हैं और गंदगी फैलाने के साथ-साथ अश्लील हरकते कर रहे हैं और हुड़दंग मचा रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र का शांतिपूर्ण माहौल दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। हालांकि, पंचायत जनप्रतिनिधि इन तत्वों पर रोक लगाने के लिए युवाओं को रोकने के साथ हिदायतें भी देते रहते हैं लेकिन फिर भी क्षेत्र में युवक और युवतियां जो कि अधिकतर नशे में होते हैं, समझने के बजाय जनप्रतिनिधियों से उलझ जाते हैं।

**हर जगह फैला रहे हैं गंदगी**

**कसारला** पंचायत के इन क्षेत्रों में नशे के आदि यह युवक और युक्तियां झुंडों में पहुंच रहे हैं और खुले में मांस-मदिरा का सेवन करते हैं, साथ ही खुले में ही शराब की बोतलों व प्लास्टिक का सामान फेंक जाते हैं। युवकों को अगर ऐसा करने से रोका जाता है तो वह स्थानीय बुद्धिजीवी लोगों और जन प्रतिनिधियों से उलझ जाते हैं। प्रधान संतराम एवं वार्ड सदस्य राजीव रूपल का कहना है कि पंचायत क्षेत्र का माहौल खराब करने व गंदगी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में उन्होंने नेरचौक शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रभारियों को लिखित रूप में शिकायत करने का निर्णय लिया है और पुलिस से भी क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## सूडोकू 0027

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0026 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

26 दिसंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** एकादशी (12:46): **नक्षत्र** स्वाति (06:10), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** सुकर्मा (10:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01 -12:42), **राहुकाल** (01:39 -02:56)।

**विशेष दिन**

- 26 दिसंबर 2024 : सफला एकादशी आज।
- 27 दिसंबर : वंजुली महाद्वादशी व्रत कल।

**मेष:** आज आपकी धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे, यात्रा लाभकारी रहेगी। शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृषभ:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

**मिथुन:** अगर कोई नया रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें, सफलता मिलेगी। अविवाहितों के विवाह की बात आगे बढ़ेगी।

**कर्क:** आज संघर्ष के बाद सफलता अवश्य मिलेगी। कोई नया ऑर्डर अथवा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है। शत्रु बलहीन रहेंगे।

**सिंह :** कारोबार सामान्य रहेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। आज आपको अपनी प्रतिभा का लाभ मिलेगा और आपकी पहचान बनेगी।

**कन्या:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज नया कार्य न करें। जोखिमपूर्ण निवेश करने से बचें। पूरे दिन किसी से वाद-विवाद में न पड़ें।

**तुला:** आज पराक्रम में वृद्धि होगी। आपका मनोबल बढ़ेगा और कारोबार में बेहतरी आएगी। नए संपर्क बनेंगे और लाभकारी रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें। धन निवेश करते समय विशेष सावधानी बरतें।

**धनु :** आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के अवसर दिखाई दे रहे हैं।

**मकर :** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। किसी न किसी कारण से अनावश्यक खर्च हो सकता है।

**कुंभ :** आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। धन लाभ होगा। जोखिमपूर्ण निवेश करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

**मीन :** आज आपका सितारा अनुकूल है। लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। कामकाज में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी। प्रमोशन के योग हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**लडभड़ोल।** डीएवी पब्लिक स्कूल कथोन लडभड़ोल में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह ‘आरोहण’ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एसडीएम, ओपी ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य प्रिंस ठाकुर ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की खूब सराहना की। मुख्यातिथि द्वारा स्कूली बच्चों को अपनी ओर से 5101 रुपए की राशि प्रदान की गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पाठशाला बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। उन्होंने पाठशाला की अन्य गतिविधियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।



# गुजरात से आए विद्यार्थी पहुंचे हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



सरदार पटेल विश्वविद्यालय वल्लभ विद्यानगर गुजरात से आए 41 एम स्नातकोत्तर प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी, 3 पीएचडी शोधार्थी व 3 प्रोफेसर बुधवार को हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के भ्रमण के लिए पहुंचे।

इतिहास को लेकर जानकारी एकत्रित कर रहे इन विद्यार्थियों ने एक ही छत के नीचे पूरे हिमाचल की जानकारी पाकर कहा कि उन्हें हिमाचल के बारे में कुछ ही समय बहुत कुछ पता चल गया है। बेहद उपयोगी जानकारी हासिल हुई है। प्रदेश के इतिहास, संस्कृति, सौंदर्य, जनजीवन, वेशभूषा, प्राचीन मंदिरों, किलों, स्मारकों की जानकारी हासिल हो गई है। यही नहीं प्राचीन वस्तुओं पर आधारित म्युजिम बेहद रोचक व इतिहास का समेटे हुए हैं जो अपने आप में ज्ञान का खजाना है। पुस्तकालय के अलावा प्राचीन बरसेलों के बारे में भी इस विद्यार्थी ने विस्तार से जानकारी ली।

इनका कहना था कि किसी प्रदेश को एक ही जगह पर देख लेना यह अपने आप में अजूबा है। ऐसा उन्होंने कहीं भी इससे पहले नहीं देखा। उनका कहना था कि वह एक सेमिनार में भाग लेने के लिए मंडी आए हैं और फोटो गैलरी में आकर उन्हें प्रदेश के बारे में बहुत कुछ जानने को मिल गया है। गैलरी में अटेंडेंट आरती चौधरी ने उन्हें बताया कि यह फोटो गैलरी पिछले 28 सालों से स्थापित है तथा इसे निशुल्क तौर पर दिखा जाता है। वर्ष 1997 में इसकी स्थापना प्रख्यात छायाकार व पत्रकार बीरबल शर्मा ने की थी तथा इसे लगातार अपग्रेड किया जा रहा है।

**आयोजन** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर समारोह आयोजित

# मंडी में वर्तमान भारत और उसकी चुनौतियां पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मंडी में आयोजित किए जा रहे शताब्दी समारोह की शुरुआत क्रांतिकारी गीतों के साथ की गई। ‘मेरा रंग दे बसंती चोला’ जैसे क्रांतिकारी गीत गाकर कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही समा बांध दिया।

वहीं, हिमाचल प्रदेश की प्रख्यात लोक गायिका कृष्णा ने घालुआ मजूरा ओ डेरा तेरा दूरा, तैं घरे कदी आउणा लोकगीत गाकर दर्शकों की वाहवाही के साथ खूब तालियां बटोरी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंडी के बिपाशा सदन में आयोजित किए जा रहे इस राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन वर्तमान भारत और उसकी चुनौतियां विषय पर आयोजित एक सेमिनार से किया गया। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सहित अनेक संगठनों के नेताओं तथा राजनीतिक विश्लेषकों, विचारकों एवं शिक्षाविदों ने शिरकत की।

शताब्दी समारोह आयोजन समिति के महासचिव कामरेड देशराज ने अगले दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के साथ अपनी बात कही, जबकि समिति के अध्यक्ष दीनू कश्यप ने सेमिनार के विषय पर अपने विचार रखें। भारतीय जन नाट्य संघ के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड शैलेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में देश को घृणा की ताकत से चलाने की कोशिश की जा रही है जो कि न केवल देश के लिए बल्कि मनुष्यता के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। इसके अलावा सेमिनार को अखिल भारतीय नारी सभा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. कमलजीत कौर, पूर्व विधायक बीडी लखनपाल, वरिष्ठ पत्रकार डीपी गुप्ता ने संबोधित किया। इस मौके पर कामरेड भाग सिंह चौधरी, वासुदेव बसु, दीवाना राम चौधरी, केके कौशल, निशा सिद्धू आदि उपस्थित रहे।

> **अगर** जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है। -सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# चिट्टा बना नासूर

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में चिट्टे का दिनोंदिन बढ़ता कारोबार एक गंभीर और चिंताजनक समस्या उभरकर सामने आ रही है। चिट्टा न केवल स्वास्थ्य और समाज के लिए हानिकारक है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था के लिए भी खतरनाक है। चिट्टे की लत एक बार किसी को लग जाती है तो उसे छुटकारा पाना आसान नहीं होता। अमीर बनने की चाह में लोग इस धंधे में शामिल हो रहे हैं। हैरानी इस बात की है कि कानून के कुछ रखवाले भी इस धंधे में संलिप्त हो गए हैं। जब कानून की छाया में यह धंधा पनप रहा हो तो निश्चित तौर पर समस्या गंभीर होनी ही है। चिट्टा के सप्लायर स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को अपना टारगेट बना रहे हैं। चूंकि कम उम्र में बच्चों को ज्यादा समझ नहीं होती है और वह जोश जोश में इस नशे के चंगुल में फंस जाते हैं। बड़ी बात यह है कि नशा करवाने वाले लोग खुद इसका नशा नहीं करते हैं, क्योंकि उनको मालूम होता है कि यह नशा बेहद घातक होता है और इससे छुटकारा जान जाने के बाद ही मिल सकता है। यह भी बेहद चिंता का विषय है कि हाई प्रोफाइल लोग भी इस धंधे के आगोश में आ गए हैं।

एक किस्म से यह समाज की विकृति ही है। समाज न जाने किस ओर जा रहा है। सफेदपोश लोगों पर कोई शक नहीं करता। जाहिर है वह इस चीज का नाजायज फायदा उठा रहे हैं और हमारी नौजवान पीढ़ी को बर्बाद करने पर तुले हैं। हिमाचल की भावी पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलना किसी भी सूरत में उचित प्रतीत नहीं होता। सरकार को इस गंभीर हो रहे मसले को लेकर कोई ठोस नीति बनानी चाहिए, ताकि नशे के सौदागरों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके। बुद्धिजीवी वर्ग को एकजुट होकर इन नशे के सौदागरों से युवा पीढ़ी को मिलकर बचाना होगा। बच्चों को चिट्टे से बचाने के लिए हमें अपने गांव और आस पड़ोस में चिट्टे के सप्लायर को आने पर सप्लाई पर रोक लगानी होगी और उन्हें पुलिस के माध्यम से जेल में भेजना होगा। पूरे देश में हिमाचल चिट्टा इस्तेमाल करने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। यह बेहद चिंताजनक का विषय है। अगर आज हमने इस युवा पीढ़ी को चिट्टे के नशे से नहीं बचाया तो आने वाला कल बहुत खराब होगा, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। चिट्टे के बढ़ते कारोबार के कारण बेहद संगीन हैं। चिट्टे का सेवन नशीली दवाओं की श्रेणी में आता है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है। थोड़ी देर के लिए यह नशा व्यक्ति को उत्तेजक अवश्य करता है, लेकिन धीरे-धीरे उसे अंदर से खोखला भी कर देता है। चिट्टे के सेवन से पारिवारिक विवाद, अपराध और अन्य सामाजिक समस्याएं बढ़ सकती हैं। चिट्टे के कारोबार से राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता है, क्योंकि यह अवैध कारोबार है और इससे राज्य को कोई राजस्व नहीं मिलता है।

चिट्टे के कारोबार से कानून-व्यवस्था की समस्याएं बढ़ सकती हैं, क्योंकि यह अवैध कारोबार है और इससे अपराध और हिंसा बढ़ सकती है। चिट्टे के बढ़ते कारोबार को रोकने के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले चिट्टे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा। चिट्टे के नुकसानों के बारे में जागरूकता अभियान चलाना श्रेयस्कर रहेगा, ताकि लोग इसके खतरों के बारे में जान सकें। चिट्टे के अवैध कारोबार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सख्त से सख्त होनी चाहिए, ताकि अपराधियों को सजा मिल सके। चिट्टे के सेवन से पीड़ित लोगों को सामाजिक समर्थन देना चाहिए, ताकि वे इसके नुकसानों से उबर सकें। चिट्टे के अवैध कारोबार के बजाय आर्थिक विकल्प प्रदान करना चाहिए, ताकि लोग इसके बजाय कुछ और कर सकें। हिमाचल में चिट्टा नासूर बन चुका है। इस बीमारी को जितना जल्द हो सके हम सबको मिलकर खत्म करना होगा, वरना इस चिट्टे की वजह से आनी वाली पीढ़ियों को लकवा मार जाएगा। इस चिट्टे की वजह से घरों में कलेश हो रहे हैं,जिससे लोगों की सहनशक्ति खत्म हो रही है। नफरत भरी नजरों से समाज में एक दूषित वातावरण पैदा हो रहा है। चूंकि चिट्टा सोने से भी महंगा नशा है, इसलिए इसकी आपूर्ति करना आसान नहीं होता और जब पैसों की कमी की वजह से चिट्टा प्राप्त नहीं होता तो लोग गलत राह पर चलने लग पड़ते हैं तथा गाहे-बगाहे चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। चिट्टा एक सामाजिक बुराई है, इसलिए आओ हम सब मिलकर इस बुराई का जड़ से नाश करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के महान क्रांतिकारी

**ऊधम** सिंह भारत की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान करने वाले पंजाब के महान क्रांतिकारी थे। अमर शहीद ऊधम सिंह ने 13 अप्रैल, 1919 ई. को पंजाब में हुए भीषण जलियांवाला बाग हत्याकांड के उत्तरदायी माइकल ओ डायर की लंदन में गोली मारकर हत्या करके निर्दोष भारतीय लोगों की मौत का बदला लिया था। ऊधम सिंह का जन्म पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ। ऊधम सिंह की माता और पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। उनके जन्म के दो साल बाद 1901 में उनकी मां का निधन हो गया और 1907 में उनके पिता भी चल बसे। ऊधम सिंह और उनके बड़े भाई मुक्ता सिंह को अमृतसर के खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 1917 में उनके भाई का भी निधन हो गया। इस प्रकार दुनिया के जुल्मों सितम सहने के लिए ऊधम सिंह बिलकुल अकेले रह गए। इतिहासकार वीरेंद्र शरण के अनुसार ऊधम सिंह इन सब घटनाओं से बहुत दुःखी तो थे, लेकिन उनकी हिम्मत और संघर्ष करने की ताकत बहुत बढ़ गई। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन को ऐसे घाव दिए, जिन्हें ब्रिटिश शासक बहुत दिनों तक नहीं भूल पाए। इतिहासकार डॉ. सर्वदानंदन के अनुसार ऊधम सिंह 'सर्व धर्म सम भाव' के प्रतीक थे और इसीलिए उन्होंने अपना नाम बदलकर राम मोहम्मद आजाद सिंह रख लिया था जो भारत के तीन प्रमुख धर्मों का प्रतीक है। 4 जून 1940 को ऊधम सिंह को डायर की हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई, 1940 को उन्हें 'पेंटनविले जेल' में फांसी दे दी गई। ■



**ऊधम सिंह**
**जन्म :** 26 दिसंबर, 1899
**शहादत :** 31 जुलाई, 1940

## कविता

# एक पाती लिख कर भेजो हाथ किसी के



डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

*एक पाती लिख कर भेजो हाथ किसी के।*

*दिल की बात लिखो जज्बात लिखो।*

*गम में डूबी रात है या सुख के हिंडोले की बात।*

*दिन कैसे गुजरता है रात कैसी होती है।*

*एक पाती लिख कर भेजो हाथ किसी के।*

*आंखों का काजल आंखों में रहता है।*

*कि आंसू के संग बहा कर गालों पर गिरता है।*

*सांसों में आवाज गुजरे दिन की आती है।*

*भूली हर बात लिख कर भेजो।*

*एक पाती लिख कर भेजो हाथ किसी के।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# अपनी रियासत के अस्तित्व के लिए पराक्रमी सरदार झंडा ने वीरगति पाई

शिवालिक पहाड़ियों पर स्थित बिलासपुर जिले का झंडा नामक स्थान अपने में गौरवमयी इतिहास संजोए हुए है । लोकमान्यता के अनुसार झंडा 7वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में एक कनैत सरदार था तथा अपनी रियासत की रक्षा करते हुए वीरगति पाई। पराक्रमी झंडा की स्मृति में इस स्थान में शिखर शैली का प्राचीन मंदिर है। करीब दो बीघे भू-भाग में फैले इस परिसर में आनंत काल से ही आषाढ़ महीने दो दिवसीय मेला होता है। पिछले कुछ साल पहले इसे तीन दिन तक बढ़ा दिया है। क्षेत्र के लोकप्रिय खेल कुश्तियों के अलावा कबड्डी आदि खेलें भी आयोजित की जा रही है। कुश्तियां तो तब से हो रही है जब से यह मेला शुरू हुआ है। मेले का इतिहास भी सैकड़ों साल पुराना बताया जाता है। लोगों की मांग पर पिछले कई सालों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी को भी इस ऐतिहासिक आयोजन में जोड़ दिया है। कुछ वर्ष पहले झंडा मंदिर के पूर्णोद्धार के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा दो लाख रुपए की सहायता प्रदान की थी।

मंदिर की व्यवस्था व मेले की देख-रेख के लिए स्थानीय लोगों की एक पंजीकृत कमेटी गठित की गई है।



लेखिका : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

बताया जाता है कि झंडा मंदिर का इतिहास कहलूर रियासत के अस्तित्व में आने से भी पहले का है। कहलूर रियासत के आश्रित कवि गणेश सिंह वेदी द्वारा रचित ग्रंथ 'शशिवंश विनोद' जो 1892 में काशी से प्रकाशित हुई है। उसके मुताबिक कहलूर रियासत की स्थापना विक्रमी संबत 754 तदनुसार सन 654 ईस्वी को वीरचंद ने की थी। शशिवंश विनोद के अनुसार कहलूर रियासत पर बुंदेलखंड के चंदेरी से आए चंदेल वंशज राजाओं की लगभग पैंतालिस पीढ़ियों ने अनुमानित साढ़े बारह सौ वर्षों तक शासन किया। बताया जाता है कि राजकुमार वीरचंद अपने पिता राजा हरिहरचंद व अपने भाइयों के साथ चंदेरी से माता ज्वालाजी के दर्शन करने आए थे। माता ने उन्हें नया राज्य प्राप्त करने का वरदान दिया था। राजा के साथ उनकी सेना की टुकड़ी भी थी। वहां से वापसी पर राजकुमार वीरचंद ने सतलुज नदी के साथ लगते समतल भू-भाग की ओर से पहाड़ी क्षेत्र में अपना राज्य स्थापित करने का मन बनाया।

यह भी माना गया है कि माता ज्वालाजी ने उन्हें नया राज्य स्थापित करने का आदेश दिया था। शशिवंश विनोद में इसका वर्णन इस प्रकार है- 'वीरचंद तुम तीर शतुद्रव जाय कै। कीजै राज कहलूर सर्व सुख पाय कै।।'



लोकमान्यता है कि इस क्षेत्र में उस समय पांच सरदारों का अधिपत्य था। उन सरदारों के नाम, झंडा, संड़ा, मंड़ा, बंड़ा व कहलू बताए जाते हैं। ऐसा माना गया है कि संड़ा का संबंध सांढू, मंडा का मंडी-मानवा व बंडा का संबंध बंदला से था, जबकि कहलू के अधीन चंगर क्षेत्र था। झंडा उनमें प्रमुख सरदार माना गया था। झंडा बलवाड़ नामक स्थान में रहता था। शासन व्यवस्था की चर्चा के लिए समय-समय पर एक स्थान पर उनकी बैठकें भी होती थी। बताया जाता है कि जहां उन सरदारों की आपस में मंत्रणा होती थी। उसे बाद में पजायतन गांव के नाम से जाना जाने लगा। यह गांव दावीं घाटी में स्थित है। वीरचंद ने अपने कुछ सैनिकों को लेकर उस क्षेत्र पर आक्रमण कर दिया और शुरू में ही उसे सफलता मिल गई।

उन सरदारों में से कहलू नामक एक सरदार ने किसी लालच में आकर या अन्य सरदारों से धोखा करके सबसे पहले वीरचंद की अधीनता स्वीकार कर ली। इनाम के तौर राजा ने उसके नाम पर ही रियासत के नाम रख दिया। इससे वह खुश हो गया तथा उसने अपनी सेना भी वीरचंद के सुपुर्द कर दी। अन्य चार सरदारों ने कहलू को गद्दार कहकर राजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कहलू ने राजा को सारे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व सरदारों की कमजोरियों का भेद राजा को बता दिया था। झंडा सरदार ने अंत तक अपने राज्य को बचाने के लिए सिर-धड़ की बाजी लगा दी। उस समय तक राजा की सेना में सैनिकों की वृद्धि हो गई थी। बताया जाता है कि कोठीपुरा के समीप स्थित नोआ गांव में राजा की सेना का मुकाबला करते हुए झंडा सरदार गंभीर रूप से घायल हो गया। उनका एक अंगरक्षक जो हरिजन था, वह उन्हें उठाकर उनके पैतृक स्थान तक उठा लाया। हालांकि उस समय का कोई लिखित इतिहास नहीं है, लेकिन लोगों ने पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से इस घटना का स्मरण रखा है।

बुजुर्ग बताते हैं झंडा का सिर धड़ से अलग होने के बाद भी कुछ पल लड़ाई लड़ते रहे। सरदार ने वही अपने प्राण त्याग दिए। झंडा के पराक्रम को चिर-स्मरणीय बनाए रखने के लिए उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि झंडा सरदार ने नोआ में अपने प्राण त्यागे थे, लेकिन अधिकतर बुजुर्गों का मानना है कि झंडा ने उसी स्थान अपना शरीर छोड़ा था। जिस स्थान पर उनका मंदिर बना है। वहीं उनके प्राण त्यागने की जानकारी है। अंगरक्षक ने अंत समय तक अपने सरदार का साथ दिया था। उसका भी परिसर में एक छोटा मंदिर है। शिखर शैली से निर्मित झंडा मंदिर का स्वरूप जिले में 10वीं शताब्दी से पहले बने मंदिरों की तरह प्रतीत होता है। मेले में बिलासपुर के अलावा सोलन, मंडी व शिमला जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शामिल होते हैं। इसलिए बिलासपुर जिले के पारंपरिक मेलों में दावीं घाटी का यह ऐतिहासिक मेला अपना अलग महत्व रखता है। 'झंडा वीर' की स्मृति में मनाए जाने वाले इस मेले को 'दावीं री जातरा' के नाम से भी जाना जाता है। प्रति वर्ष आषाढ़ महीने के तीन प्रविष्टे शुरू होने वाला यह मेला पांच परविष्टे कुश्तियों की माली के साथ संपन्न हो जाता है। इस मेले में आसपास के क्षेत्रों के भी हजारों लोग शामिल होते हैं तथा राजपूत पराक्रमी झंडा का स्मरण करते हुए उन्हें प्रणाम करते हैं।

दावीं री जातरा या झंडा मेला कब शुरू हुआ इसका कहीं उल्लेख नहीं है, लेकिन बड़े बुजुर्ग बताते थे कि यह मेला सैकड़ों साल पुराना है। बलवाड़ गांव के लोग बताते थे कि झंडा पराक्रमी राजपूत सरदार था जो अपने रजवाड़े की रक्षा करते हुए युद्ध में शहीद हुए थे। इस स्वभिमानी सरदार ने शत्रु की स्वधीनता नहीं कबूली। वीर झंडा को 'नोइडू राजपूत' अपना पूर्वज मानते हैं। जो दुर्वासा गोत्र (छबराण) के पंडितों के यजमान है, लेकिन मंदिर के पुजारी कान्यकुब्ज गोत्र के ब्राह्मण हैं। विशेष त्योहारों व शादी-विवाह पर उनकी पूजा करते हैं। हर छह माह के बाद मंदिर में नई फसल पर नसरावां चढ़ाया जाता है। विवाह के दौरान वाले पीपल फेरे इस मंदिर परिसर में होते हैं। इसलिए यह मेला भी पराक्रमी राजपूत के बलिदान की याद दिलाता है। क्षेत्र के लोग वर्षभर बड़ी बेसब्री इस मेले का इंतजार करते हैं। आषाढ़ संक्रांति को सोलन जिले की अर्की तहसील के तहत आने वाली बाड़ी धार में 'बाड़े देयो' का एकदिवसीय विशाल मेला होता। इस मेले के बाद व्यापारी झंडा में पहुंच जाते हैं। आषाढ़ दो परविष्टे ही अपनी दुकानें सजा देते हैं। अगले दिन मेला शुरू होता है। बिलासपुर जिला मुख्यालय से करीब 17 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 103 के किनारे तीर्थ स्थल मार्कंडेय के समीप है। ब्रह्मपुखर से महज अढ़ाई किलोमीटर दूर वट वृक्षों के झुरमुट में स्थित है। यह स्थान अत्यंत रमणीक है। यात्रियों की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने सराएं का निर्माण भी करवाया गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्राकृतिक खेती से होगा हम सबका जीवन सुरक्षित

प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए, भारत में कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती की शुरुआत करने वाले सुभाष पालेकर के नाम पर हिमाचल प्रदेश ने प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी जाती है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है जैसे कीटों की पहचान करने में मदद करने वाले ऐप और मृदा स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले उपकरण।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
वरिष्ठ लेखक

खेती प्रणालियों में संशोधन करके उन्हें प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकरण के लिए तैयार किया जा रहा है। खेतों में पारिस्थितिक और आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़, झाड़ियां और बारहमासी घास लगाई जा रही हैं। सफल किसानों से प्रेरणा लेकर, सतत कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। गैर-सरकारी संगठन किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रासायनिक खेती के चलते आम जनता के साथ-साथ किसानों को भी कई दुष्परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। इससे किसान का खर्च और कर्ज दोनों बढ़ रहा है, क्योंकि किसानों को रासायनिक खाद, कीटनाशक और हाइब्रीड बीज महंगे दाम पर खरीदने पड़ते हैं।

कई बार किसान बैंक कर्ज के जाल में फंसने से आत्महत्या तक कर लेते हैं। इतना ही नहीं रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी प्रदूषित हो रही है और हानिकारक कीटों की वृद्धि हो रही है।



विभिन्न प्रकार के लाभकारी जीवों तथा कीट-पतंगों की कमी हो रही है। रासायनिक खाद और कीटनाशक प्रभावित खानपान से कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो रहे हैं। इसलिए बदलते वक्त और खेती की लागत ज्यादा होने की वजह से अब किसानों का रुख धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहा है। बहरहाल, प्राकृतिक खेती छोटे और सीमांत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि फिलहाल खेती के लिए रसायनों आदि की भारी कीमत चुकाने के लिए किसानों को कर्ज लेना पड़ता है और कर्ज का यह बोझ बढ़ता ही जा रहा है। किसान रासायनिक खाद और कीटनाशक के प्रयोग से न केवल कर्ज में डूब रहा है, बल्कि खेतों में जहर की खेती भी कर रहे हैं। अनाज और सब्जियों के माध्यम से यही जहर हमारे शरीर में जाता है जिससे आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां लगातार फैल रही हैं।

इस तकनीक का इस्तेमाल करने वाला किसान कर्ज के झंझट से भी मुक्त रहता है, वहीं उन्नत कृषि उत्पादों से आम जनजीवन का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। प्राकृतिक खेती कई अन्य लाभों जैसे कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य की बहाली और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का शमन या निम्नीकरण, प्रदान करते हुए किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत आधार प्रदान करती है। प्राकृतिक खेती प्राकृतिक या पारिस्थितिक प्रक्रियाओं जो खेतों में या उसके आसपास मौजूद होती हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक खेती को पुनर्योजी खेती-जो ग्रह को बचाने के लिए एक प्रमुख कार्यनीति है-का एक रूप माना जाता है। इसमें भूमि परिपाटियों तथा मृदा और पौधों में वातावरण से कार्बन, जहां यह हानिकारक होने के बजाय वास्तव में उपयोगी है, को अलग करने का प्रबंधन करने की क्षमता है। अगर हमें अपने परिवार और समाज को स्वस्थ रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा। यह एक बड़ा, लेकिन जरूरी काम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिंदू** समाज में जहां गाय को एक माता के रूप में पूजा जाता तथा कुत्ते को एक वफादार जानवर माना जाता है, आज के समय में बाकी जानवरों के मुकाबले इन्हीं की सबसे ज्यादा दहशत है। जहां किसी समय कुत्तों की वफादारी के उदाहरण दिए जाते है, वहां आज वही वफादार जानवर एक हिंसक जानवर के रूप में उभर रहा है। गाय और सांड जो हिंदू समाज में किसी समय पूजनीय थे, आज हमारा समाज उन्हीं का बहिष्कार कर रहा है जो कि हमें ही महंगा पड़ रहा है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं के कारण हो रही हैं और यह कहना गलत नहीं है कि इसमें कहीं न कहीं मानव का ही दोष है। आवारा जानवरों को सड़क के जानवरों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो सड़क पर पैदा होते हैं तथा प्रजनन करते हैं तथा कभी भी स्वामित्व में नहीं होते हैं, खोए हुए जानवर जो घर का रास्ता नहीं ढूंढ सकते हैं तथा सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं, मालिक द्वारा परित्यक्त जानवर जो घर से निकाल दिए जाते है, सड़क पर छोड़ दिया जाता है। **कमल, कांगड़ा**

# धर्म, संस्कृति व जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए दिया दोनों साहिबजादों ने बलिदान

26 दिसंबर देशभर में 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर की थी। पिछले 4 वर्षों से देशभर में 26 दिसंबर का दिन 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारतीय इतिहास में 26 दिसंबर का दिन ऐतिहासिक है इस दिन गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया था।

उस समय उनकी उम्र में 7 और 9 वर्ष थी। दोनों साहिबजादों की अद्वितीय शहादत की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाया जाता है। अपने धर्म की रक्षा और उसके प्रति अडिग श्रद्धा और विश्वास पर अपने प्राण न्योछावर करके गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों ने भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में एक अनूठी मिसाल कायम की जिस पर भारतीय समाज हमेशा गर्व करेगा और हमारी युवा पीढ़ी हमेशा इससे प्रेरणा लेगी। 26 दिसंबर बाल दिवस मनाने का संदर्भ 1705 ई. से जुड़ा है। भारत में उस समय मुगल साम्राज्य था, धर्मांतरण अपने चरम पर था। 20 दिसंबर को मुगल सेना ने गुरु गोविंद सिंह के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। चमकौर साहिब में मुगलों की सेना के साथ युद्ध हुआ इस युद्ध में गुरु गोविंद सिंह के बड़े साहिबजादे अजीत सिंह (17 वर्ष) और जुझार (14 वर्ष) शहीद हुए। 1705 के इस हमले के बाद गुरु गोविंद सिंह जी आनंदपुर साहिब छोड़कर निकल गए, सरसा नदी पार करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी का परिवार बिछुड़ गया।



लेखक : महेंद्र धर्माणी
संस्थापक, संस्कार सोसायटी घुमारवीं

गुरु गोविंद सिंह जी छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, माता गुजरी के साथ रसोइए गंगू के घर मोरिंडा पहुंचे। लालच में आकर रसोइए गंगू ने माता गुजरी के पास धन देखकर उसने उनका विश्वास तोड़ दिया और उसने सरहिंद के नवाब वजीर खान को जानकारी देकर माता गुजरी और दोनों साहिबजादों को पकड़वा दिया। सरहिंद के शासक ने माता गुजरी और दोनों साहिबजादों को अपने किले के ठंडे बुर्ज में कैद करके रखा।



पौष मास (दिसंबर) की प्रचंड ठंड में माता गुजरी ने अपने पुत्रों को धर्म और सिद्धांतों पर अडिग रहने की शिक्षा दी। धर्म की रक्षा के लिए किसी भी प्रलोभन और हर परिस्थिति में अपने धर्म की रक्षा के लिए लड़ने और सर्वस्व बलिदान तथा अन्याय के सामने कभी भी न झुकाने की नसीहत दोनों साहिबजादों को दी। सरहिंद के नवाब ने उन्हें प्रलोभन दिए, डराने की कोशिश की, उनको इस्लाम कबूल करने के प्रस्ताव दिए, लेकिन दोनों साहिबजादों ने नवाब के सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया।


साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अडिग साहस और अपने धर्म के प्रति अटूट विश्वास से क्रोधित होकर नवाब वजीर खान ने दोनों मासूम साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का आदेश दे दिया। 26 दिसंबर 1705 को दोनों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया। दोनों साहिबजादों के इस बलिदान की सूचना माता गुजरी को ठंडे बुर्ज में मिली, तो उन्होंने बुर्ज में ही ईश्वर का ध्यान करके अपने प्राण त्याग दिए। छोटी सी उम्र में इन बाल आत्माओं ने अद्वितीय साहस का परिचय देकर धर्म व बलिदान का अमर संदेश देकर शहादत को चुना। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों साहिबजादा अजीत सिंह (17 वर्ष) साहिबजादा जुझार सिंह (14 वर्ष )ने चमकौर साहिब के युद्ध में और साहिबजादे जोरावर सिंह (9 वर्ष) और फतेह सिंह (7 वर्ष) ने धर्म की रक्षा के लिए शहादत प्राप्त की। गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों ने मुगलों के अत्याचार और आतंक के सामने जो दृढ़ता और निडरता दिखाई वह हम सब के लिए प्रेरणा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने के निर्णय से युवाओं और विद्यार्थियों तक उनके आदर्शों को पहुंचाने की शुरुआत सरकार व समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा की जा रही है। गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों का बलिदान हमको यह संदेश देता है कि धर्म, संस्कृति व जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान दिया जा सकता है दोनों साहिबजादों का यह बलिदान अद्वितीय है और हम सबको हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अपनी औलाद बुढ़ापे की लाठी बन जाए, तो वृद्ध का घर न बने वृद्धाश्रम

वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरुआत तब होती है जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है।

आज हम यह ज्ञात करने की कोशिश करेंगे कि वृद्ध किसे कहते है? वृद्धजनों का हमारे जीवन में बहुत महत्व हैं, लेकिन हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों से वृद्धाश्रम की बढ़ती संख्या एक गंभीर समस्या है। हमारा इस विषय पर अहम कदम उठाना अति आवश्यक है ताकि हम वृद्ध जीवन को पश्चाताप का पर्याय बनने से रोक सके। वृद्ध किसे कहते हैं? जन्म से मृत्यु तक मानव का जीवन शारीरिक विकास की एक प्रक्रिया है। जो कुछ पूर्व निर्धारित चरणों से होकर गुजरता है। यह चरण है शैशव अवस्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था, युवा अवस्था, वयस्क या प्रौढ़ावस्था तथा वृद्धावस्था। वृद्धावस्था जीवन प्रक्रिया का अंतिम चरण है। वृद्धावस्था शारीरिक एवं सामाजिक दृष्टि से ह्रास का दौर है, जिसमें व्यक्ति न केवल शारीरिक व मानसिक दृष्टि से कमजोर होता जाता है, अपितु सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से शाक्त हीन व संदर्भ हीन भी होता जाता है। वर्तमान में 60 वर्ष वृद्धावस्था की पहचान का विश्वसनीय आधार माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ का भी मानना है कि 60 वर्ष की आयु से आगे की ओर बढ़ाव जनसंख्या के बुजुर्गमत या वृद्धावस्था की ओर गमन की पहचान है।



लेखिका : वेदिका शर्मा
बीएएलएलबी छात्रा, शिमला

वृद्धों की समस्याएं शारीरिक दुर्बलता व मानसिक रोक आयु बढ़ने के साथ व्यक्ति का शरीर शिथिल होने लगता है। इंद्रियां कमजोर होने लगती हैं। आंखों से दिखना कम हो जाता है। कान से कम सुनाई पड़ने लगता है। दांत कमजोर हो जाते हैं। शरीर को शक्ति व गति प्रदान करने वाले प्रमुख संस्थान जैसे पाचन संस्थान, रक्त, परिभ्रमण संस्थान, स्वशन संस्थान आदि कमजोर पड़ने लगते हैं। वृद्ध व्यक्ति शारीरिक रूप से ही नहीं, अपितु मानसिक रूप से भी अपने को बहुत असहाय महसूस करता है।



अकेलेपन की समस्या व आर्थिक असुरक्षा की स्थिति भारत में औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि होने के कारण जैसे-जैसे संयुक्त परिवारों की जगह केंद्रक परिवारों की संख्या में वृद्धि होना आरंभ हुई, परिवार के युवा सदस्य विवाह के बाद अपने माता-पिता के साथ रहना नहीं चाहते। फलस्वरूप जिस आयु में व्यक्ति को अपने बच्चों से सबसे अधिक सहायता और संरक्षण की आवश्यकता होती हैं, उस आयु में वे स्वयं को अकेला और निराश्रित महसूस करने लगते है।

वृद्ध लोगों को प्रायः आर्थिक सुरक्षा संबंधी तनाव का भी सामना करना पड़ता है। पारिवारिक आय कम होने से परिवार के लोग बुजुर्गों को प्रायः भार स्वरूप देखने लगते हैं। उचित देखभाल की समस्याः जिस परिवार में कई सदस्य होते हैं, वहां तो बड़े बुजुर्गों की देखभाल ठीक तरह से हो जाती है, लेकिन एकाकी परिवार की स्थिति में जब घर के सदस्य चले जाते हैं, तो अक्सर बुजुर्ग लोगों की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता है, इससे उन्हें कभी-कभी बड़ी बाधा का सामना करना पड़ता है। बृद्ध प्रताड़न के मामलों को देखते हुए अहम कदम प्रशासन को उठाने चाहिए व सजा को कठोर से कठोर कर देना चाहिए। बुढ़ापा सूखे पत्तों की तरह है। यह जिंदगी का वह पड़ाव हैं जब पुराने पत्ते नई कोंपलों को रास्ता देना शुरू करते हैं और खुद सड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर अपनी औलाद बुढ़ापे की लाठी बन जाए, तो झुर्रियों से भरा चेहरा खुश रहता है, लेकिन औलाद ही दुश्मन बन जाए, तो बची-खुची जिंदगी गुजारना मुश्किल हो जाता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तुलाह गांव में पड़ोसी ने व्यक्ति पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत तुलाह के गांव तुलाह में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता गुलाब दास ने लडभड़ोल पुलिस चौकी में दर्ज शिकायत में बताया कि जब वह गांव में मौजूद था, तभी उसका पड़ोसी दीपचंद आया और हथौड़े से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में गुलाब दास को हाथ और पीठ पर गहरे जख्म आए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद गुलाब दास ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। चौकी प्रभारी रमेश चंद ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायल व्यक्ति का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है।

### नागरिक अस्पताल में बिखरा पड़ा है कूड़ा-कर्कट



**भीम बसेड़, महादेव।** राजकीय नागरिक अस्पताल सुंदरनगर के एक बड़े भाग में महीनों से तरह-तरह का मलबा बिखरने सहित बास मारता कूड़ा-कर्कट बिखरा पड़ा है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर-21 से सटे इस अस्पताल में जहां दूर-दूर के मरीजों की भीड़ लगी रहती है। खासकर पिछली बड़ी बिल्डिंग के बीच के किनारे का एक बड़ा भाग तरह-तरह के मलबे एवं कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है, जिससे प्रदूषण की स्थिति बनना स्वाभाविक-सी बात है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं के यहां सफाई व्यवस्था में भारी कमी होना अच्छी बात नहीं है, जबकि उत्तम स्वास्थ्य को लेकर साफ सफाई का समुचित प्रबंध होना निहायत ही जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र किया जाए पूरा



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना सुंदरनगर से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं, विभागीय आंगनबाड़ी भवन निर्माण व मरम्मत कार्य, खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति, देई उप-योजना इत्यादि के कार्यान्वयन के संबंध में त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान, खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर, खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी निहरी व सुंदरनगर के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। इस बैठक में नई विभागीय योजनाओं जैसे इंदिरा गांधी सुख शिक्षा, सुखआश्रय योजनाओं व विभागीय आंगनबाड़ी भवन निर्माण व मुरम्मत कार्य, देई उप-योजना बारे विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को घर द्वार पर बेहतर सुविधा मिल सके।

### जोगिंद्रनगर में मनाया 'सुशासन दिवस'



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर बुधवार को भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष और 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर जोगिंद्रनगर में 'सुशासन दिवस' और पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अटल की तस्वीर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अटल जी के विचारों और उनके योगदान को याद करते हुए उनके सुशासन के सिद्धांतों पर चर्चा की गई। नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने कार्यक्रम की अगुवाई की। साथ ही बूथ 98 अध्यक्ष रीता ठाकुर और बूथ 99 अध्यक्ष सतबीर शर्मा ने अटल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विवेक शर्मा, अजय कुमार, सुमित शर्मा, वासुदेव, अनीश, नागेश्वर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल जी को भारतीय राजनीति का मार्गदर्शक बताते हुए उनके अनुकरणीय नेतृत्व और कवि हृदय को सलामी दी।

### सरकाघाट कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित होगा। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने किया। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट इंद्रसिंह पटियाल ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा में कानून की भूमिका समझाते हुए बताया कि कानून का ज्ञान सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने का माध्यम है। विशेष अतिथियों में प्रो. तेज सिंह वर्मा (गणित) और प्रो. राजेश (अर्थशास्त्र) ने भी अपने विचार साझा किए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति और डॉ. नवीन कुमार ने आगामी गतिविधियों, जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। पहले दिन स्वयंसेवकों ने हिमाचली संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परिसर की सफाई और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह शिविर स्वयंसेवकों के नेतृत्व कौशल, सामाजिक जिम्मेदारी और समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आदर्श मंच है।

# कोर्ट के निर्णय को बदलने के लिए विस में बिल लाना न्यायिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह

## हिमाचल अनुबंध नियमित कर्मचारी संगठन ने किया बिल का विरोध

**अनिल कुमार, मंडी**

हिमाचल अनुबंध नियमित कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गर्ग और प्रदेश महामंत्री अनिल सेन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पास किया गया बिल सरकारी कर्मचारी सेवा एवं शर्त विधेयक 2024, अनुबंध व अनुबंध से नियमित कर्मचारियों के विरुद्ध है।

सरकार इस बिल पर पुनर्विचार करे और इसे वापस ले। इस बिल के पास होने से प्रदेश के लगभग हजारों अनुबंध व अनुबंध से नियमित कर्मचारियों में निराशा है।

**कहा, अनुबंध व अनुबंध से नियमित कर्मचारियों के विरुद्ध है बिल**



अनुबंध नियमित कर्मचारी संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार, एलआर कांटा, मीडिया प्रभारी मुरारी लाल, कांगड़ा जिलाध्यक्ष सुनील पराशर, ऊना जिलाध्यक्ष संजीव बग्गा, शिमला जिलाध्यक्ष नंद लाल, मंडी जिलाध्यक्ष कृष्ण यादव, हमीरपुर जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार, चंबा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पॉल, बिलासपुर जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने सामूहिक बयान में कहा है कि घोर आश्चर्य की बात है कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध प्रदेश सरकार ने यह बिल विधानसभा में पास किया है।

प्रदेश में अभी तक किसी भी सरकार ने न्यायालय से कर्मचारियों की पक्ष में आए निर्णय को बदलने के लिए विधानसभा में बिल पास नहीं किया था। सरकार ने न्यायिक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

**कोर्ट में बढ़ेंगे मामले**

**इस** प्रकार के बिल के पास होने से कर्मचारी उन सभी लाभों से वंचित हो जाएंगे, जो उन्होंने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में लंबे कानूनी संघर्ष से प्राप्त किए हैं। अगर यह बिल कानून का रूप लेता है, तो कोर्ट केस बढ़ेंगे, जिससे कर्मचारियों को दोबारा से न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा जिससे उनका समय और पैसा बर्बाद होगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग को यदि छोड़ दिया जाए, तो कर्मचारियों की अधिकतर मांगे अभी लंबित हैं। इस बिल को पास करने के पीछे खराब वित्तीय हालात का हवाला दिया जा रहा है, जबकि खराब वित्तीय हालत के लिए अनुबंध कर्मचारी जिम्मेदार नहीं हैं। अभी बनाए गए कानून को 21 साल पहले से लागू करना किसी भी रूप में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस बिल पर पुनर्विचार करे और कर्मचारी हित में इस बिल को अति शीघ्र वापस ले।

# रमेश बंटा, विजय विशाल और सूरजमणी हेमकांत कात्यायन स्मृति पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विभूतियों को सम्मानित करते हुए ट्रस्ट के सदस्य।

हिमाचल प्रदेश के प्रथम वेटरन जर्नलिस्ट रहे हेमकांत कात्यायन की स्मृति में गठित ट्रस्ट द्वारा स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के सभागार में बुधवार को आयोजित गरिमामयी समारोह में प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने तीन विभूतियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, ट्रस्ट की अध्यक्ष निर्मला कात्यायन व सदस्य, मंडी शहर की दर्जनों संस्थाओं के प्रतिनिधि, जिला भर से आए पत्रकार व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वयोवृद्ध पत्रकार एवं वेटरन जर्नलिस्ट रमेश बंटा जोगिंद्रनगर को हेमकांत कात्यायन पत्रकारिता सम्मान, डॉ. विजय विशाल को साहित्य सेवा सम्मान व शहनाई वादक रहे सूरजमणी को मरणोपरांत कला सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। सूरजमणी की ओर से उनकी पत्नी मीना देवी ने यह पुरस्कार हासिल किया।

इस मौके पर ओंकार शर्मा ने कहा कि छोटी काशी मंडी हिमाचल प्रदेश का एक ऐसा जिला है जिसका पत्रकारिता, साहित्य व संस्कृति में प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंडी प्रदेश का एक ऐसा शहर है जहां के बुद्धिजीवी ऐतिहासिक चौहट्टा बाजार में बैठकर क्लर्क से लेकर डीसी तक की एसीआर लिख देते हैं। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार हेमकांत कात्यायन के नाम पर ट्रस्ट बनाकर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू करने की सराहना करते हुए आयोजकों को उनके जीवन से जुड़े भावों को समारोह में बैक ड्रॉप व स्मारिका में प्रयोग करने का अनूठा कार्य किया है। आदरांजलि, नाम से हुए इस आयोजन में कात्यायन के चित्र पर पुष्पांजलि के बाद मुख्य मेहमान रहे अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया। उन्हें ट्रस्ट की ओर से सम्मानित भी किया गया।

ट्रस्ट की अध्यक्षा निर्मला कात्यायन ने बताया कि हर साल इस दिन ट्रस्ट द्वारा विशेष विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। अगले साल यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार मुरारी शर्मा ने हेमकांत कात्यायन की जीवन को लेकर रोचक प्रस्तुति दी। कात्यायन के बेटे सिद्धार्थ कात्यायन ने हेमकांत कात्यायन के बारे में कई रोचक जानकारियां साझा की। विजय विशाल ने भी अपने विचार रखे जबकि इस मौके पर आदरांजली स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के अलावा सामूहिक गान व अन्य प्रस्तुतियां दीं, जबकि संगीत सदन के कलाकारों ने लोक नृत्य व अन्य प्रस्तुतियों से खूब रंग जमाया।

# बरोट डैम से छोड़ी जा रही गंदी सिल्ट : नरेंद्र सैनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देव भूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने कहा कि 29 नवंबर से मंडी के बरोट डैम से रात के समय जहरीली व गंदी सिल्ट ऊहल नदी में छोड़ी जा रही है। यह सिल्ट व्यास नदी तक पहुंच गई है, जिसके कारण जितनी भी पेयजल योजनाएं हैं वह प्रभावित हो रही हैं।

मंडी शहर को भी पीने के लिए पानी ऊहल नदी कमांद के पास से आता है। सैनी ने कहा कि इसकी जानकारी लिखित में प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग को दे दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। जहरीली सिल्ट के कारण नदी में जितने भी जीव जंतु हैं वे सब मर रहे हैं। ऊहल नदी में ट्राऊट मछलियां होती हैं और एक नवंबर से से 28 फरवरी 2025



**कहा- मर रही हैं मछलियां और जीव जंतु**

तक ट्राऊट मछलियां पकड़ने पर मत्स्य विभाग ने बैन लगा रखा है, क्योंकि इस काल में ट्राऊट मछलियों का ब्रीडिंग सीजन होता है। इस दौरान नदी में गंदी व जहरीली सिल्ट नहीं छोड़नी चाहिए। गत वर्ष मत्स्य विभाग ने ट्राऊट मछलियों के रेनवो व ब्राऊन के 10 हजार बीज कमांद के पास ऊहल नदी में डाले थे वह भी जहरीली सिल्ट के कारण तबाह हो गए।

जहरीली सिल्ट सिंचाई खेतों के लिए भी हानिकारक है। जंगली पशु पक्षी इस सिल्ट से बीमार होकर मर भी सकते हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर सिल्ट बरसात में छोड़ी जाती है क्योंकि बरसात में नदी नालों में पानी की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण पर्यावरण को हानि कम होती है। वर्ष 2018 में भी उन्होंने सिल्ट सर्दियों में छोड़ी थी, जिसके कारण पर्यावरण को बहुत हानि हुई थी, उस समय पानी के सारे जीव जंतु मर गए थे। सैनी ने सरकार से मांग की है कि बरसात में ही सिल्ट छोड़ी जाए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर समस्या है, प्रदेश सरकार बरोट डैम प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई करे।

# विद्यार्थी ऋण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें बैंकर्स : देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंकों के सहयोग को बेहद महत्वपूर्ण बताया। वह उपायुक्त कार्यालय सभागार में मंडी जिला की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने बैंक अधिकारियों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बैंकर्स का आह्वान किया कि वित्तीय जागरूकता शिविरों में विद्यार्थी ऋण योजनाओं विशेषकर यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि गरीब वर्ग के बच्चों की इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने एससी/एसटी निगम के पास लंबित मामलों को बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र प्रोसेस करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए 4210 करोड़ रुपए के संभावित लिंक्ड क्रेडिट प्लान (पीएलपी) की भी लांचिंग की, जिसमें कृषि क्षेत्र पर 2240 करोड़, माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज के लिए 1414 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 554 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है।

**2477.80 करोड़ के ऋण बांटे:** अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहली जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक मंडी जिला में कुल 2477.80 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं, जो वार्षिक लक्ष्य 4850 करोड़ रुपए का 51.09 फीसदी है। इसमें कृषि क्षेत्र में 877.40 करोड़, उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र में 737.92 करोड़, अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 117.50 करोड़ तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र मे 744.96 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं। बैठक में जिला परिषद के अध्यक्ष पल वर्मा, नगर निगम मंडी के आयुक्त एच.एस.राणा, आईआईटी मंडी के रजिस्ट्रार सुधीर कुमार पांडे, डीडीएम नाबार्ड राकेश वर्मा सहित सभी बैंकों के प्रबंधक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलेभर में नशा तस्करी के एक वर्ष में 218 मामले दर्ज

**पुष्पराज, मंडी**

देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में हिमाचल में नशे के बढ़ते व्यापार से प्रभावित हो रहा है।

इसी कड़ी में मंडी जिला पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए करोड़ों रुपए के नारकोटिक्स को पकड़ा गया है। जिला पुलिस ने अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 218 एफआईआर दर्ज करते हुए 281 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। इसमें पुलिस ने 270 पुरुष और 11 महिला तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके साथ पुलिस ने 16 नारकोटिक्स बरामदगी मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेशन भी अमल में लाई गई है।

जिला मंडी पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिला मंडी के विभिन्न थानों के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 54.185 किलोग्राम चरस, 1.38 किलोग्राम हेरोइन (चिट्टा) 642 ग्राम अफीम, 6.09 ग्राम स्मैक, 8.234 किलोग्राम भुक्की और 77 नशीली दवाएं बरामद की हैं। पुलिस ने नशे की खेती पर शिकंजा कसते हुए 5 मामलों में 9 लाख 26 हजार 160 चरस और 23 मामलों में 1 लाख 98 हजार 183 अफीम के पौधे नष्ट किए हैं।

साक्षी वर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ड्रग्स के व्यापार में उत्पादन को लेकर दो प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें कुल्लू और मंडी के विभिन्न क्षेत्रों में उगाई जाने वाली कैनबीस और अफीम पहली चुनौती है। सिंथेटिक ड्रग हेरोइन पर अंकुश लगाना दूसरी बड़ी चुनौती पुलिस के सामने है। सिंथेटिक ड्रग्स प्रदेश में बाहरी राज्यों से सप्लाई की जाती हैं और इसका उपयोग करने वाले लोग मंडी जिला में मौजूद हैं। इसे जिला और बाहरी क्षेत्रों में भी सप्लाई किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया याद

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल**



लडभड़ोल भाजपा मंडल ने बुधवार को 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती मनाई। यह कार्यक्रम जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक राणा और लडभड़ोल भाजपा मंडल के अध्यक्ष लविंद्र सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक राणा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक शिखर पुरुष थे। उन्होंने इस दिन को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हुए कहा कि हमें अटल के आदर्शों पर चलते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति लोगों के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने के प्रयास को दर्शाता है।

# डबरोग में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

सरकाघाट के डबरोग में 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष यशपाल, बलबीर चंद शर्मा, बलदेव भारद्वाज, राजकमल व लवली सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

यशपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक शिखर पुरुष थे। उन्होंने इस दिन को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हुए कहा कि हमें अटल के आदर्शों पर चलते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के प्रति लोगों के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने के प्रयास को दर्शाता है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राज में सुशासन की व्यवस्था हुई। सत्ता परिवर्तन भी होते रहे और व्यवस्था परिवर्तन का काम हुआ तो वह स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में हुआ। हर जरूरतमंद आदमी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचना शुरू हुआ। आज पूरा देश स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करता है।

# जोगिंद्रनगर में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर लगाया भंडारा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर बुधवार को शहीदी दिवस के अवसर पर चांद गिफ्ट हाउस के सौजन्य से जोगिंद्रनगर में भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन सिख धर्म के महान बलिदानियों गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों और माता गुजरी कौर की शहादत को स्मरण करते हुए किया गया। कार्यक्रम 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है।

गुरुप्रीत सिंह ने बताया कि पहले दिन संगत के लिए गर्म दूध का लंगर लगाया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर चार साहिबजादों के बलिदान और उनके अद्वितीय शौर्य को याद किया गया। उन्होंने कहा कि इन दिनों सिख समाज में कोई भी खुशी का आयोजन जैसे विवाह, ग्रह प्रवेश, मीठे पकवान, जन्मदिन आदि नहीं मनाए जाते।

गुरुप्रीत सिंह ने कहा कि चार साहिबजादों और माता गुजरी कौर की शहादत सिख धर्म के इतिहास में अद्वितीय है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लें और उनके बलिदान को कभी न भूलें। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी सिख परिवार अमृत समय में प्रभु सिमरन करते हैं और बच्चों को भी इसमें शामिल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

**भाईचारे और सेवा की मिसाल**

**आयोजन** के दौरान संगत के लिए गर्म दूध और भोजन का लंगर लगाया गया। आने वाले दो दिनों में चाय और कॉफी का लंगर भी लगाया जाएगा। इस मौके पर जसमीत कौर, ज्ञान सिंह और जोगिंद्र पाल कौर ने संगत को सेवा के महत्व के बारे में बताया।

**सिख समाज का अनोखा आयोजन**

**शहीदी** दिवस पर सिख समाज शोक और बलिदान के प्रतीक के रूप में इसे मनाता है। इस दिन गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस बलिदान को याद कर संगत को उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी गई।

# आरकेएम पब्लिक स्कूल में तहसीलदार व जयसिंह ठाकुर ने नवाजे होनहार छात्र

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

उपमंडल सुंदरनगर स्थित आरकेएम पब्लिक स्कूल कपाही का दो दिवसीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हो गया है। समापन दिवस पर तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं उनके साथ जेएमएम इंफ्राकॉन के प्रबंध निदेशक व समाजसेवी जयसिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों व बच्चों ने फूल मालाओं के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों को प्रिंसिपल वीरेंद्र भारती एवं प्रबंध निदेशक कर्म सिंह ठाकुर ने शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दीप प्रज्वलित करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तहसीलदार ने बच्चों को मोबाइल व नशों से दूर रहने की अपील करते हुए जागरूक किया। वहीं, जयसिंह ठाकुर ने बच्चों को पढ़ाई व खेलों की तरफ ज्यादा ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि सफल इंसान बनकर नौकरी देने के लिए ग्रहण करें। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रम व स्कूल प्रबंधन को 61 हजार रुपए की सहयोग राशि भी भेंट की। स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, नशे के विरुद्ध नाटक पेश किए। माता-पिता पर आधारित 'बागवान' कार्यक्रम को देखकर मुख्यातिथि सहित पंडाल में बैठे लोगों की आंखें नम हो गई। अंकित शर्मा व जय सिंह ठाकुर ने अपने करकमलों से होनहार बच्चों को पुरस्कृत किया।

**सराहनीय**

## दिव्यांग छात्रों को स्कूली शिक्षा से लेकर व्यावसायिक कोर्स के लिए प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति

# जरूरतमंद युवाओं को उच्चतर शिक्षा के लिए खुली नई राहें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं युवाओं का भविष्य संवारने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है। विशेष तौर पर दिव्यांग व जरूरतमंद वर्गों के बच्चों के लिए इन योजनाओं के माध्यम से उच्चतर व व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में नई राहें खुली हैं। दिव्यांग स्टूडेंट्स को छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत बोर्ड व विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थानों से नियमित शिक्षा ग्रहण कर रहे 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगों को बिना किसी आय सीमा के मासिक दरों पर छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इसके तहत पहली से पांचवीं कक्षा तक दिव्यांग छात्रों को 625 रुपए तथा छात्रावास में रहने वालों को 1875 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। छठी से आठवीं कक्षा तक क्रमशः 750 रुपए व 1875 रुपए, नवीं व दसवीं कक्षा में क्रमशः 950 रुपए व 1875 रुपए, जमा एक व जमा दो कक्षा के लिए दिवस छात्रों को 1250 रुपए प्रतिमाह व छात्रावास वाले छात्रों को 2500 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। योजना के तहत जमा दो कक्षा के बाद डिप्लोमा कोर्स तथा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक के लिए पात्र दिव्यांग छात्रों को 1875 रुपए (दिवस) व 3750 रुपए (छात्रावास) की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। एलएलबी, बीएड, एमए, एमएससी, एमएड, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स के लिए क्रमशः 2250 रुपए और 3750 रुपए तथा बीई, बीटेक, एमबीबीएस कोर्स के लिए दिव्यांग (दिवस) छात्रों को 3750 रुपए तथा छात्रावास में रहने वालों को 5000 रुपए मासिक प्रदान किए जा रहे हैं।

**क्या कहते हैं डीसी मंडी**

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि सामाजिक कल्याण के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडी जिला में इन योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

**111 पात्रों को बांटी राशि**

**मंडी** जिले के लिए इस योजना के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में 21 लाख 35 हजार रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। इसमें से योजना के तहत अभी तक 111 पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 11,29,145 रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर एप्लीकेशन व समवर्गीय क्रिया-कलापों में प्रशिक्षण एवं दक्षता योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विधवा अथवा परित्यक्ता महिलाएं एवं दिव्यांगजन को शामिल किया गया है। इन वर्गों से संबंधित 18 से 35 वर्ष आयु तक के अभ्यर्थी योजना का लाभ उठा सकते हैं। अभ्यर्थी बी.पी.एल. परिवार से संबंधित होना चाहिए अथवा उनके परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम होनी चाहिए। ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों को एक वर्षीय डी.सी.ए. व पी.जी.डी.सी.ए. का कोर्स निःशुल्क करवाने का प्रावधान योजना में किया गया है।

**मासिक कौशल भत्ता किया जा रहा प्रदान**

**यह** कोर्स चुनिंदा संस्थानों के माध्यम से करवाया जाता है। कोर्स के लिए संस्थान को 1200 रुपए की मासिक दर से प्रशिक्षण फीस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वहन की जाती है। प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रुपए व दिव्यांग छात्रों को 1200 रुपए की दर से मासिक कौशल भत्ता भी रोजगार कार्यालय के माध्यम से प्रदान किया जाता है। कोर्स उत्तीर्ण करने के उपरांत लाभार्थियों को छह माह तक सरकारी अथवा गैर-सरकारी संस्थाओं में प्लेसमेंट के तहत कार्य अनुभव का अवसर प्रदान किया जाता है। इस दौरान उन्हें 1500 रुपए प्रतिमाह और दिव्यांग प्रशिक्षणार्थी को 1800 रुपए की दर से मासिक छात्रवृत्ति वजीफे के रूप में प्रदान की जाती है। वर्ष 2023-24 में 365 लाभार्थियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण व छह माह का कार्य अनुभव प्रदान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सतपाल सत्ती ने वाजपेयी को की श्रद्धांजलि अर्पित



**ऊना।** ऊना भाजपा कार्यालय दीप कमल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता सतपाल सत्ती और अन्य।

### सभाओं के लिए बनाई योजनाओं की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** जिला सहकारी विकास संघ सीमित (ऊनकोफैड) के तत्वावधान में सहकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। वर्चुअल तरीके से राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सौजन्य से आईएसकेए लाइव प्रसारण किया गया। इस विशेष आयोजन में ऊना जिले की नई पंजीकृत बहुउद्देशीय, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन व कृषि सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग से संदेश बाला जिला अंकेक्षण अधिकारी, अशोक कुमार निरीक्षक सहकारी सभाएं ऊना व ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस आयोजन की केंद्र सरकार के सहकारिता व गृह मंत्री अमित शाह ने अध्यक्षता की। इस समारोह में नाबार्ड, राष्ट्रीय सहकारी विकास कार्पोरेशन, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद आदि के अधिकारियों ने सभाओं के लिए बनाई गई योजनाओं बारे जानकारी दी व नई सहकारी सभाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया बारे समझाया। दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, कृषि व अन्य विभिन्न कारोबारों को शुरू करने के लिए मार्गदर्शन दिया। अंत में ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा ने आए हुए सहकारिता विभाग के अधिकारियों व सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया तथा सभाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने व्यवसायों के विविधकरण से आय बढ़ाने के लिए पग उठाने का आग्रह किया। ऊनकोफैड के सचिव अंकित बाली व जगमोहन की इस आयोजन की प्रबंधकीय व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की व उनका धन्यवाद किया।

### बणे दी हट्टी में विधायक ने मेधावी नवाजे



**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** गगरेट उपमंडल के तहत राजकीय उच्च पाठशाला बणे दी हट्टी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक कुलदीप सिंह ने की। स्कूल प्रशासन ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्याध्यापक कुलदीप सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर कांग्रेस नेता वेद प्रकाश पाराशर, खंड शिक्षा अधिकारी असीम मोहम्मद, ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता शर्मा, प्रधान शिवपुर ममता देवी, प्रधान टटेहड़ा इंदु वाला, चमन लाल, सुरिन्दर शर्मा, दविंद्र सिंह, सोशल मिडिया प्रभारी राजन शर्मा, अभिषेक, हरमीक सिंह, कै. कृष्ण चंद सहित अन्य उपस्थित रहे। इस समारोह में विद्यार्थियों ने राजस्थानी, हिमाचली लोकगीत, नाटी, भांगड़ा व पंजाबी गिद्दा सहित कई नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सभी ने खूब आनंद लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि विधायक राकेश कालिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को 5 हजार रुपए व स्कूल स्टेज के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राकेश कालिया ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### पर्यटकों को आकर्षित करता है बड़ागांव का ठाकुरद्वारा

**विनोद शर्मा, लठियाणी।** क्षेत्र के कोहडरा के समीप बड़ागांव जो ऊना और बिलासपुर की सीमा पर स्थित है, यहां कई रमणीक स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के लठियाणी से कोहडरा, बच्छेट्, तलाई मार्ग पर बिलासपुर जिले के आरंभ में स्थित यह प्राचीन मंदिर ग्राम पंचायत बड़गांव गलू के डोहक गांव में स्थित है। इस प्राचीन मंदिर को ठाकुरद्वारा के नाम से पहचाना जाता है। अगर तलाई मार्ग से आएं तो कुछ ही दूरी पर ऊना जिला प्रारंभ हो जाता है। यह ठाकुरद्वारा डोहकेश्वर धाम से बहुत ही बढ़िया दिखाई देता है। डोहकेश्वर धाम में काफी संख्या में पंजाब से भी काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस क्षेत्र में और भी कई पुरातन व प्राचीन मंदिर हैं, लेकिन जब गोविंदसागर झील में लबालब पानी होता है। तो ये मंदिर गोबिंदसागर के पानी से ढक जाते हैं।



ठाकुरद्वारा मंदिर कई बरसों से इसी हालत में है। स्थानीय लोगों में देश राज मौदगिल, आशु मौदगिल, राजीव कुमार शास्त्री, सुरेश मौदगिल, नरेश कुमार, परसराम, रामकिशन, बालकिशन, कमलदेव, राजिंदर शर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश चंद, सोमदत्त, गुरदेव चन्द गोगा, अश्वनी कुमार, वार्ड पंच किरना देवी, विजय कुमार, बलदेव चंद, प्रकाश चंद, रमेश चंद, बांकू राम, अमर सिंह इत्यादि का कहना है कि यदि स्थानीय प्रशासन और सरकार इस प्रकार के प्राचीन मंदिरों का सही तरीके से रखरखाव करे तो यहां काफी संख्या में श्रद्धालु इस ओर आकर्षित हो सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकता है।

### सनातन धर्म ही श्रेष्ठ है : कृष्ण दास



**मुबारिकपुर।** ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में भागवत कथा के दूसरे रोज पहुंचे श्रद्धालु कथा श्रवण करते हुए। भागवत कथा व्यास कृष्ण दास ने कहा कि सनातन धर्म ही श्रेष्ठ है।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव कड़ में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, सन्नी पटियाल, गुरमेश चौधरी, सुभाष चौधरी, सतपाल चौधरी, ललिता आदि उपस्थित रहे।

### कुटलैहड़ में वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती पर कुटलैहड़ मंडल द्वारा आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

# गोलीकांड में बाल-बाल बचा था तीसरा व्यक्ति

## बदले की भावना, मानसिक तनाव और उत्तेजना का परिणाम था भदसाली गोलीकांड

**राजेश शर्मा, ऊना**

हरोली के भदसाली में एक अधिवक्ता ने जमीनी विवाद को लेकर पिता और पुत्र पर गोलियां दागी थीं। कितने राउंड फायर हुआ, यह अभी जानकारी नहीं मिली है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों की मानें तो दोनों मृतकों के अलावा एक तीसरा सख्श भी बाल बाल बचा था। बहरहाल पुलिस मामले की गहनता के साथ तफ्तीश कर रही है। जमीनी विवाद को लेकर मामला इतना आगे बढ़ गया कि चंद पल के गुस्से ने कई परिवारों को मुसीबत में डाल दिया।

बदले की भावना और मानसिक तनाव ने आरोपी की आंखों पर ऐसा परदा डाला कि उसकी हरकत से कुछ का घर खाली हो गया, तो कुछ को सलाखों के पीछे पहुंचाकर उनकी जिंदगी को नरक बना दिया। हाथापाई से शुरू हुई लड़ाई, हथियार तक कैसे पहुंच गई? सवाल तो कई उठेंगे, लेकिन सबसे बड़ी गलती हथियार वाले की मानी जाएगी। भले ही इसमें कहीं न कहीं माहौल दोनों पक्षों की वजह से तनावपूर्ण हुआ था। गुटीय संघर्ष में अहम और वहम के अलावा प्रतिष्ठा जुड़ गई और सब्र का बांध टूट गया। आवेश में इतनी हिंसा और क्रोध मन में आ जाना मौके की स्थिति को बयां कर रहा है।





मानसिक हालात पर काबू पाना चाहिए था, लेकिन नफरत और दिल की टीस के शैतान ने ट्रेगर दबाने से पहले आत्मा को जागने का मौका नहीं दिया। इतना बड़ा अनर्थ हुआ कि 25-26 साल का नौजवान और उसका पिता उस मां और पत्नी की आंखों के सामने तड़प रहे थे, जो महिला अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए दिन-रात उस भगवान से दुआएं मांगती थी। अस्पताल में उसका विलाप यह सब बयान कर रहा था।

उधर बात करें तो जो आरोपी है, वह काबिल निशानेबाज भी रहा है। ऐसा खिलाड़ी अपने संयम पर काबू क्यों नहीं रख पाया, आम लोग भी सोचने को मजबूर हैं। बेशक हर बच्चा अपने पिता के अपमान को सहन नहीं कर सकता है, लेकिन इतनी हिंसा कर बैठे यह बात भी किसी को पच नहीं पा रही है।

**चंद पल के गुस्से ने कई परिवारों को आरोपियों ने मुसीबत में डाला**

कभी दूसरे राज्यों में गेंगवार की घटनाएं सुनी जाती थीं, लेकिन अब दिल दहलाने वाली घटनाएं ऊना के चारों कोनों से देखने को मिल रही हैं। कहीं न कहीं समाज के ताने बाने में ही कोई समस्या घर करने लगी है। असंतोष और नफरत के साथ-साथ मानसिक तनाव का बढ़ता प्रभाव समाज को खोखला करने लगा है। समय रहते ऐसी प्रवृत्ति को बढ़ने से रोकने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। ऊना जिला में एक के बाद एक चौथी घटना है। इसमें बहडाला, अंब और हरोली में दूसरी घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस की कार्रवाई काबिलेतारीफ

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** ऊना जिले के पुलिस कप्तान राकेश सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अच्छा कार्य कर रही है। पिछले दिनों जमीनी विवाद को लेकर एक अधिवक्ता ने अपने ही गांव के एक परिवार के पिता और पुत्र को गोलियां से भून डाला था, मौका पर ही दोनों की मौत हो गई थी, एक अन्य युवक भी गोली के निशाने पर था, जो बाल-बाल बच गया था। पिछले कल हरोली पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि भदसाली में एक व्यक्ति ने बंदूक से गोलियां चला कर दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया की अगुवाई में मौका पर पहुंची थी। मौका पर फोरेंसिक टीम से भी निरीक्षण करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई और मौका से महत्वपूर्ण साक्ष्यों को एकत्रित किया गया। मृतकों के शवों का स्थानीय अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के निर्देशानुसार सभी आरोपियों की पहचान करके 24 घंटे के अंदर करके सबको गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जिनका 5 दिन रिमांड हासिल करके कड़ी पूछताछ अमल में लाई जा रही है। उपनिरीक्षक चेतन सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए 24 घंटे के अंदर हरोली पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें ऊना जिले के कई पुलिस कर्मचारियों ने एक टीम के रूप में कार्य करके मामले को इतनी जल्दी सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### वार्षिक समारोह का आयोजन

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चकसराय में 27 दिसंबर को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य मिस शशि कुमारी ने दी।

### बाबा के भजनों से गूंजा बाबा पहाड़िया मंदिर

**बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाकास में गद्दी नशीन बाबा अशोक ठाकुर ने बाबा पहाड़िया बाबा बालक नाथ के भजनों से जनता को निहाल किया। तनद पूजन के बाद मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण कथा हुई और उसके बाद मंदिर परिसर में कीर्तन दरबार सजा। वीरवार सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ होगा और दस बजे मंदिर परिसर में बाबा पहाड़िया जी के गुणगान का बड़ा कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें पंजाब की बुलंद आवाज अश्वनी वर्मा बाबा पहाड़िया जी का गुणगान करेंगे। 11 बजे बाबा पहाड़िया जी की सवारी निकलेगी।

# अंबोटा पंचायत के विघटन के प्रस्ताव के विरोध में उतरे ग्रामीण

**सन्नी पुरी, गगरेट**

विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा का विघटन कर इसे दो से तीन पंचायतों में विभाजित करने के ग्राम पंचायत द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर विरोध के स्वर मुखर करते हुए गांववासी ग्राम पंचायत के विरोध में ही खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिन्होंने अंबोटा गांव की एकता व आपसी सद्भाव को तार-तार करते हुए बांटो और राज करो की नीति को अपनाया है, उन्हें आगामी पंचायत चुनाव में करारा जवाब दिया जाएगा।



अंबोटा पंचायत के विघटन के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने विरोध किया।

अंबोटा पंचायत के मोहल्ला हंडियाला व डब्वाली के लोगों ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार चतेहर को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा देना चाहती है तो उन्हें कोई एतराज नहीं है, लेकिन हंडियाला व डब्वाली के लोग ग्राम पंचायत अंबोटा का हिस्सा बनकर रहना पसंद करेंगे। बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर की अगुवाई में बैठक कर गांव के वाशिंदे संजीव कुमार, राजीव ठाकुर, अर्जुन सिंह, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, अजय सिंह, हरदीप सिंह, मोंटू, राजिंदर सिंह, पंकज, सतीश, नितिन, मनोहर लाल, अमन ठाकुर, कुलवंत सिंह, सक्षम, अंशु, सौरभ शर्मा, अनिरुद्ध, पंकज, पारिख, हरीश व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर सहित कई लोगों ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने ऐसा कोई प्रस्ताव भेजा भी था तो चाहिए यह था कि ग्राम पंचायत इसके लिए ग्राम सभा की बैठक बुलाती और सभी गांववासियों की इस बारे राय जानती, उसके बाद ही कोई प्रस्ताव पारित कर भेजा जाता।

**ग्रामीणों ने विधायक कालिया से मामले में हस्तक्षेप कर निर्णय लेने की मांग रखी**

उन्होंने कहा कि गांव ने पंचायत प्रतिनिधियों को इसलिए नहीं चुना था कि वे मनमर्जी से कोई भी फैसला पूरे गांव पर थोपें। ऐसा करके पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की पीठ में छुरा घोंपा है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे किसी प्रस्ताव पर गौर न करे जो ग्राम पंचायत ने गांववासियों को विश्वास में लिए बिना ही पारित करके भेजा है। फिर भी अगर प्रदेश सरकार दो ग्राम पंचायतें बनाना चाहती है तो चतेहर को बेशक अलग पंचायत का दर्जा दे दे लेकिन मोहल्ला हंडियाला व डब्वाली और शिववाड़ी उपमुहाल के लोग ग्राम पंचायत अंबोटा के साथ रहना चाहते हैं, इसलिए इन्हें अंबोटा ग्राम पंचायत के साथ ही रखा जाए।

उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अंग्रेजों की नीति पर चलते हुए बांटो और राज करो की नीति अपनाई है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक राकेश कालिया से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# हरोली पुलिस की एक और सफलता बाइक चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा



पंडोगा के कंग ढाबे के पास बाइक चोरी करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

जुलाई महीने में पंडोगा के कंग ढाबा के पास से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया था।

तरसेम नाम के एक शिकायतकर्ता ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट की थी। हरोली पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा सर्विलांस और मुखबिरों के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर कुछ दिन पहले दोनों कर पंजाब के एक थाना में चोरी के केस में ही पकड़े गए, जिस पर अब हरोली पुलिस ने चोरों को प्रोडक्शन वारंट पर ऊना लाकर पिछले कल गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों को अदालत में रिमांड के लिए पेश करके तीन दिन का पुलिस हिरासत हासिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बसौली में सतपाल रायजादा ने नवाजे मेधावी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसौली में आज वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग संघ के प्रधान एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने शिरकत की विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री सोमलाल धीमान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सोम लाल ने बताया कि मुख्य अतिथि ने लगभग 3 लाख से बना बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन किया और विद्यालय की चारदीवारी को 2 लाख का चेक प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने बॉक्सिंग रिंग के रखरखाव के लिए वर्षा शैड बनाने के लिए आश्वासन दिया। मुख्यातिथि द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आए खिलाड़ियों छात्र-छात्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले तथा अकादमिक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। एडीपीओ हायर एजुकेशन जगजीत सिंह सीएचटी अध्यापक विजय कुमार मंच का संचालन मैडम उर्वशी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव गौतम, प्रवक्ता परमजीत कौर, मोनिका चौधरी, निशा देवी, बलजिंदर सिंह, रेजी जोशी, कृष्णा, लेखराज शास्त्री सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# सैनिक अब्दुल मजीद को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंबोटा के निवासी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कांस्टेबल के पद पर तैनात अब्दुल मजीद का सोमवार देर शाम एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। 35 वर्षीय अब्दुल मजीद जम्मू में तैनात थे और तीन दिन पहले ही छुट्टी पर अपने गांव अंबोटा आए थे। अपने परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताने की उम्मीद लेकर लौटे इस बहादुर जवान का सफर एक तेज रफ्तार जेसीबी के कारण दुखद अंत में बदल गया।



सड़क हादसे के शिकार हुए अब्दुल मजीद को अंतिम विदाई देते सैन्य अधिकारी।

हादसा गगरेट के भरवाई रोड पर हुआ, जब उनकी मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार जेसीबी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अब्दुल मजीद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अब्दुल मजीद का मंगलवार को उनके पैतृक गांव अंबोटा में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**लोगों ने लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई की मांग**

क्षेत्र के अन्य जवानों ने भी उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें सैल्यूट किया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सघनई और अंबोटा के स्थानीय निवासियों के अलावा दूर-दराज के लोग भी इस वीर सैनिक को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई।

ग्राम पंचायत अंबोटा के प्रधान जगजीत सिंह, उपप्रधान और पूर्व सैनिक जोनी ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता रोजी ठाकुर, सेवानिवृत्त सैनिक कासन सतर दीन, शेर मोहम्मद, ताज मोहम्मद, दस्तर मोहम्मद और मौज दीन सहित अन्य कई सेवानिवृत्त सैनिक व गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रीय नेता भी इस मौके पर मौजूद रहे। सभी ने अब्दुल मजीद के बलिदान को सलाम किया और उनके परिवार को सांत्वना दी। अब्दुल मजीद अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो छोटी बेटियां (9 और 7 वर्ष) छोड़ गए हैं।

उनका असमय निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा आघात है। एक जिम्मेदार पिता, आदर्श पुत्र, और समर्पित सैनिक के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। हादसे के बाद से अंबोटा और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है कि जेसीबी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की वजह से ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं और इन पर तुरंत अंकुश लगाना जरूरी है।

### निवारण — विधायक विवेक ने प्रताप नगर में की हॉल और शौचालय बनाने की घोषणा

# सुक्खू सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को ग्राम पंचायत झलेड़ा के वार्ड प्रताप नगर में जनसमस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने जनता की मांग पर एक बड़ा हॉल और सुलभ शौचालय बनाने की घोषणा की।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनसमस्याओं के समाधान और गांव के विकास के लिए वचनबद्ध है। हमने अपने छह माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गांव में जाकर जनता की घर-द्वार समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया है। विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में राज्य की जनता के लिए कई विशेष योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को लाभ पहुंचा रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। प्रदेश सरकार ने 15 महीने में चुनाव के वक्त लोगों को दी गई 10 में से 5 गारंटियों को पूरा कर लिया है। इसमें सरकार ने अपनी पहली सबसे बड़ी गारंटी ओपीएस को पहली ही कैबिनेट की बैठक में पूरा किया है।



झलेड़ा में ग्रामीणों के साथ विधायक विवेक शर्मा।

इसके अलावा चार और गारंटियों को भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा बाकी बची गारंटियों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस दिशा में भी सरकार काम कर रही है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, देसराज गौतम, कुटलैहड़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुनीश कुमार बैंस के अलावा सभी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी प्रधान उपप्रधान एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में छात्रों को बांटे इनाम :** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को बंगाणा के शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विवेक शर्मा का भव्य स्वागत के साथ स्कूल स्टाफ द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। वहीं, मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने स्कूल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को इनाम बांटे। इस मौके पर सदाशिव मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, कुटलैहड़ अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, देसराज मोदगिल के साथ स्कूल स्टाफ एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# विधायक बबलू ने कटोहड़ कलां में मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अंब**

गुरुकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कटोहड़ कलां में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

इसके बाद स्कूल के प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की दिनचर्या पर अपना पूरा ध्यान रखें और उन्हें दोस्तों के साथ घूमने की इजाजत देने के बजाए अपने नेतृत्व में अच्छे संस्कार देने की कोशिश करें। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन की ओर से गुरुकुल स्कूल के निदेशक जगदेव गौतम, निदेशक मदन लाल, चेयरमैन जगमोहन लाल गौतम, निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय, प्रिंसिपल गुरुकुल इंटरनेशनल डॉ. संतोष कुमारी, प्रिंसिपल गुरुकुल पब्लिक शिवानी गुलेरिया, डीन प्रियंका शर्मा, प्रिंसिपल एकेडमिक शिखा लट्टू, एएसपी अमित कुमार शर्मा, जस्टिस निरंजन कुमार व समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### भुट्टो के समर्थकों ने वाजपेयी के योगदान को याद किया



**बंगाणा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बंगाणा में देवेंद्र भुट्टो के समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि वाजपेयी जी के योगदान को कहा ही भुलाया नहीं जाएगा। इस अवसर पर जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, सुदर्शन शर्मा सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 4 साल के मासूम बच्चे का दम घुटने से मौत

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय लोअर केलांग में क्षेत्रीय अस्पताल के समीप बीती रात दो मंजिला एक मकान में आग लग गई। आग लगने के चलते मकान पूरी तरह से जल गया। वहीं, मकान के भीतर 4 साल का मासूम भी इसकी चपेट में आ गया और तंदूर की आग में दम घुटने से उसकी मौत हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने व बच्चे को ढूंढने में जुटी रही। रात को टॉर्च की रोशनी में टीम बच्चे को ढूंढने में जुटी रही, लेकिन रात को बच्चे की जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं, सुबह दोबारा बच्चे को ढूंढने के लिए अभियान चलाया, जिसके बाद मासूम बच्चे का शव एक कोने में मिला। जानकारी के अनुसार इस दो मंजिला मकान में नेपाली मूल का दंपती अपने 4 साल के बेटे के साथ रहता था। मकान में जब आग लगी, तो नेपाली मूल का व्यक्ति भीम बहादुर अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर था और उनका 4 साल का बेटा घर के अंदर था। ऐसे में अचानक मकान ने आग पकड़ ली और घर के भीतर रखा एक सिलेंडर भी बुरी तरह से ब्लास्ट हुआ, जिसके चलते आग बुरी तरह से भड़क गई। बुधवार सुबह पुलिस ने मासूम का शव भी बरामद कर लिया है। अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि इस अग्निकांड में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे लोअर केलांग में एक रिहायशी मकान में आग लग गई। इस मकान में नेपाली मूल का एक परिवार रह रहा था। इसी परिवार का एक बच्चा निशिल (4 वर्ष) सपुत्र भीम बहादुर आग की चपेट में आ गया और उसे बचाया नहीं जा सका। बच्चे का शव क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के पश्चात परिवार को सौंप दिया है। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की फौरी राहत राशि के साथ ही घरेलू सामान की खरीद के लिए 15 हजार रुपए, 5 कंबल, बर्तन और अन्य सामान प्रदान किया गया है।

### नाटक से नशे के दुष्प्रभावों बारे किया जागरूक

**कुल्लू।** नेशनल एक्शन प्लान ऑन ड्रग डिमांड रिडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण विभाग कुल्लू द्वारा बुधवार को जिला कुल्लू के बंजार बस स्टैंड में नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ एक जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें गीत-संगीत कला मंच बंजार के कलाकारों ने गीत, संगीत व नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों का मनोरंजन करते हुए नशे की बुराइयों, इसके दुष्प्रभाव और नशा विरोधी कानूनों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रमों में मंच के कलाकार, रमेश कुमार, बीएस राणा, टेला सोनी, नरेंद्र मेहता, देवी भास्कर, देव माइकल, रीना द्वारा समूहगीत, गांव-गांव शहर-शहर में यह अभियान चलाना है, छोड़ नशे की बुरी आदतें, सब को यह समझाना है लोकगीत, ब्राउन शुगर आदि के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### बोहटा-पलकानी सड़क मार्ग का काम शुरू

**आनी।** पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अंतर्गत निथर उपतहसील की देहरा पंचायत के चिरपरिचित बोहटा से पलकानी सड़क के एक किलोमीटर भाग का निर्माण कार्य बुधवार को शुरू हो गया। शेड्यूल कास्ट डिवेलपमेंट प्लान के अंतर्गत बन रही 4 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़क के एक किलोमीटर निर्माण कार्य पर करीब 29 लाख रुपए खर्च होंगे। इस सड़क के पूरा बन जाने से देहरा पंचायत के बोहटा, पलकानी, छछपल, सोमबन आदि गांवों की सैकड़ों आबादी लाभान्वित होगी। बता दें कि इस सड़क मार्ग के शहीद डोला राम मेमोरियल कोयल निथर सड़क के जीरो प्वॉइंट से एक किलोमीटर दूर तक का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, जिसके बाद अब अगले एक किलोमीटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके पूरा होने के बाद अगले एक किलोमीटर लंबे भाग का निर्माण कार्य शुरू होगा। वहीं, देहरा पंचायत की प्रधान सरोजबाला ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया। जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को बोहटा से पलकानी सड़क मार्ग के एक किलोमीटर भाग का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिस पर करीब 29 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

### हुरंग ने बेसहारा पशुओं के लिए उठाया कदम

**पतलीकूहल।** पंचायत हुरंग के अंतर्गत सभी महिला मंडल और स्वयं सहायता समूहों ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इन संगठनों के सदस्यों ने मिलकर बेसहारा पशुओं को इकट्ठा किया और उन्हें गो सदन कटराईं में पहुंचाया। इस अभियान में सभी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गो माता की सेवा के लिए अपना योगदान दिया। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाले दिनों में बारिश और बर्फबारी के कारण बेसहारा पशुओं की दुर्दशा और भी बदतर हो सकती है। हुरंग पंचायत के इस कदम को देवभूमि में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम न केवल बेसहारा पशुओं की सेवा के लिए है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का भी हिस्सा है। हुरंग पंचायत के प्रधान रामनाथ कान्हा की तरफ से यह संदेश दिया गया कि सभी पंचायतों को इसी तरह के कदम उठाने चाहिए, ताकि हमारे बेसहारा पशु सड़कों पर न घूमें और हमारी देवभूमि में हमारे देवताओं के प्रति आस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत हुरंग के सभी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने-अपने वार्ड स्तर पर सभी लोगों को बेसहारा पशुओं को एकत्रित करने के लिए हमने यह कदम उठाया है।

### बच्चों को सिखाई जा रही थियेटर की बारीकियां

**कुल्लू।** विंटर वेकेशन के दौरान कुल्लू के भुंतर स्थित नाट्य संस्था नाट्यश्रेष्ठ' द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर के परिसर में 21 दिवसीय 'विंटर थियेटर कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। रंगकर्मी रेवत राम विक्की द्वारा संचालित 25 दिसंबर से शुरू हुए इस थियेटर कैंप में 20 बच्चे भाग ले रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य तिलक ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि 'मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि इस थियेटर कैंप से प्रतिभागी छात्रों के रचनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में देश के एक बेहतरीन नागरिक के रूप में तैयार होने के लिए उनके जीवन की एक बेहतर नींव साबित होगा। कैंप संचालक रेवत राम विक्की ने कहा कि इन 21 दिनों के इस कैंप के माध्यम से न केवल छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया जाएगा, बल्कि उनकी छुट्टियों को भी उपयोगी और यादगार बनाने में उनकी मदद की जाएगी। इस दौरान अभिनय के साथ-साथ नाट्य विधा के अन्य पहलुओं से भी प्रतिभागी बच्चों को परिचित करवाया जाएगा। इसी दौरान प्रतिभागी बच्चों के साथ एक नाटक भी तैयार किया जाएगा और कैंप के समापन अवसर पर उसे प्रस्तुत किया जाएगा।

### भगवान के मनमोहक चित्र दे रहे विभिन्न संदेश

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में क्रिसमस मनाया। क्रिसमस दिवस के उपलक्ष्य में सुंदरनगर के चित्रकार सुनील कुमार चौहान की चित्रकला प्रदर्शनी 'वंडर ऑफ कल्लरज' का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उनकी पत्नी आयुर्वेदिक फारमेसी अधिकारी चैलचौक निशा कौशल ने किया। चित्रकार सुनील कुमार चौहान ने अध्यात्म और नारी के विभिन्न रूपों को विभिन्न प्रकार के चित्रों के माध्यम से दिखाया है। चित्रकार का कहना है कि नारी के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, उसकी प्रेरणा और सहयोग से ही मनुष्य हर प्रकार की सफलता हासिल कर सकता है। चित्रकार ने भगवान शिव और कृष्ण के बड़े ही मनमोहक चित्र बनाए हैं, जो अपने आप में अनोखा संदेश दे रहे हैं। चित्रकार सुनील कुमार पेशे से भौतिक विज्ञान के लैक्चरर हैं। भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां रौरिक आर्ट गैलरी की शोभा होती हैं।

### राधा-कृष्णन स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**सैंज।** राधा-कृष्णन पब्लिक सिनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के युवा नेता मोहरसिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य वीएस रावत ने टोपी व स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्यातिथि का स्वागत किया तदोपरांत प्रधानाचार्य वीएस रावत ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही जरूरी है।

### बागवान बगीचों में सही तरीके से करें प्रूनिंग

**आनी।** बागवान अपने बगीचों में सही तरीके से प्रूनिंग करें, जिससे न केवल सेब की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि कई रोगों से भी वैज्ञानिक तरीके से की गई प्रूनिंग से निजात मिलती है। यह बात आनी खंड के कराणा गांव में आयोजित एकदिवसीय प्रूनिंग प्रशिक्षण शिविर के दौरान रोहड़ू के प्रसिद्ध बागवान एवं प्रशिक्षक जीतू चौहान जितेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कराणा में विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब डेढ़ सौ बागवानों और प्रूनरों को काट-छांट की सभी बारिकियों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि हर बागवान को अपने आप में शिक्षक बनना होगा। उन्होंने सभी बागवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सेब बागवानों की सेब आर्थिकी की रीढ़ है।

# मालरोड पर कुल्लू महोत्सव की धूम

## विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने सात दिवसीय महोत्सव का किया शुभारंभ

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



पर्यटन नगरी मनाली की तर्ज पर बुधवार से कुल्लू के मालरोड में सात दिवसीय कुल्लू महोत्सव का आगाज हुआ। 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि शरदकालीन उत्सव कुल्लू महोत्सव को मनाया जा रहा है। इस महोत्सव से जिले के पर्यटन कारोबार को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद से जो मैंने आग्रह किया था, उसको उन्होंने बड़ी गंभीरता से लिया है और तत्परता दिखाते हुए एक बहुत बड़ा आयोजन का इंतजाम किया है और ऐसे में इस तरह के आयोजनों को पर्यटन से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुल्लू में पिरडी से बिजली महादेव तथा सरवरी से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। रघुनाथ का मंदिर भी यहां का आस्था का केंद्र है, उसका ख्याल रखते हुए वहां के लिए लिफ्ट का भी प्लान कर रहे हैं। अपर सुल्तानपुर के लिए, सरवरी से सीनियर सेकेंडरी स्कूल और लि लंका बेकर के लिए लिफ्ट निर्माण कर भविष्य के लिए बेहतर सुविधाओं का सृजन किया जाएगा। ढालपुर में कई जगह झरने तथा वाटर बॉडीज निर्माण कर, सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, नप कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा, नप उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी सहित सभी पार्षद व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### पहली बार नप कुल्लू ने की अनूठी पहल

**कुल्लू** में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय महिलाओं व लोगों द्वारा तैयार हस्तशिल्प सहित लोकल व्यंजनों को एक बाजार उपलब्ध करवाने, स्थानीय कलाकारों सहित स्कूली बच्चों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कुल्लू महोत्सव का पहली बार आयोजन किया जा रहा है।

### अलाव का किया इंतजाम

**कुल्लू** महोत्सव में रात्रि कार्यक्रम देखने आने वाले लोगों के लिए मालरोड पर जगह-जगह ठंड से बचाव के लिए नगर परिषद कुल्लू की ओर से अलाव का इंतजाम किया गया है। पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# श्रीखंड महादेव कैलाश की चोटियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



सोमवार और मंगलवार को हुई बर्फबारी के चलते उत्तर भारत के विख्यात धार्मिक स्थल श्रीखंड कैलाश महादेव की चोटियां ने एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़ ली है। बीते लंबे अंतराल तक सूखा पड़ने के कारण लगातार 12 महीनों बर्फ से लदी रहने वाली श्रीखंड कैलाश पर्वत की चोटियों पर से बर्फ गायब हो गयी थी। वहीं, निचले क्षेत्रों में बारिश से बागवानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है।

निरमंड के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते बागा सराहन से बठाहड़ वाया बशलेउजोत, चायल से बठाहड़, तीर्थन वैली वाया पजाया जोत और सिकन से तराला के लिए पैदल मार्ग भी बंद हो गए हैं, अब क्षेत्र के लोगों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय कर जिला मुख्यालय कुल्लू पहुंचना पड़ेगा, जबकि 1977 से कागजों में दौड़ रही बागासराहन-बठाहड़ वाया बशलेउ जोत सड़क को बनाने की कवायद अगर धरातल पर होती, तो 120 किलोमीटर के निरमंड से बंजार तक का सफर 22 किलोमीटर में तय हो जाना था। साथ ही क्षेत्र के पर्यटन को पंख लगने थे। अंग्रेजों के समय में इस रास्ते होकर लोग पैदल सफर करते थे और आज भी इस रास्ते का इस्तेमाल लगातार किया जा रहा है, लेकिन वर्ष 1977 में इस रास्ते को जीप योग्य सड़क में बदलने की कवायद उस वक्त के विधायकों ने शुरू की थी, जो आजतक कागजों में ही सीमित है। वहीं, गत वर्ष ही वन विभाग द्वारा बागासराहन से बशलेउ जोत तक 45 लाख रुपए की लागत से 9 किलोमीटर लंबा ब्राइडल पाथ बनाकर तैयार किया है, जिस पर पर्यटकों की सुविधा के लिए ई-कार्ट चलाए जाने हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता की मांग है कि बागासराहन से बशलेउ जोत होकर बंजार क्षेत्र के बठाहड़ के लिए प्रस्तावित सड़क मार्ग बनाने की कवायद जल्द शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को वाया जलोड़ी दर्रे होकर करीब 120 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

# पैराग्लाइडिंग व माउंटेन बाइक के सफर का आनंद ले रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति में लगातार दो दिनों तक हल्की बारिश व बर्फबारी के बाद बुधवार को खिली धूप के बाद बर्फ की चांदी से ढकी वादियां चमक उठी। वहीं, पर्यटन नगरी मनाली में मौसम साफ होते ही बर्फ से लदी वादियों में सैलानी पैराग्लाइडिंग सहित माउंटेन बाइक के सुहाने सफर का आनंद उठा रहे हैं। सोलंग नाला में दिन भर पर्यटकों ने खिली धूप के बीच साहसिक खेलों का आनंद लिया।

दिन के समय घुड़सवारी का आनंद लेकर सैलानी बर्फ से लदे धार्मिक स्थल अंजनी महादेव पहुंचे। सैलानियों ने सोलंगनाला व आसपास के पर्यटन स्थल अंजनी महादेव व फातरू में ही बर्फ का आनंद लिया। बर्फबारी होने से लंबे समय बाद सोलंग में रौनक लौटी है। घुड़सवारी करवा रहे स्थानीय व्यवसासियों ने बताया कि अंजनी महादेव में झरने का गिर रहा पानी शिवलिंग में तबदील हो गया है। स्की हिमालया के एमडी अमिताभ शर्मा ने बताया कि पर्यटक रोपवे के सुहाने सफर के बीच फातरु की वादियों में पहुंच रहे हैं। डीएसपी मनाली ने बताया कि बर्फबारी के चलते अटल टनल पर्यटकों के लिए फिलहाल बंद है।

# दुल्हन की तरह सजा पर्यटन नगरी मनाली का मालरोड

**अनंत ज्ञान, मनाली**



पर्यटन नगरी मनाली का मालरोड दुल्हन की तरह सजाया गया है। सरकार की ओर से इस बार क्रिसमस पर्व को अनूठे तरीके से मनाया गया है। दो जगह सांता क्लॉज पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। माल रोड में पर्यटकों ने सांता क्लॉज के साथ फोटो लिए, तो कहीं पर्यटक डीजे पर खूब झूमें। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस बार योजनाबद्ध तरीके से मालरोड को सजाया है।

मनाली प्रशासन ने सजावट में कोई कमी नहीं रखी है। मालरोड की सुंदरता को देख पर्यटक हर जगह सेल्फी लेने का आनंद ले रहे हैं। नगर परिषद भी सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है। दिन के समय कई शिफ्टों में स्वच्छता के प्रहरी सेवाएं दे रहे हैं। नगर परिषद मनाली के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद नवीन तनवर व कांग्रेस शहरी अध्यक्ष तारु नेगी ने बताया कि प्रशासन ने इस बार मालरोड को शानदार ढंग से सजाया है। उन्होंने कहा कि सैलानी मालरोड में डीजे की धुन पर खूब मजे ले रहे हैं और अपने क्रिसमस पर्व को यादगार बना रहे हैं। मनाली निवासी शैलेंद्र शर्मा, राज शर्मा, निहाल ठाकुर, संजू ने बताया कि क्रिसमस और न्यू ईयर के दौरान लगातार मालरोड पर डीजे का आयोजन और मालरोड को सजाने पर विधायक भुवनेश्वर गौड के निर्णय सहरानीय कदम हैं, जिससे सैलानियों का मनोरंजन हो रहा है। वहीं, बुधवार को भी मनाली के मालरोड में सैलानियों का खूब हुजूम उमड़ा। वहीं, मनाली प्रशासन द्वारा पहली बार 24 दिसंबर से से लेकर 31 दिसंबर तक मालरोड पर सैलानियों के मनोरंजन के लिए डीजे और लाइव म्यूजिक का प्रबंध किया है। इस मौके पर मनाली के विधायक ने मालरोड पर क्रिसमस का उद्घाटन करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में सैलानी मनाली क्रिसमस मानने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं मनाली की यातायात व्यवस्था बनाए और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी मनाली केडी शर्मा एसएचओ और उनकी टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है। वहीं, नप के कार्यकारी अधिकारी मनाली करुण भरमौरिया की पीठ थपथपाते हुए कहा कि क्रिसमस और न्यू ईयर के दौरान मनाली की सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर भरमौरिया और उनकी टीम अच्छा कार्य कर रही है।

# वाजपेयी की याद दिलाती रहेगी अटल टनल : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**




पर्यटन नगरी मनाली में भाजपा के पदाधिकारी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि अटल टनल रोहतांग देश वासियों को हमेशा अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाती रहेगी। आज अटल टनल बनने से न केवल सरहदों में पहुंचना सुगम हुआ है, बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों की यह टनल पहली पसंद बनी है। अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने कहा कि अटल टनल रोहतांग जैसे ऐतिहासिक प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्होंने हिमाचल प्रदेश, विशेष रूप से मनाली और लाहौल-स्पीति के विकास को नई दिशा दी है। आज मनाली वासी अपने भारत रत्न अटल को उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सौम्यता व सहजता से करोड़ों लोगों के मन में जगह बनाई। गोविंद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी मनाली को अपना दूसरा घर मानते थे और यहां की जनता को अपने परिवार की तरह स्नेह दिया। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि जिस महान नेता की जयंती पर लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं, उनके स्मारक के आसपास अव्यवस्था की स्थिति पाई गई। अटल जी की प्रतिमा के चारों ओर गंदगी प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। अटल जी की प्रतिमा के सामने बिना किसी उचित योजना के मंच खड़ा कर दिया गया, जिससे प्रतिमा पूरी तरह ढक गई। यह असंवेदनशीलता और अदूरदर्शिता का उदाहरण है, जिसकी उन्होंने कड़ी निंदा की है। इस दौरान नप अध्यक्ष मनोज लार्जे, पार्षद कल्पना, भाजपा शहरी इकाई अध्यक्ष अजय अवरोल आदि मौजूद रहे।

### प्रीणी वासियों ने याद किए पूर्व पीएम

प्रीणी वासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने मुखिया पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को याद किया। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने अटल जी को याद करते हुए देश सहित कुल्लू-मनाली के प्रति उनके बहुमूल्य योगदान को याद किया। मनाली के नगर मंडल के अध्यक्ष एवं प्रीणी पंचायत के पूर्व प्रधान ठाकुर दास ने कहा कि अटल जी देश के महान नेता थे। पूर्व प्रधान शिव दयाल ने कहा अटल ने गांव के लिए बहुत सारे काम किए और बहुत सी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की। पूर्व प्रधान कुंदन लाल का कहना है कि अटल जी को ग्रामीण अपना मुखिया मानते थे।



प्रीणी गांव के ग्रामीण अपने मुखिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

# पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**सैंज।** भाजपा सैंज मंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई, जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंडल भाजपा अध्यक्ष अमर ठाकुर तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा की नीतियां, विचारधारा, उपलब्धियां, विशेषताएं तथा कार्यक्रम संगठन की राह पर आगे बढ़ने का भाजपा अध्यक्ष ने तमाम कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का सैंज घाटी से खास लगाव रहा है। 25 वर्ष पूर्व वर्ष 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री के रूप में अटल ने 80 किलोमीटर सड़क मार्ग से पार्वती परियोजना का शिलान्यास करने सैंज पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को मंडल के तमाम बूथों पर श्रद्धांजलि देकर उनके आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई गई।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला भाजपा पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में अटल सदन परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री युग पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों ने अटल सदन में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर युग पुरुष को नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा राष्ट्र के लिए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू से उनका विशेष लगाव था। अटल टनल जिसका जीता-जागता सबूत है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की दूरदर्शी सोच के चलते आज देश का हर गांव सड़क सुविधा से जुड़ पाया है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले के हर बूथ पर पूर्व प्रधानमंत्री युग पुरुष अटल बिहारी बाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर धूम धाम से मनाया। जिला स्तरीय पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर, पूर्व जिला महामंत्री जोगिंद्र शुक्ला, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, जिला भाजपा प्रवक्ता सौरव भारद्वाज, रुक्मणि जोशी, भुंतर मंडल अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज, सह कार्यालय प्रभारी नरेश चौहान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुल्लवी व्हिम्स संस्था ने सांसद के समक्ष रखीं गद्दी समुदाय की समस्या

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कुल्लवी व्हिम्स संस्था ने हिमाचल के गद्दी समुदाय और यहां के स्वदेशी ऊन उद्योग से जुड़ी गंभीर समस्याओं को सांसद कंगना रनौत के समक्ष रखा। कंगना के निवास मनाली में हुई बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि गद्दी समुदाय को अपनी आजीविका बनाए रखने में किस प्रकार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संस्था के यह समुदाय अर्द्ध-घुमंतू जीवन जीते हुए ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपने पारंपरिक चरागाहों तक हजारों किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इन जलवायु-अनुकूल परंपराओं को आज आधुनिक चुनौतियों से खतरा है। इसके अलावा, हिमाचल के ऊन की उच्च गुणवत्ता के बावजूद, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की कमी के कारण गद्दी समुदाय को अपने ऊन का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता। वहीं, सांसद ने समुदाय की कठिनाइयों से प्रभावित होकर, उनके मुद्दों को संस्कृति मंत्रालय तक पहुंचाने और उनके लिए काम करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कुल्लवी व्हिम्स के 12 वर्षों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, कि आपका काम सराहनीय है, और मैं सुनिश्चित करूंगी कि इन मुद्दों को सही मंच पर उठाया जाए। पिछले एक दशक से अधिक समय से, कुल्लवी व्हिम्स हिमाचल प्रदेश के गद्दी और कारीगर समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

यह संगठन सतत प्रथाओं, प्राकृतिक रंगाई तकनीकों और स्वदेशी ऊन उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है। इन पहलों ने न केवल पारंपरिक शिल्प को संरक्षित किया है, बल्कि स्थानीय समुदायों को आर्थिक अवसर भी प्रदान किए हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्रिसमस-डे** कांग्रेस ने हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करते हुए एकता का दिया संदेश

# प्रभु यीशु मसीह ने आपसी प्रेम भाईचारे का दिया संदेश : सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



क्राइस्ट चर्च कुल्लू में क्रिसमस-डे पर विधायक बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए

क्राइस्ट चर्च कुल्लू में क्रिसमस-डे धूमधाम से मनाया गया। क्रिश्चियन समुदाय के लोगों ने भगवान यीशु मसीह के जन्मदिवस पर देशवासियों को शांति और एकता का संदेश दिया।

पूरे देश के साथ हिमाचल और कुल्लू जिले में भी ईसाई समुदाय ने यीशू मसीह के जन्मदिवस को क्राइस्ट चर्च कुल्लू में क्रिसमस-डे के रूप में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और कुल्लू क्राइस्ट चर्च में क्रिश्चियन समुदाय के लोगों के साथ प्रभु यीशु मसीहके जन्मदिन पर अपनी शुभकामनाएं दीं। कुल्लू क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस की पूर्व संध्या यानी 24 दिसंबर की शाम को ही इस पर्व का उल्लास अपने चरम पर पहुंच जाता है। उस दिन पेड़ को सजाया गया और गिफ्ट्स, लाइट आदि से सजे हुए पेड़ को क्रिसमस ट्री के नाम से जाना जाता है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि सुबह प्रार्थना के साथ क्रिसमस-डे के कार्यक्रम की शुरुआत हुई और चर्च के पादरी ने यीशू मसीह के संदेश को लोगों को बताया और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। चर्च के पादरी ने सबसे पहले सभी को क्रिसमस-डे की बधाई दी और कहा कि यीशू मसीह का जन्म संसार में पाप के नाश के लिए, लोगों को पाप से दूर रखने और शांति का संदेश देने के लिए हुआ और उन्होंने पूरे विहाव में शांति का संदेश दिया। क्रिसमस-डे पर सभी धर्मों के लोगों ने भाग लेकर विभिन्नता में एकता की भावना को भी मजबूत किया। विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश भर में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कुल्लू जिला मुख्यालय में भी ढालपुर क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस के त्योहार को क्रिश्चियन समुदाय के लोग बड़े धूमधाम के साथ बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सभी धर्म का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारा बना रहे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन धर्म समुदाय के लोगों के द्वारा समाजसेवा में भी योगदान दिया जाता है इसलिए यीशु मसीह के द्वारा जो विचार दिए गए हैं उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रिंस चर्च से जुड़े सभी क्रिश्चियन समुदाय के लोग अपना योगदान दे रहे हैं।

# स्व. पंडित जगन्नाथ शर्मा को किया याद

**भुंतर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिमाचल प्रांत के प्रथम संघचालक स्व. पंडित जगन्नाथ शर्मा को उनके निवास स्थान सैनिक चौक भुंतर कुल्लू में संघ और समाज के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में संघ के उत्तर क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर दास ने कहा कि पंडित जगन्नाथ का जीवन सब के लिए प्रेरणा देने वाला है। लंबी आयु जी लेने के साथ-साथ उन्होंने स्वस्थ जीवन को कैसे जिया, इसको समझने की भी आवश्यकता है। उनका जीवन सफल तो था ही, साथ में समाज और संगठन के लिए भी एक दिशा देने वाला रहा है। वे सबको संभालने वाले थे। पंडित जगन्नाथ शर्मा सर्वगुण संपन्न व्यक्ति थे, वे उच्च कोटि के विद्वान थे। मृत्यु के बाद भी शरीर मानवता के काम आए, इस विचार और भाव से उन्होंने मृत्यु से पूर्व ही मरणोपरांत शरीर एम्स बिलासपुर को देने का निश्चय किया। यह संकल्प महापुरुषों ही ले सकते हैं। पं. जगन्नाथ शर्मा की शिक्षा आजादी से पूर्व लाहौर के डीएवी कॉलेज और फोरमैन करिस्चियन कॉलेज से पूरी हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंटिंग कर रहा कामगार छत से गिरा, मौत

**सोलन।** पुलिस चौकी शहर सोलन में क्षेत्रिय अस्पताल सोलन से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को छत से गिरने के कारण उपचार के लिए लाया गया है, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस चौकी शहर की पुलिस टीम तुरंत क्षेत्रिय अस्पताल सोलन पहुंची, जहां पर आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति मृत हालत में पड़ा था, जिसके पास अन्य लोग भी मौजूद थे। तस्दीक करने पर उसकी पहचान चमन लाल पुत्र स्व. कांशी राम निवासी गांव दयोली की सेर डाखा बसाल तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि मृतक अपने अन्य साथियों के साथ पेंटिंग का काम करता था तथा 24 को वे लोग सेंटर पार्क आनंद फलैटस बसाल में पेंटिंग का काम कर रहे थे। मृतक चमन लाल भी उक्त फलैट की चौथी मंजिल की छत पर पेंटिंग का काम कर रहा था, जहां से वह अचानक नीचे जमीन पर गिर गया, जिस पर उसके साथी उसे उपचार के लिए क्षेत्रिय अस्पताल सोलन जाए, लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभी तक की जांच पर यही पाया जा रहा है कि मृतक की मृत्यु छत से गिरने के कारण हुई है तथा मौके पर मौजूद लोगों व मृतक के परिजनों ने भी मृतक की मृत्यु बारे कोई शक शुबा जाहिर न की है फिर भी मामले की जांच प्राथमिकता के आधार पर जारी है। मृतक चमन लाल का क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### जीपीडीपी के बारे में विस्तार पूर्वक दी जानकारी

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला परिषद भवन में पेसा अधिनियम पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष लाहौल-स्पीति बीना देवी ने की। जिला पंचायत अधिकारी लाहौल-स्पीति सचिन ठाकुर ने कार्यशाला के आयोजन को लेकर बताया कि 24 को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के अधिनियमन दिवस के अवसर पर जिला परिषद भवन केलांग में जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों और संबंधित विभागीय अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी ने कार्यशाला में प्रतिभागियों को पेसा अधिनियम के प्रावधानों तथा जनजातीय क्षेत्रों में इसकी प्रासंगिकता, वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों तथा पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और इस एक्ट के सभी पहलुओं पर कार्यशाला में गहनता से विचार-विमर्श किया गया।

### डगशाई स्कूल में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन एवं छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम का आयोजन



**सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन ने डगशाई स्कूल में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन एवं छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलन तथा वंदेमातरम के साथ किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय के प्रिंसिपल राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कमल किशोर शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद सोलन के अध्यक्ष कर्नल अरुण कैंथला ने की। गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन प्रोजेक्ट के चेयरपर्सन देवेंद्र गुप्ता व छात्रवृत्ति प्रोजेक्ट इंजिनियर नरेश गुप्ता के सौजन्य से संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद के सदस्य, विद्यालय का स्टाफ, विद्यार्थी तथा एसएमसी के सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. रामगोपाल शर्मा तथा डॉ. मुकेश प्रभाकर द्वारा मंच का संचालन किया गया और भारत विकास परिषद सोलन के वित्त सचिव अजय ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्तुत किया। गुरुवंदना छात्र अभिनंदन प्रोजेक्ट के चेयर पर्सन देवेंद्र गुप्ता द्वारा गुरु महिमा पर विस्तार से विचार रखे। विकास मित्र बनने के लिए उन्हें प्रांत की तरफ से महासचिव अशोक टंडन द्वारा सम्मानित भी किया गया। भारत विकास परिषद सोलन के सचिव और मीडिया प्रभारी डॉ. राम गोपाल शर्मा ने बताया कि भारतीय शिक्षा एवं जीवन दर्शन में जहां गुरु का स्थान सर्वोपरि और वंदनीय है। वहीं, छात्र भी महत्वपूर्ण और अभिनंदनीय है। गुरुकुलीय पर परा में परस्पर समान का यह आत्मीय भाव बहुत गहरा था। कालांतर में मैकाले की शिक्षा पद्धति ने इस ताने-बाने को तोड़ने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से इस भाव को पुनर्जीवित करने का प्रयास देश भर में किया जा रहा है। विद्यार्थियों द्वारा पुष्प भेंट कर गुरुओं का वंदन किया तथा गुरुओं ने छात्रों को आशीष देकर उनका अभिनंदन किया। भारत विकास परिषद के सचिव एवं मीडिया प्रभारी डॉ. रामगोपाल शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद सोलन अभी तक तुलसी-वितरण, महिला स मेलन, पौधरोपण, भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट तथा अब गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन एवं छात्रवृति योजना कार्यक्रम का आयोजन करवा चुकी है, जिसमें परोक्ष-अपरोक्ष रूप से पांच हजार से अधिक लोगों की सेवा हुई है।

# सपरून में बनेगा शहीद स्मारक पार्क

## चंबाघाट में फोरलेन की जद में आ गया शहीद पार्क, रानी झांसी की प्रतिमा भी लगेगी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



शहीद स्मारक के लिए चिन्हित जमीन का निरीक्षण करते निगम के पार्षद व अन्य।

चंबाघाट में फोरलेन निर्माण के चलते उजड़े शहीद स्मारक पार्क को शहर के अंदर ही स्थापित करने के लिए नगर निगम ने सपरून बाईपास में जगह का चयन किया है। इस स्थान पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मारक स्थापित की जाएगी।

पार्क का शिलान्यास 27 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। शहीद स्मारक पार्क निर्माण में करीब 60 लाख रुपए की लागत आएगी। इस स्थान को पार्क और सेल्फी प्वॉइंट के तौर भी विकसित किया जाएगा। प्रशासन से इसकी एनओसी मांगी गई है। इसको लेकर पूर्व डिप्टी मेयर और वार्ड-14 के पार्षद के प्रयासों से एनएचएआई से यह जमीन नगर निगम को स्थानांतरण हुई है। योजना के मुताबिक शहीद स्मारक में पूर्व में 6 बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह की मूर्ति भी स्थापित करने की योजना है। नगर निगम ने इसको लेकर हाउस में प्रस्ताव भी पारित किया है। सपरून में फोरलेन से कटकर काफी बड़ा हिस्सा बचा है।

एनएचएआई ने इससे उपयोग करने के लिए नगर निगम को दिया है। वर्तमान में इस स्थान पर टैक्सी यूनियन के वाहन पार्क किए जाते हैं। यह स्थान लोकल बसों का भी स्टॉपेज है। प्रस्तावित शहीद स्मारक में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। यहां पर सुलभ शौचालय भी बनेगा। इस पर करीब 10 लाख खर्च होंगे। टॉयलेट नहीं होने के चलते यहां बसों में चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को खासी दिक्कते पेश आती हैं। शहिद स्मारक बनने की स्थिति एक साथ कई समस्याओं का भी हल होगा। (अनंत ज्ञान)

### फोरलेन की जद में शहीद स्मारक

**चंबाघाट** में नगर निगम के संरक्षण में बना शहीद स्मारक फोरलेन की जद में आ गया था। यहां पर शहीद कैप्टन संजय चौहान और रानी लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी इसके बाद इन प्रतिमाओं को यहां से उठाकर बाइपास पुलिस लाइन लाया गया। यहां से आर्मी ने शहीद संजय चौहान प्रतिमा को सोलन छावनी क्षेत्र में स्थापित किया है, जबकि रानी लक्ष्मीबाई स्मृति में अभी भी पुलिस लाइन ग्राउंड में लावारिस पड़ी है। इसके रखरखाव के अभाव में प्रतिमा खंडित होती जा रही है।

> वार्ड-14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा का कहना है कि सपरून बाईपास में शाहिद स्मारक निर्माण के लिए जगह का चयन किया गया है। शहीद स्मारक का निर्माण कर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसका शिलान्यास 27 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे।

# भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद



**अनंत ज्ञान, सोलन**

देश की राजनीति के शिखर पुरुष, श्रेष्ठ राजनेता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 को भाजपा शहरी मंडल ने सुशासन दिवस के तौर पर मनाया। सोलन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर अटल स्मृति सभाओं का आयोजन कर अपने शीर्ष नेता श्रद्धेय अटल जी को पुष्पाजंलि भेंट की गई। भाजपा मंडल सोलन शहरी के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा उनके दिवस को शताब्दी दिवस के तौर पर मना रही है। भाजपा सोलन शहरी मंडल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क पर पदयात्रा की यह पदयात्रा चंबाघाट से बसाल गांव के समीप समाप्त हुई। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक श्रद्धेय अटल भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष व भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं और वह राजनीति में अपनी वाकपटुता और काव्य कौशल के महारथी थे। उनका राजनीतिक कैरियर 5 दशकों से अधिक समय तक चला, जिस दौरान उन्होंने भारत की घरेलू और विदेश नीतियों को आकार देने में विशेष भूमिका निभाई। गुप्ता ने कहा कि श्रद्धेय अटल ने देश में जंबो मंत्रिमंडल बनाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए संसद में बिल लाकर कानून पास करवाया और देश में लोकसभा व राज्यों में विधानसभा की कुल सीटों का अधिकतम 15 फीसदी मंत्री बनाने व छोटे राज्यों में अधिकतम 12 मंत्री बनाए जाने की सीमा तय कर दी। आज श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जयंती पर हम राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को याद करते हुए उस महान कर्मयोगी को भाजपा सोलन शहरी मंडल उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।

# ढाबे का संचालक 48 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन/दाड़लाघाट**



जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम पुलिस थाना दाड़लाघाट के क्षेत्र में गशत व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि क्यारड़ में पंडित ढाबा का संचालक ढाबा में अफीम बेचने का अवैध धंधा करता है यदि इसी समय उपरोक्त ढाबा की तलाशी ली जाए, तो भारी मात्रा में अफीम बरामद हो सकती है।

इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ढाबा में दबिश देकर ढाबा के संचालक जिसका नाम स्वरूप चंद निवासी गांव रेहड़ा डाखा चलेली तह. घुमारवीं जिला बिलासपुर उम्र 47 वर्ष को करीब 48 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना दाड़लाघाट में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।




भाजपा मंडल सोलन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क में चंबाघाट से बसाल तक निकाली पदयात्रा।

# पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, सोलन/ नालागढ़**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई एवं पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ कर जन-जन का जीवन सरल बनाना प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय है।

मुकेश अग्निहोत्री सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र में लगभग 12.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न सिंचाई एवं जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करने के उपरांत ग्राम पंचायत थाना में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुकेश अग्निहोत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र में 8 सिंचाई एवं जलापूर्ति योजनाओं को लोगों को समर्पित किया। उन्होंने 4.23 करोड़ रुपए की लागत से 5 सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से 95.57 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने लगभग 8.27 करोड़ रुपए लागत से निर्मित तीन पेयजल आपूर्ति योजनाएं भी लोगों को समर्पित की। इन सभी योजनाओं से 31 गांव के 8596 लोग लाभान्वित होंगे। मुकेश अग्निहोत्री ने 3.01 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पंचायत थाना के गांव धर्मपुर, भूपनगर तथा कोटला में उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने 4.39 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पंचायत चंडी क्षेत्र की आंशिक रुप से छुटी हुई बस्तियों के लिए गंबर खड्ड से उठाऊ पेयजल योजना तथा गांव रायपुर जखौली के लिए 86.39 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने गांव नारंगपुर में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित नलकूप आधारित सिंचाई योजना, धर्मपुर तथा भूपनगर के लिए 1.23 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित के लिए नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने गांव भुड्डु उपरला के लिए 63.73 लाख की लागत से निर्मित नलकूप आधारित सिंचाई योजना, पंचायत मलपुर के गांव मलकू माजरा घराट के लिए 76.01 लाख की लागत से निर्मित नलकूप आधारित सिंचाई योजना तथा पचांयत मानपुरा के गांव ठेडा के लिए 80.27 लाख रुपए की लागत से निर्मित नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र में जहां एक ओर पहाड़ी इलाका समाहित है।

वहीं, इस विधानसभा क्षेत्र के मैदानी भाग में उद्योगों का बड़ा नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ दून में पेयजल एवं सिंचाई सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बद्दी में बस अड्डे के निर्माण कार्य को जल्द आरंभ किया जाएगा, ताकि लोगों को इसकी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि बद्दी में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह खोलने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इस क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से दूर किया जा रहा है।

# क्रिसमस का उत्सव शांति व प्रेम का प्रतीक : श्रीवास्तव

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अंजलि चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से आयोजित क्रिसमस में शामिल छोटे-छोटे बच्चे।

शांति और प्रेम का प्रतीक क्रिसमस का उत्सव सोलन में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

सोलन के हाउसिंग कॉलोनी स्थित अंजलि चेरिटेबल ट्रस्ट ने भी क्रिसमस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नगर निगम वार्ड नंबर-14 के काउंसलर राजीव कौड़ा और अन्य गणमान्य व्यक्ति थे, जिन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। ट्रस्ट के चेयरमैन उत्कर्ष श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ. केडी रयोत, महासचिव आशीष रयोत, कोषाध्यक्ष निर्मला रयोत ने क्रिसमस के विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। ट्रस्ट और सहारा शिक्षा केंद्र में शिक्षारत विद्यार्थियों ने मानवता पर सुंदर नाटिका प्रस्तुत कर समाज को अद्भुत संदेश दिया। छोटे बच्चों ने क्रिसमस का आनंद लेने के लिए गीत गाए और नृत्य किया। चेयरमैन आशीष श्रीवास्तव ट्रस्ट के लक्ष्य और उद्देश्य की जानकरी दी। इस मौके पर सांता की ओर से बच्चों को गिफ्ट हैंपर बांटे गए। इस मौके पर वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी मुख्यातिथि द्वारा किया गया।

# 'अतीत का गौरव-बातल्' पुस्तक का हुआ विमोचन



**अर्की।** उपमंडल के छोटी काशी के नाम से विख्यात ग्राम बातल में अतीत का गौरव-बातल् पुस्तक का विमोचन स्थानीय निवासी विख्यात संगीतकार एवं आकाशवाणी के सेवानिवृत्त निदेशक स्वर्गीय एस शशि के पुत्र पंकज ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद रामलाल शास्त्री द्वारा की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कैलाश भार्गव एवं चेतराम भार्गव की ओर से लिखित इस पुस्तक में बातल के इतिहास तथा गांव प्रमुख हस्तियों द्वारा संचित उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। पुस्तक में वर्ष-1847 के पश्चात का विस्तृत विवरण संकलित है। पुस्तक लेखक के अनुसार बातल गांव के निवासी धारानगरी मध्य प्रदेश से आए थे। अर्की जो उस समय बाघल रियासत के रूप में जानी जाती थी, उसके राजा धारानगरी से ही अपने साथ विद्वान, संगीतकार, विष्णु भगवान का विग्रह, ढोल नगाड़े, सेवकों आदि को लेकर आए थे। समारोह प्रारंभ होने पर सर्वप्रथम 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी माताओं का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# डॉ. शांडिल सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 26 व 27 को सोलन के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 26 को दोपहर 2.30 बजे पुलिस मैदान सोलन में जिला सोलन पत्रकार संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग में मुख्यातिथि होंगे। स्वास्थ्य मंत्री 27 को प्रात: 11 बजे वार्ड नंबर-8 में जौणाजी मार्ग से धाली, नडोह के लिए मार्ग की आधारशिला रखेंगे।

डॉ. शांडिल तदोपरांत प्राथमिक विद्यालय नड़ोह की ओर नाले के निर्माण तथा पेवर बिछाने के कार्य का एवं नड़ोह में सीढ़ियों का लोकार्पण करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रात: 11.30 बजे मुख्य जलापूर्ति भंडारण टैंक की छत का लोकार्पण करेंगे। डॉ. शांडिल तत्पश्चात नए जलापूर्ति भंडारण टैंक तथा वार्ड नंबर-11 के शामती में साईं मंदिर के समीप नाले के तटीकरण की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री दोपहर 12 बजे पुराने उपायुक्त कार्यालय से सनी साइड पार्क तक सड़क निर्माण व पेवर बिछाने के कार्य, वार्ड नंबर 12 के प्रवेश द्वार, एंबुलेंस मार्ग सनी साइड पर पेवर बिछाने के कार्य तथा सैनिक विश्राम गृह से सड़क पर पेवर बिछाने के कार्य का लोकार्पण करेंगे। सैनिक कल्याण मंत्री दोपहर 12.25 बजे बाइपास सपरुन पर शहीद स्मारक पार्क, बाई पास सपरुन के शहीद स्मारक पार्क में विभिन्न सुविधाओं के निर्माण, बाईपास सपरुन पर पैदल पथ के निर्माण कार्य तथा बाईपास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे।

## जिला सोलन पत्रकार एसोसिएशन की क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# टीम-ए और टीम-सी पहुंची फाइनल में

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस मैदान में जिला सोलन पत्रकार एसोसिएशन की दो दिवसीय क्रिकेट लीग बुधवार से शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोलन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने किया।

इस मौके पर ठाकुर ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि खेल को खेल भावना के साथ खेलें और युवाओं को मानसिक तौर पर मजबूत करने का संदेश दें। बुधवार को सोलन के पुलिस लाइन में दो दिवसीय क्रिकेट लीग का आरंभ हुआ। इसमें तीन टीमें भाग ले रही हैं। पहले मैच में टीम ए ने टीम बी को हराया। इसी तरह दिन के दूसरे मैच में टीम सी ने टीम बी को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल मुकाबला वीरवार को टीम ए और टीम सी के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोलन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके संजीव ठाकुर ने बैट के साथ बाल खेलकर किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता दीपक अत्री, सतपाल, राजेश ठाकुर व वेद ने बोलिंग कर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर मुख्यातिथि का एसोसिएशन के प्रधान विशाल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और मुख्य सलाहकार ज्ञान सुमन, मुख्य संरक्षक भानु वर्मा व महासचिव धर्मेंद्र ने दीपक, राजेश, वेद व सतपाल को स्मृति चिह्न दिए। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि पत्रकारिता एक संवेदशनील पेशा है और इसमें समय निकालना बहुत मुश्किल है, लेकिन सोलन पत्रकार एसोसिएशन ने दो दिनों तक मैत्रीपूर्ण भावना से प्रतियोगिता आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है।

# सरकारी डिपो से सरसों तेल और दालें तीन माह से गायब, इसे कहते हैं व्यवस्था परिवर्तन : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि पिछले दो-तीन महीने से सरकारी डिपो में उपभोक्ता को मिलने वाला सरसों तेल एवं दाले गायब हो गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को सरसों तेल एवं दाले महंगे दामों पर दुकान से खरीदनी पड़ रही हैं।

रावत ने कहा कि जब से प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ है, तब से प्रदेश के उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सरकारी डिपो में सारा राशन नहीं मिल पा रहा है। कभी चीनी नहीं मिलती तो कभी तेल और दाले नहीं मिलती। इतना ही नहीं सत्ता परिवर्तन के बाद सरकारी डिपो में मिलने वाले राशन के रेट भी बढ़ा दिए हैं, जिससे गरीब लोगों को डिपो का राशन लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं। सरकारी डिपो में उपभोक्ताओं को राशन देने का निर्णय पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सन्-1977 में लिया था, जिसको सभी सरकार ने आज तक जारी रखा है। रावत ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह करते हुए कहा कि आपको सरकारी डिपो में मिलने वाले राशन पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि गरीब लोगों को डिपो में मिलने वाले सस्ते राशन का बड़ा इंतजार होता है। गरीब लोगों को दुकान से महंगा राशन खरीदना बहुत अखर रहा है।

**परेशानी** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों को समय पर चश्मे का नंबर लेने में आ रही दिक्कतें, निजी लैब का कर रहे रुख

# ऑप्थेल्मिक की कमी से आंखों की ओपीडी प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सोलन**




क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में ऑप्थेल्मिक की कमी से आंखों की ओपीडी प्रभावित हो रही है।

अस्पताल में फिलहाल ऑप्थेल्मिक कर्मी प्रतिनियुक्ति पर आ रहा है। इससे मरीजों को समय पर चश्मे का नंबर लेने में दिक्कतें आ रही हैं। अस्पताल में डेढ़ वर्ष से ऑप्थेल्मिक कर्मी का पद रिक्त पड़ा हुआ है। इस कारण मरीजों को चश्मे का नंबर लेने के लिए निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है। कई बार इस बारे अस्पताल प्रशासन की ओर से उच्चाधिकारियों को बताया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कर्मी तैनात नहीं हुआ है। इससे अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास आने वाले मरीज परेशान हो गए हैं। अस्पताल में उन्हें करीब तीन दिनों ही सुविधा मिल पाती है। इसके अलावा बाहरी लैब में जाने के कारण मरीजों के 800 से 1500 रुपए लग जाते हैं, जबकि अस्पताल में नेत्र जांच करवाने पर कोई पैसा मरीज से नहीं लगता है। इस कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नेत्र जांच के लिए मरीजों को जेब भी ढीली करनी पड़ रही है। हालांकि, धर्मपुर और कुनिहार से तीन दिन के लिए प्रतिनियुक्ति पर कर्मी आते हैं, लेकिन इनका फायदा मंगलवार, बुधवार और वीरवार को ही मिलता है, जबकि सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को अस्पताल में चश्मे का नंबर लेने वाले लोगों को काफी दिक्कतें आती हैं।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में सिरमौर और शिमला के कुछ क्षेत्रों से भी लोग उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में नेत्र रोग का उपचार करने के लिए दो विशेषज्ञ तैनात हैं। ऐसे में मरीजों की यहां पर कतारें लगी रहती हैं। जांच के दौरान अमुमन चिकित्सक नेत्र जांच करवाने के लिए ऑप्थेल्मिक कर्मी के पास भेजते हैं, ताकि सही नंबर मरीज को दिया जा सके, लेकिन अस्पताल में ऑप्थेल्मिक कर्मी के दोनों पद खाली पड़े हुए हैं।

> अस्पताल में तीन दिन प्रतिनियुक्ति पर ऑप्थेल्मिक कर्मी आ रही है। विभाग को पद भरने के लिए पत्र लिखकर अवगत करवा दिया है।
> **डॉ. संदीप जैन, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा 26 को मनाएगी वीर बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ इकाई द्वारा 26 दिसंबर को सेक्टर 27 के रामलीला ग्राउंड में वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक श्री सुखमणि साहब जी के पाठ कीर्तन और अरदास की जाएगी तत्पश्चात गुरु का लंगर अटूट चलेगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद, पार्टी के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबला, शक्ति प्रकाश देवशाली, वरिष्ठ कार्यकर्ता बलजिंदर सिंह गुजराल, धर्मेंद्र सिंह सैनी सहित सभी जिला अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

### वाजपेयी की जयंती पर लंगर लगाया



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा चंडीगढ़ टीम ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य लंगर सेवा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस विशेष अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने कार्यक्रम में शिरकत की और इस आयोजन की सराहना की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने युवा मोर्चा टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों ने अटल जी के योगदान और उनकी विचारधारा को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा मोर्चा की इस पहल ने न केवल समाज सेवा की मिसाल पेश की, बल्कि अटल जी के आदर्शों को भी लोगों तक पहुंचाया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अटल जी के योगदान को याद करते हुए उनके सिद्धांतों और दृष्टिकोण को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### कैंसर के बारे में जानकारी साझा की



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत विकास परिषद ईस्ट 2 द्वारा वन वे फाउंडेशन के सहयोग से सेक्टर 20 स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर धर्मशाला में प्रॉस्टेट कैंसर जागरूकता पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड शिविर का भी सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पीजीआई के यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर संतोष कुमार ने प्रॉस्टेट कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस पहल से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलेगा।

# जन्म शताब्दी पर अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर थानो स्थित लेखक गांव में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने लेखक गांव में नालंदा पुस्तकालय एवं अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन और 72 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ भी स्थापित किया।



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर लेखक गांव में अटल जी की मूर्ति के अनावरण और उनकी स्मृति पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन कराना एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन से अटल जी द्वारा देश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान को आने वाली पीढ़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। राष्ट्रहित में उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। अटल जी संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लेखक गांव में अटल जी की स्मृति पर आधारित व्याख्यानमाला से लोगों को उनके जीवन के अनेक पहलुओं को जानने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनका स्मरण किया।

उन्होंने कहा कि एक कवि, वक्ता और देश के प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी के कार्यों, विचारों और दूरदर्शिता ने देश को हमेशा एक नई दिशा देने का काम किया। वे देश में समानता और सामाजिक समरसता सुनिश्चित करने के प्रति सदा समर्पित रहे। अटल जी जब भारत के प्रधानमंत्री थे, उनके नेतृत्व वाली सरकार ने ही उत्तराखंड की स्थापना कर हमारे सपनों को साकार करने का काम किया। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि आज अटल जी की जयंती पर लेखक गांव में उनकी भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का कवि, लेखक और विचारक के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। 'लेखक गांव' देशप्रेम, साहित्य सृजन और शिक्षा के प्रति स्व. अटल जी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का एक गंभीर प्रयास लगता है।

लेखक गांव, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण साहित्य और कला के साधकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उन्होंने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

## एचएस लक्की का सफाई मित्रों ने किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आज नगर निगम के जन शौचालय समिति के सफाई मित्रों ने नगर निगम कार्यालय के बाहर एक भव्य कार्यक्रम आयोजन के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रधान एचएस लक्की और पार्षद जसवीर बंटी का जोरदार स्वागत किया गया और साथ ही आभार जताया गया।

यह स्वागत और आभार समारोह शौचालय के सफाई मित्रों के लिए डीसी रेट पास करवाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

गौरतलब है कि शौचालय के सफाई मित्रों को पहले बहुत कम वेतन दिया जाता था, जिससे उनकी स्थिति में सुधार की आवश्यकता थी। इस संदर्भ में एचएस लद्मस्त्रद्मह और पार्षद जसवीर बंटी ने नगर निगम में आवाज उठाई और सफाई मित्रों के लिए डीसी रेट को पारित करने में सफलता हासिल की।

कल नगर निगम की मीटिंग में पार्षदों के समर्थन से इस फैसले को मंजूरी मिली।

## खनौरी सीमा पर जा रही चिकित्सकीय टीम का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, छह घायल

**एजेंसी, पटियाला**

खनौरी सीमा पर जा रही चिकित्सकीय टीम के वाहन को बुधवार को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसमें मौजूद चार चिकित्सकों समेत छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मावीकला गांव के पास हुई। अधिकारियों के अनुसार, किसान नेता के लिए एक चिकित्सकीय टीम को खनौरी सीमा पर तैनात किया गया है।

डल्लेवाल (70) केंद्र सरकार पर किसानों की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के लिए खनौरी सीमा पर 30 दिन से अनशन कर रहे हैं।

'5 रिवर्स हार्ट एसोसिएशन' नामक एक गैर-सरकारी संगठन ने चिकित्सकों की एक टीम को भी किसानों के विरोध स्थल पर तैनात किया है। इन चिकित्सकों ने बताया कि डल्लेवाल की ''हालत गंभीर'' है। इस बीच, खनौरी सीमा पर सरकारी चिकित्सकों की एक टीम को भेजा गया था।

सरकारी मेडिकल टीम के वाहन को टक्कर मारने वाली एसयूवी के पीछे वाली कार के 'डैशकैम' पर रिकॉर्ड किए गए वीडियो में यह नजर आ रहा है कि एसयूवी एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी, तभी ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे उनके वाहन को टक्कर मार दी।

## खेतों में बस पलटने से 20 लोग घायल

**होशियारपुर।** पंजाब में बुधवार को जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुराला गांव के पास खेतों में एक निजी बस पलट गई, जिसमें 20 यात्री घायल हो गए, पुलिस ने यह जानकारी दी।

टांडा के थाना प्रभारी गुरविंदरजीत सिंह ने कहा कि नौ घायल यात्रियों को दसूया के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 11 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया।

पुलिस ने कहा कि बस पठानकोट से जालंधर जा रही थी। एसएचओ सिंह ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि कुराला गांव के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

## सामुदायिक केंद्र में 'वन रूपी स्टोर' खोला



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जरूरतमंद लोगों को किफायती वस्तुएं उपलब्ध कराने और रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल (आरआरआर) की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंडीगढ़ नगर निगम ने इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में सामुदायिक केंद्र में अपना 'वन रूपी स्टोर' आयोजित किया है। शहर के मेयर कुलदीप कुमार ने एमसी के संयुक्त आयुक्त गुरिंदर सिंह सोढ़ी और क्षेत्र की पार्षद सुमन देवी की उपस्थिति में नए स्टोर का उद्घाटन किया, जिसमें वार्ड के प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

मेयर कुलदीप कुमार ने कहा कि सेक्टर-17 में एमसीसी के स्थायी आरआरआर केंद्र को पिछले एक साल में नागरिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिससे इस नए 'वन रूपी स्टोर' की स्थापना संभव हो पाई है। 'वन रूपी स्टोर' का उद्देश्य विभिन्न वस्तुओं जैसे किताबें, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, क्रॉकरी, किचनवेयर, खिलौने और बेडशीट तक किफायती पहुंच प्रदान करना है, जिनकी कीमत सिर्फ 15 रुपए है।

### राजस्थान में सड़क हादसे में पांच की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के करौली जिले में मंगलवार रात कार और बस में भीषण टक्कर हुई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। करौली के पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित कैलादेवी मंदिर में दर्शन करने के बाद गंगापुर सिटी की ओर जा रहे थे। तभी सलेमपुर-कुडगांव रोड पर यह हादसा हुआ। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज उनके परिवार के सदस्यों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के दो और आतंकी गिरफ्तार

**दिसपुर।** असम की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अलकायदा से जुड़े अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के दो और आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एसटीएफ ने एबीटी के 8 आतंकियों को असम, पश्चिम बंगाल और केरल से गिरफ्तार किया था। इन आठ में से पांच को असम के कोकराझार और धुबरी जिले से पकड़ा था। इसके अलावा दो और लोगों को पश्चिम बंगाल और एक बांग्लादेशी को केरल से गिरफ्तार किया गया था।

### मणिपुर में 3.6 किलोग्राम विस्फोटक बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है। सेना ने बताया कि असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर स्थित लीसांग गांव से विस्फोटक जब्त किया। 'स्पीयर कोर' ने 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के लीसांग गांव में आईईडी होने की विशिष्ट खुफिया सूचना मिली और इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर तथा मणिपुर पुलिस के नेतृत्व में असम राइफल्स ने एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर एक पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर, कॉर्डटेक्स और अन्य सामान बरामद किया।

## देश-विदेश

## पीएम मोदी ने रखी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला

**एजेंसी, खजुराहो( मप्र )**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखी। वहीं, प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट को भी ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया।

केंद्रीय जलशक्ति सीआर पाटिल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मोदी को क्रमश: बेतवा और केन नदियों के जल से भरे दो कलश सौंपे, जिन्हें मोदी ने महत्वाकांक्षी परियोजना की सांकेतिक शुरुआत करते हुए परियोजना के एक मॉडल पर डाला। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के दस जिलों के करीब 44 लाख और उत्तर प्रदेश के 21 लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल 44,605 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। वहीं, मोदी ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर उनकी स्मृति में एक स्मारक टिकट और सिक्का भी जारी किया। तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने सिंचाई जरूरतों के साथ-साथ बाढ़ से निपटने के लिए नदियों को जोड़ने का प्रस्ताव रखा था। प्रधानमंत्री मोदी ने खजुराहो कार्यक्रम में 437 करोड़ रुपए की लागत से 1,153 अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया।

**पीएम ने किया वाजपेयी की स्मृति में एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी**

### राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती विशेष पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को उनके स्मारक पर आयोजित प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर 'सदैव अटल' में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

## चालू और अगले वित्त वर्ष में 6 .5% दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** अर्थव्यवस्था के चालू और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। ईवाई रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कहीं कम यानी 5.4 प्रतिशत रही है। इसकी वजह निजी उपभोग व्यय और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में गिरावट है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में जीडीपी की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। इससे पिछली तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी। जुलाई-सितंबर में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में गिरावट मुख्य रूप से घरेलू मांग के दो प्रमुख तत्वों, निजी अंतिम उपभोग व्यय और सकल स्थायी पूंजी निर्माण में संयुक्त रूप से 1.5 प्रतिशत अंक की कमी के कारण आई। रिपोर्ट में कहा कि मांग की एक उल्लेखनीय विशेषता निवेश में सुस्ती है, जैसा कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण की वृद्धि में परिलक्षित होता है। इस वृद्धि के वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो छह तिमाहियों का निचला स्तर है। इस तथ्य के अलावा कि निजी निवेश की मांग में तेजी नहीं आई है, सरकार के निवेश खर्च की वृद्धि नकारात्मक रही है।

## नक्सलियों से निपटने, जेएंडके और पूर्वोत्तर में शांति बहाल करने में सीआरपीएफ का कार्य सराहनीय : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सलवाद से निपटने और पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय काम किया है। शाह ने कहा कि देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। गृह मंत्री ने यह बात सीआरपीएफ मुख्यालय के दौरे के दौरान कही, जहां उन्होंने महानिदेशक अनीश दयाल सिंह सहित बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। शाह ने इस दौरान दुनिया के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल के संचालन और प्रशासनिक दक्षता की समग्र समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सलवाद से निपटने और पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय काम किया है।

### तुर्की पुलिस ने तख्तापलट करने के प्रयासों से जुड़े 32 लिए हिरासत में

**इस्तांबुल।** तुर्की पुलिस ने 2016 के तख्तापलट के प्रयास करने वाले लोगों को निशाना बनाकर एक अभियान चलाया, जिसमें 32 लोगों को हिरासत में लिया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, तुर्की के चार प्रांतों में खुफिया और आतंकवाद विरोधी इकाइयों ने इजमिर में मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय की ओर से समन्वित अभियान चलाया। इन लोगों की सरकार विरोधी गुलेन आंदोलन में सक्रियता पता चलने के बाद पुलिस ने 35 संदिग्ध लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इन लोगों को तुर्की सरकार 15 जुलाई 2016 के तख्तापलट के प्रयास के लिए जिम्मेदार मानती है।

### फिलिस्तीन में इसराइल के हवाई हमले, 8 की मौत

**तेल अवीव।** फिलिस्तीन के तुलकरम शहर में इसराइल के सैन्य अभियान में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से तीन की मौत हवाई हमले में हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसराइल की सेना ने कहा कि आतंकवादियों की ओर से उसके सैनिकों पर हमला किए जाने के बाद यह सैन्य अभियान चलाया गया और हवाई हमले किए गए। उसने कहा कि उसे जानकारी है कि अभियान में बेगुनाह नागरिक भी हताहत हुए हैं।

### मृत्युदंड को लेकर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी : ट्रंप



**फोर्ट लाउडरडेल।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मृत्युदंड को लेकर कोई नरमी नहीं बरतने की बात कही है। इससे पहले मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने मौत की सजा पाए अधिकांश लोगों की सजा कम कर दी। ट्रंप ने बाइडन के फैसले की आलोचना की, जिसके तहत बाइडन ने मौत की सजा पाए 40 में से 37 लोगों के मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया। ट्रंप ने कहा कि बाइडन का फैसला समझ से परे है और पीड़ितों के परिवारों का अपमान है। जो बाइडन ने हमारे देश के सबसे बुरे हत्यारों में से 37 की मौत की सजा कम कर दी है।

## दिल्ली सरकार के विभागों ने आम आदमी पार्टी की योजनाओं से बनाई दूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सार्वजनिक नोटिस जारी कर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की महिलाओं को 2,100 रुपए और बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देने की योजनाओं से खुद को अलग कर लिया, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

दोनों विभागों ने लोगों को आगाह किया कि 'अस्तित्वहीन' योजनाओं में पंजीकरण के नाम पर किसी से भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और कहा कि किसी भी निजी व्यक्ति या राजनीतिक दल की ओर से इस तरह के फॉर्म भरवाना या जानकारी एकत्र किया जाना 'धोखाधड़ी' है। यह घटनाक्रम, 'आप' नेताओं की ओर से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए लोगों के पंजीकरण की कवायद शुरू करने के कुछ दिनों बाद सामने आया जिस पर केजरीवाल ने नाखुशी जाहिर की है।

### मुख्यमंत्री आतिशी को फर्जी मामले में किया जा सकता है गिरफ्तार : केजरीवाल



**केजरीवाल** ने आरोप लगाया कि भाजपा इन दोनों योजनाओं से घबरा गई है और दावा किया कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री आतिशी को 'फर्जी' मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से यह लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी मामला बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने 'प्लान' बनाया है। उसके पहले 'आप' के वरिष्ठ नेताओं पर छापेमारी की जाएगी।

### गुजरात में क्रेन गिरने से 3 श्रमिकों की मौत




**देवभूमि द्वारका।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में ओखा बंदरगाह पर एक जेटी निर्माण स्थल पर बुधवार को क्रेन गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। जिलाधिकारी जीटी पंड्या ने बताया कि ओखा बंदरगाह पर जेटी का निर्माण गुजरात समुद्र बोर्ड की ओर से किया जा रहा है। ओखा मरीन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि क्रेन से कुचलकर दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रमिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

## अपराध से धन अर्जित या अनुचित लाभ की आशंका को धनशोधन नहीं कहा जा सकता : कोर्ट

### दो निदेशकों के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कोयला घोटाला मामले में आधुनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसीएल) और उसके दो निदेशकों के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि अपराध से धन अर्जित करने या अनुचित लाभ की आशंका को धन शोधन नहीं कहा जा सकता। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने 23 दिसंबर के अपने आदेश में आधुनिक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसीएल) और उसके तत्कालीन निदेशकों महेश कुमार अग्रवाल और निर्मल कुमार अग्रवाल को ओडिशा में न्यू पात्रा पारा कोयला ब्लॉक से संबंधित मामले में राहत प्रदान की।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा था कि आरोपियों के परिवार के सदस्यों और समूह कंपनियों ने एसीएल में शेयर पूंजी की आड़ में 50.37 करोड़ रुपए की धनराशि डाली। इससे एसीएल को अनुसूचित अपराध (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज) से संबंधित आपराधिक गतिविधि से 'अनुचित लाभ प्राप्त होने' की आशंका है जिसके परिणामस्वरूप कोयला ब्लॉक का आवंटन हुआ। न्यायाधीश ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार एसीएल में 'होल्डिंग' कंपनी के जरिए पूंजी/निवेश का प्रवाह, अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप एसीएल द्वारा प्राप्त किए जाने वाले अनुचित लाभ की 'आशंका' में किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि जैसा कि शिकायतकर्ता (ईडी) ने खुद कहा कि लाभ अभी प्राप्त नहीं हुआ और केवल इसका अनुमान लगाया गया है।

# क्रिकेट : आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म किया पर घरेलू सीरीज में मिली हार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट के लिए वर्ष 2024 उतार-चढ़ाव वाला रहा तथा जहां टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म किया वहीं उसे घरेलू सीरीज में हार झेलनी पड़ी। भारतीय क्रिकेट में इस साल बदलाव का दौर भी शुरू हुआ। इसकी शुरुआत कुछ दिग्गज खिलाड़ियों के अपेक्षित और अप्रत्याशित संन्यास के साथ हुई।

भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लिए बेताब थी क्योंकि पिछले एक दशक में वह अधिकतर नॉकआउट चरण में बाहर होती रही। इनमें पिछले साल वनडे विश्व कप का फाइनल भी शामिल है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में शुरू से, लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती। भारत ने चार स्पिनरों को टीम में रखा था, जिनमें से रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को ही खेलने का मौका मिला। जडेजा को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपना जलवा दिखाने का खास मौका नहीं मिला, लेकिन कुलदीप और अक्षर भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए।

जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने भी क्रमशः 15 और 17 विकेट लेकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

बल्लेबाजी में रोहित ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने अपनी निर्भीक बल्लेबाजी से विरोधी टीमों के आक्रमण को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके सलामी


फाइल फोटो

जोड़ीदार कोहली शुरुआती मैचों में खास योगदान नहीं दे पाए, लेकिन फाइनल में उन्होंने तब 76 रन की शानदार पारी खेली जबकि टीम खराब शुरुआत के कारण संकट में दिख रही थी। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, इस टूर्नामेंट के बाद कप्तान नियुक्त किए गए सूर्यकुमार यादव और कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

रोहित, कोहली और जडेजा ने भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी शानदार विदाई थी, जिनका कार्यकाल टी-20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। रोहित के संन्यास लेने के बाद पूरी उम्मीद थी की हार्दिक इस छोटे प्रारूप में कप्तानी का दायित्व संभालेंगे, लेकिन द्रविड़ की जगह मुख्य कोच का पद संभालने वाले गौतम गंभीर की सोच अलग थी क्योंकि उन्होंने टी-20 में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूर्यकुमार को कप्तान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे में तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने बल्लेबाजी में जबकि वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजी में अपना कमाल दिखाया।

भारत को हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच के घरेलू सीरीज में 0-3 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने आक्रामक तेवर दिखाकर बांग्लादेश को दोनों टेस्ट मैच में पराजित किया था।

उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी इसी तरह का रवैया अपनाएगी, लेकिन परिस्थितियां एकदम से बदल गई और न्यूजीलैंड ने उसे तीनों मैच में करारी हार का स्वाद चखाया। इसके बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर चर्चा शुरू हो गई तथा हाल में रविचंद्रन अश्विन का अचानक संन्यास लेना भी इसी का परिणाम माना जा रहा है।

इस साल के आखिर में जय शाह आईसीसी के नए अध्यक्ष बने जिससे विश्व क्रिकेट में भारत के प्रभाव का भी पता चलता है। इस साल आईपीएल की नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित की गई जिसमें ऋषभ पंत (27 करोड़ रुपए) और श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़) सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी रहे।

अगर भारतीय महिला टीम के प्रदर्शन की बात करें तो वह टी-20 विश्व कप में शुरुआत में ही बाहर हो गई थी, लेकिन उसने हाल में वेस्टइंडीज को घरेलू टी-20 सीरीज में हराकर इसकी कुछ भरपाई की। यह पिछले पांच वर्षों में पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम ने घरेलू सीरीज जीती।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय क्रिकेटर अक्षर पटेल ने बेटे का नाम हक्ष पटेल रखा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने बेटे हक्ष पटेल की झलक दिखाई जिसे भारत की राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनाई गई। तीस वर्षीय क्रिकेटर




अक्षर ने दिल को छू लेने वाली तस्वीर साझा की जिसमें हक्ष पटेल अपने माता-पिता का हाथ थामे हुए हैं। हक्ष का जन्म 19 दिसंबर को हुआ था। अक्षर ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''वह अब भी लेग से ऑफ साइड को समझ रहा है, लेकिन हम उसे आप सभी से मिलवाने का इंतजार नहीं कर सकते। दुनिया हक्ष पटेल का स्वागत करो, भारत का सबसे छोटा, फिर भी सबसे बड़ा प्रशंसक और हमारे दिल का सबसे खास टुकड़ा।'' हक्ष अक्षर और उनकी पत्नी मेहा की पहली संतान हैं, जिनकी शादी जनवरी 2023 में हुई थी।

### ट्रैविस हेड का बुमराह के खिलाफ प्रदर्शन बल्लेबाजी का ऑस्ट्रेलियाई तरीका : चैपल

**मेलबोर्न।** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि ट्रैविस हेड वर्तमान समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं,



जिनका बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ प्रदर्शन उनके निडर दृष्टिकोण और बल्लेबाजी के ऑस्ट्रेलियाई तरीके का जीवंत उदाहरण है।हेड ने भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से 409 रन बनाए हैं और वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल का मानना है कि टेस्ट बल्लेबाज के रूप में हेड की सफलता के पीछे उनका सहज बने रहना और आक्रामकता है।

### खूबसूरती के लिए मशहूर पोनप्पा

**नई दिल्ली।** 35 साल की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा अपनी खूबसूरती के लिए पूरे देश में जानी जाती है। इस खिलाड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों और दक्षिण एशियाई खेलों में गुट्टा के साथ मिक्स डबल में स्वर्ण पदक जीता है।




### फ्रेंडस क्लब कातरा क्रिकेट टूर्नामेंट एक से 25 जनवरी तक होगा

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** फ्रेंड्स क्लब नेरवा द्वारा हर साल नेरवा में आयोजित किए जाने वाली ऊपरी शिमला के सबसे प्रतिष्ठित फ्रेंडस क्लब कातरा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष एक जनवरी से 15 जनवरी तक कॉलेज स्टेडियम नेरवा में किया जाएगा। इस वर्ष टूर्नामेंट का 25वां यानी सिल्वर जुबली संस्करण आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए आयोजकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक स्टार नाइट के आयोजन का निर्णय लिया है। स्टार नाइट दस से 15 जनवरी के बीच मौसम की स्थिति के आधार पर आयोजित की जाएगी, जिसमे नाटी किंग कुलदीप शर्मा धमाल मचाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल ने सीनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में जीते पांच पदक

**दशमी रावत, रोहडू।** पंजाब में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 रजत और एक कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश से कुल 24 खिलाड़ी, जिसमें 12 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल रही ने भाग लिया। विशाल (90 किग्रा भार वर्ग बिलासपुर) व भास्कर (60 किग्रा भार वर्ग मंडी) ने रजत पदक जीते। कुल्लू की मीना कुमारी (78 किग्रा) व चंबा के आदित्य (110 किग्रा) ने भी रजत पदक अपने नाम किया। अनुज (55 किग्रा बिलासपुर) ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम के हेड ऑफ डेलीगेशन हरदेव सिंह रहे जबकि कोच के रूप में मुकुल शर्मा व रूप सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। धनी राम टेक्नीकल आफीशियल के रूप में रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशल मुंगटा ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। (अनंत ज्ञान)

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला आज से

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में रोमांचक मुकाबले की संभावना

**एजेंसी, मेलबोर्न**

बारिश के देवता की कृपा और पुछल्ले बल्लेबाजों के साहसिक प्रदर्शन से ब्रिस्बेन टेस्ट को ड्रा करने से उत्साहित भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले खराब फॉर्म में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम को लेकर अनिश्चित बनी हुई है।

भारतीय कप्तान क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अभ्यास के लिए उतरने वाले आखिरी खिलाड़ी थे और कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अभी तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले लोकेश राहुल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को या तो मध्य क्रम में उतरना होगा या फिर उन्हें ध्रूव जुरेल के लिए जगह खाली करनी होगी। पांच मैच की टेस्ट सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। रोहित को 2019 में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था और तब से उन्होंने मध्यक्रम में खेलना बंद कर दिया था, लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल और पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल से पारी का आगाज करवाने के लिए उन्हें छठे नंबर पर उतरना पड़ा।

रोहित मध्यक्रम में असफल रहे और अभी तक तीन पारियों में उनके नाम पर केवल 19 रन दर्ज हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में


अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली।

उतारा जाता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम का संयोजन कैसा होगा।

भारतीय कप्तान से जब उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता न करें। हम वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा।'' दोनों कप्तानों का मानना है कि सीरीज के अभी तक के परिणाम से दोनों टीम के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का पता चलता है, लेकिन मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर चीजें तेजी से बदल सकती हैं।

भारत का ऑस्ट्रेलिया में यह पसंदीदा मैदान रहा है जहां उसने 2014 से कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। भारत ने यहां अपने पिछले जो टेस्ट मैच में जीत दर्ज की है, लेकिन इस बार तीन युवा धुरंधरों (यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल), आत्मविश्वास से भरे सलामी बल्लेबाज (केएल राहुल) और कुछ उम्रदराज दिग्गजों (विराट कोहली और रोहित) के साथ यह टीम बहुत आश्वस्त नहीं दिख रही है। ऑस्ट्रेलिया की टीम अतीत की तरह अब मजबूत दावेदार नजर नहीं आती है, लेकिन इसके बावजूद अगर भारत को एमसीजी पर अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कोहली को अपने अंदर का चैंपियन जगाना होगा तथा जब पैट कमिंस और मिशेल स्टॉर्क ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करके उनकी परीक्षा लेंगे तब इस स्टार बल्लेबाज को संयम बरतना होगा। जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नहीं नजर नहीं आता है क्योंकि स्थानीय खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड अपनी सटीक लेंथ और उछाल भरी गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

जायसवाल, गिल और पंत को अपनी अपेक्षाओं पर ही खरा उतरना होगा तथा बिना किसी दबाव के मैदान पर उतरना होगा जैसा कि कप्तान भी चाहते हैं। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो सभी की निगाहें इस पर टिकी होंगी कि टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का किस तरह से सामना करते हैं। वह इससे अच्छी तरह वाकिफ है कि बुमराह उनके पूर्ववर्ती नाथन मैकस्वीनी का करियर अधर में लटका चुके हैं।

**05** मैचों की टेस्ट सीरीज अभी तक 1-1 से बराबर

**21** विकेट के साथ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों में शीर्ष पर

**मैच : सुबह 5 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नीतिश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, तनुश कोटियन, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रूव जुरेल, देवदत्त पडिक्कल में से।

**ऑस्ट्रेलिया।** पैट कमिंस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लियोन, मिशेल स्टॉर्क और स्कॉट बोलैंड।

### खेल का आनंद ले कोंस्टास : कमिंस

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की चुनौतियों को अच्छी तरह से समझते हैं और



इसलिए उन्होंने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को ज्यादा नहीं सोचने और अपने खेल का पूरा आनंद लेने की सलाह दी है।

घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले कोंस्टास का भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करना तय है।

कमिंस से पूछा गया कि जब उन्होंने18 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था तो वह कैसा महसूस कर रहे थे तो उन्होंने कहा, ''मैंने कुछ समय तो यह सोचने में बिताया कि मैं यहां क्यों और कैसे हूं और यह सब कुछ इतनी जल्दी कैसे हो गया। मुझे याद है कि मैं वास्तव में काफी उत्साहित था और मुझे लगता है कि सैमी (कोंस्टास) के मामले में भी इस सप्ताह ऐसा होने वाला है।''

उन्होंने कहा, ''आप खेल में बने रहना चाहते हैं। आपको खेल पूरा आनंद लेना होता है और ज्यादा नहीं सोचना होता है। सैमी को भी मेरा यही संदेश है।

# सोलन को पहली पारी में बढ़त, मैच बेनतीजा

**संजीव पुरी, ऊना**

अंडर-14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊना और सोलन के बीच जेएनवी पेखुवेला में मुकाबला खेला गया, जिसमें सोलन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257/9 रन बनाकर पारी घोषित की। सोलन की तरफ से अयान शर्मा ने 121, समीर ने 35, उदयवीर ने 47 रनों की शानदार पारियां खेली। ऊना के गेंदबाज तेजस शर्मा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि समीर, वैभव शर्मा, सुमित संधू और आरव जायसवाल को एक-एक विकेट मिला।

इसके जवाब में ऊना की टीम 240 रनों पर आलआऊट हो गई। ऊना की तरफ से तेजस शर्मा ने 37, वैभव शर्मा ने 35, अक्षित राणा ने 53 रनों का योगदान दिया। सोलन के गेंदाबाज उदयवीर और अयान राणा ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि समर्थ ठाकुर को दो विकेट मिले। सोलन की टीम को पहली पारी के आधार पर बढ़त मिली, लेकिन मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया। (अनंत ज्ञान)



### हमीरपुर ने किन्नौर को पारी व 137 रनों से हराया

पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में किन्नौर और हमीरपुर के बीच में मुकाबला खेला गया, जिसमें हमीरपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 265/10 रन बनाए।

इसके जवाब में किन्नौर की टीम पहली पारी में 56 रनों पर आलआउट हो गई। दूसरी पारी में फॉलओन खेलते हुए किन्नौर की टीम 72 रन ही बना सकी। इस तरह से हमीरपुर की टीम ने इस मुकाबले को पारी पर 137 रनों से जीत कर पूरे अंक हासिल किए।

### चंबा के खिलाफ शिमला को पहली पारी में बढ़त

ऊना के इंदिरा स्टेडियम में चंबा और शिमला के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ था, जिसमें चंबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 215 रन बनाए। रघुवर ने 131 रनों की शानदार पारी खेली, ताबिश ठाकुर ने 12 रन बनाए, हेमांग बक्शी ने 10 रन बनाए, बाकी कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। शिमला के गेंदबाज सर्वेश ने सर्वश्रेष्ठ गेंद बाजी करते हुए चार खिलाड़ि यों को आउट किया, ए कालटा को दो विकेट मिले, आरव शर्मा और आर्य ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, दो खिलाड़ी रन आउट हुए। शिमला की टीम ने अपनी पहली पारी में 218 रन बनाए। संभव शर्मा ने 47 रन बनाए, नीरव ने 47 रन बनाए, आरव शर्मा ने 29 रन बनाए।

चंबा के गेंदबाज अभय शर्मा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि आदित्य ठाकुर को एक विकेट मिला। अथर्व ठाकुर, हिमांशु ने एक -एक खिलाड़ी को आउट किया। चंबा ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 23 रन बनाए। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया।

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बनाने पर

**एजेंसी, सेंचुरियन**

पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज जीतकर दक्षिण अफ्रीका की नजरें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्की करने पर लगी हैं।

दक्षिण अफ्रीका को लॉर्डस पर अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए इस चक्र के बाकी दो में से एक टेस्ट जीतना जरूरी है। कप्तान तेम्बा बावुमा को यकीन है कि उनकी टीम दो टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज में अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।

बावुमा ने कहा ,''अपेक्षाओं का दबाव तो है, लेकिन हम सीरीज 2-0 से जीतने के इरादे से उतरेंगे। हमें पता है कि इसके लिए एक टीम के रूप में हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' दक्षिण अफ्रीका ने टीम में

**पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच आज से**


फाइल फोटो

चार तेज गेंदबाजों को शामिल किया है, जिनमें 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले कोर्बिन बॉश अपने शहर में टेस्ट पदार्पण करेंगे। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मार्को जानसेन के साथ डेन पीटरसन और बॉश तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

पिछले छह साल में सेंचुरियन की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली है, जिन्होंने 227 विकेट लिए जबकि स्पिनरों को 16 विकेट ही मिले।

दक्षिण अफ्रीका को वनडे सीरीज में पाकिस्तान के हाथों 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी है। इससे उबरकर टेस्ट सीरीज में जीत की राह पर लौटना आसान नहीं होगा।

## रैंकिंग

ऑलराउंडर की सूची में रवींद्र जडेजा 424 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर

# बुमराह ने की अश्विन की बराबरी

**एजेंसी, दुबई**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रकेट परिषद (आईसीसी) की गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने रेटिंग अंक 904 पर पहुंचा कर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 94 रन देकर नौ विकेट लिए थे, जिससे उन्हें 14 रेटिंग अंक मिले। इससे उन्होंने न सिर्फ अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की बल्कि गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति भी मजबूत की।

बुमराह के पास अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अश्विन को पीछे छोड़कर नया भारतीय रिकार्ड बनाने का मौका होगा। अश्विन ने दिसंबर 2016 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इस ऑफ स्पिनर ने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।




दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (856) और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (852) भारतीय गेंदबाज के बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 825 रेटिंग अंक हैं। वह अभी इंग्लैंड के जो रूट (895) और हैरी ब्रूक (876) और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियम्सन (867) से पीछे बने हुए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने गाबा में तीसरे टेस्ट में अपने चार विकेट और 42 रन की बदौलत शीर्ष 10 में जगह बना ली है।

**904** पर पहुंचा रैंकिंग में अपने रेटिंग अंक को बुमराह ने, अश्विन ने 2016 में यह उपलब्धि हासिल की थी

# ऑस्ट्रेलिया की टीम ने एमसीजी पर परिवार के साथ मनाया क्रिसमस



परिवार के साथ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा।

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का नजारा किसी नर्सरी स्कूल के वार्षिक समारोह की तरह लग रहा था, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के बच्चों ने क्रिसमस के अवसर पर यहां खूब धमा चौकड़ी मचाई। भारत के खिलाफ 24 घंटे बाद शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने एमसीजी में अपने परिवार के साथ क्रिसमस का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की पत्नी बेकी और मिशेल मार्श की पत्नी ग्रेटा मौजूद थीं और उन्हें अपने बच्चों के साथ कुछ हल्के-फुल्के पलों का आनंद लेते देखा गया। स्टीवन स्मिथ के साथ उनके पिता पीटर भी थे।